दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 26 अप्रैल 2025 | शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 16 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

कहते हैं कि दुश्मन को ऐसी जगह मारना चाहिए जहां उसे पानी भी न मिले। भारत भी यही करने जा रहा है। सिन्धु जल समझौता स्थगित कर भारत ने पाकिस्तान को दिये जाने वाले पानी को रोककर उसे उसकी नानी याद दिला दी है। पहले से ही दाने-दाने को मोहताज पाकिस्तान अब बूंद-बूंद पानी के लिए तरसेगा। इससे बिलबिलाए पाकिस्तान ने कहा है कि अगर पाकिस्तान का पानी रोका गया तो इसे जंग का ऐलान समझा जाएगा। तो समझना। कर दिया है भारत ने जंग का आगाज। भारत भी देखेगा कितना जोर है बाजू-ए-कातिल में।

एसडीएम-तहसीलदार समेत 20 अफसरों के ठिकानों पर छापे

भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला

- **रायपुर में भारतमाला प्रोजेक्ट गड़बड़ी मामले**
- **निलंबित पटवारी लेखराम देवांगन के घर पर छापा पड़ा**

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतमाला प्रोजेक्ट गड़बड़ी मामले में ईओडब्ल्य और एसीबी की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। निलंबित पटवारी लेखराम देवांगन के घर पर छापा पड़ा है। सुबह 6.00 बजे से ईओडब्ल्यू /एसीबी की टीम घर के अंदर मौजूद है। भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी सामने आने के बाद लेखराम देवांगन को निलंबित किया गया था।

शुक्रवार सुबह से करीब 17 से 20 अधिकारियों के ठिकानों पर एक साथ रेड किया। दरअसल, किसानों को मिलने वाली मुआवजा राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर अफसरों और दलालों ने करोड़ों रुपयों की बंदरबांट की। घोटाले की

रकम करीब 43 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

मुआवजे की राशि में भी हुई गड़बड़ी : विधानसभा में मामला उठने के बाद ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पता चला कि, जमीन अधिग्रहण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन पर है गड़बड़ी का बड़ा आरोप

1.तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू2.तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे3.तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण4.पटवारी जितेंद्र साहू5.दिनेश पटेल6.लेखराम देवांगन 7.विजय जैन 8.हरमीत सिंह 9.मनजीत सिंह 10.आशीष दास 11.उमा तिवारी 12.केदार तिवारी 13.रोशन वर्मा।

कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को किया गया था सस्पेंड

कुछ दिनो पहले ही रायपुर-विशाखापट्नम तक बन रही (वाइजैग) इकोनॉमिक कॉरिडोर में घोटाले के उजागर होने के बाद कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को सस्पेंड किया गया था। इसके पहले जगदलपुर निगम कमिश्नर निर्भय साहू को भी सस्पेंड किया गया था। शशिकांत और निर्भय पर जांच रिपोर्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के राजा इकबाल बने दिल्ली के मेयर

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली नगर निगम में मेयर चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए। भाजपा पार्षद राजा इकबाल सिंह दिल्ली के नए महापौर चुने गए,

उन्होंने कांग्रेस के मनदीप सिंह को 125 वोट से हराया। चुनाव में 142 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिसमें से एक वोट अवैध पाया गया। कांग्रेस को अपने पार्षदों की संख्या के अनुसार आठ वोट प्राप्त हुए, वहीं राजा इकबाल सिंह को 133 वोट प्राप्त मिले।

किसकी थी कैसी स्थिति : इस बार का चुनाव विशेष रूप से दिलचस्प रहा, क्योंकि सत्तारूढ़ आप ने इन पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल नहीं करवाया था। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया से बहिष्कार भी कर दिया था। दोनों पदों के लिए विपक्षी दल भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों के बीच मुकाबला था। एमसीडी सदन में भाजपा के पास 135 वोट हैं, जबकि कांग्रेस के पास केवल आठ वोट हैं। आप के पास 119 वोट हैं।

जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव के बीच सेना प्रमुख पहुंचे श्रीनगर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को कश्मीर पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना

प्रमुख के आगमन के तुरंत बाद उन्हें सेना के श्रीनगर स्थित 15 कोर कमांडर ने सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में हमले के मद्देनजर आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में जानकारी दी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे और एक नेपाल का नागरिक था। सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन के बारे में भी जानकारी दी गई। सेना प्रमुख के श्रीनगर पहुंचने से कुछ घंटे पहले ही कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से छोटे हथियारों से गोलीबारी हुई।सेना प्रमुख श्रीनगर में व्यापक सुरक्षा समीक्षा भी करेंगे। उनके पहलगाम के पास बैसरन क्षेत्र का दौरा करने की भी संभावना है, जहां पर्यटकों पर हमला हुआ था। वह हमलावरों का पता लगाने के लिए मंगलवार को शुरू किए गए अभियान की समीक्षा भी करेंगे।

मानवाधिकार आयोग ने पहलगाम हमले की निंदा की

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा 28 लोगों की हत्या की कड़ी आलोचना करते हुए उम्मीद जतायी है कि सरकार इस मामले में जवाबदेही तय करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी , अपराधियों को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जायेगा और पीड़ित परिवारों को हर संभव तरीके से सहायता प्रदान की जायेगी। आयोग ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि वह पहलगाम में 22 अप्रैल को धर्म की पहचान के बाद 28 लोगों की हत्या किये जाने से व्यथित है।

डरा पाकिस्तान, भारत ने दिया करारा जवाब

पड़ोसी मुल्क की सेना ने नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

श्रीनगर (ए.)। नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की ओर से फायरिंग की गई। गोलीबारी छोटे हथियारों के जरिए की गई। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना ने इसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सेना से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सेना ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

सीसीएस बैठक के अहम फैसले : इससे पहले पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया था। इसके साथ ही एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया था। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति देने पर रोक लगा दी गई थी। भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया।

संरा महासचिव ने भारत, पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली (वार्ता) । पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बढ़ती कड़वाहट के बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि स्थिति और न बिगड़े। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को दैनिक प्रेस वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हालांकि संयुक्त राष्ट्र महासचिव का दोनों देशों में से किसी के साथ कोई सीधा संपर्क नहीं है, फ्लेकिन मैं पुष्टि कर सकता हूं कि वह स्थिति पर बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र 21 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने में बहुत स्पष्ट है जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। उन्होंने कहा, हम दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने में बहुत स्पष्ट थे, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से तनाव

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान डरा हुआ है। वह भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से छटपटा रहा है। इस बीच पड़ोसी मुल्क की ओर से फायरिंग की गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया

एक सूत्र ने बताया कि नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तान की ओर से छोटे हथियारों से गोलीबारी की घटनाएं हुईं। गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में दो हजार पाकिस्तानी नागरिक

गृहमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस एक्टिव

रायपुर/नवप्रदेश । पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से आए सभी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया था. इस निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ में भी पाकिस्तानी नागरिकों की जांच शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में करीब 2000 लोग पाकिस्तान से आए हैं, जिनमें से 1800 अकेले रायपुर में रह रहे हैं। इनमें 95प्रतिशत सिंधी समाज के लोग हैं, जबकि शेष मुस्लिम हैं। पुलिस अब इनके वीजा और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है कि इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समय सीमा से अधिक समय तक भारत में न रहे।

दीर्घकालिक वीजा धारकों को राहत, अन्य को जाना होगा : केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिंदू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नागरिकता और नए घर सड्डू, महावीरनगर में बस्तियां

छत्तीसगढ़ में पाकिस्तानी मूल के कई सिंधी लोगों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है, लेकिन कुछ अभी भी इसके लिए इंतजार कर रहे हैं। रायपुर के सड्डू, महावीरनगर, बोरियाकला, और माना रोड जैसे इलाकों में इन लोगों ने अपने घर बना लिए हैं। अब पुलिस और प्रशासन नए सिरे से इनकी सूची तैयार कर रहा है, ताकि उनकी नागरिकता और वीजा स्थिति का सत्यापन किया जा सके। जिन्हें अभी नागरिकता नहीं मिली, उनकी पहचान भी की जा रही है।

शादी में बूंदी और खाना खाने से 96 बीमार

- **69 बच्चे, 5 गंभीर; बिलासपुर और कोरबा में चल रहा इलाज**

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसमा गांव के पहरी पारा में आयोजित एक विवाह समारोह में पालिथीन में पैक सेव बूंदी खाने के बाद 96 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। इनमें 69 बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें उल्टी-दस्त लगने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी मिलते ही डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्काल उपचार शुरू किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल सभी का उपचार जारी है। डीन डॉ. केके सहारे ने जानकारी दी कि सभी मरीज अब खतरे से बाहर हैं और 24 घंटे ऑब्जरवेशन में रखने के बाद डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे: घटना की जानकारी मिलने पर कोरबा सीएसपी भूषण एक्का समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में वितरित सेव-बूंदी का स्वाद अजीब था, खाने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने लगी। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

संसद से पारित कानून संवैधानिक तौर पर वैध, रोक नहीं लगा सकते

- **वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का हलफनामा**

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि इस कानून पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसकी संवैधानिकता पर पूर्वधारणा है। 1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने दायर किया हलफनामा

केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है, मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता के पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए। इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। बता दें कि, यह हलफनामा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू-कश्मीर : बांदीपोरा में मुठभेड़ में 2 पुलिसकर्मी घायल

श्रीनगर,(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के अजस जंगल में तड़के शुरू हुई मुठभेड़ अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बल एक ठिकाने की ओर बढ़े, आतंकवादियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया, शुरुआती गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि, पुलिस ने अभी तक अपने किसी भी जवान के घायल होने की पुष्टि नहीं की है।सेना ने शुक्रवार को बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद बांदीपोरा के कोलनार अजस में पुलिस के साथ संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया।

ऑपरेशन ऑल आउट को तुरंत रोकने की मांग

- **चारों तरफ से घिरने के बाद बैकफुट पर आए नक्सली**

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर और तेलंगाना बॉर्डर के करेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में सीआरपीएफ के नेतृत्व में चार दिन से जारी ऑपरेशन ऑल आउट का नतीजा सामने आने लगा है। चारों तरफ से घिरने के बाद नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने सीआरपीएफ सहित विभिन्न बलों के संयुक्त ऑपरेशन को तुरंत प्रभाव से रोकने की मांग की है। उत्तर पश्चिम सब जोनल ब्यूरो, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी

(माओवादी) के प्रभारी रूपेश ने शुक्रवार को इस बाबत एक पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि बीजापुर-तेलंगाना सीमा पर एक बड़ा सैन्य अभियान लांच किया गया है। इस अभियान को तुरंत रोकना चाहिए। सभी बलों को वापस बुला लेना चाहिए।

पत्र के मुताबिक, सभी लोग चाहते हैं, समस्या का समाधान शांति वार्ता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहाड़ियों में माओवादियों ने बना रखा है बेस कैंप

यहां पर घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच माओवादियों ने अपनी शीर्ष बटालियन का बेस तैयार कर रखा है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लंबे समय से इस बेस पर नजर रखी जा रही थी। नक्सलियों के टॉप लीडर और कमांडर, इस बेस पर आते जाते रहे हैं। यहां से ही सुरक्षा बलों के खिलाफ कई बड़े अभियानों का संचालन किया गया था। सूत्रों का कहना है कि नक्सलियों के खिलाफ इस अभियान को शुरु करने से पहले सीआरपीएफ के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पुलिस के बड़े अधिकारियों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुखद खबर ... *मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियों से मिला वित्तीय स्वावलंबन*

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण हुआ कर्जमुक्त

- **अब विकास को मिलेगी और तेज गति**

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर से एक प्रेरणादायक और सुखद खबर सामने आई है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, जिसे पहले एनआरडीए के नाम से जाना जाता था, अब पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। प्राधिकरण ने 1788 करोड़ रुपये का सारा कर्ज़ चुका दिया है, जो कि भारत सरकार और कई राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया गया था। साथ ही 100 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी भी अब राज्य सरकार को लौटा दी है। इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु

देव साय की नीतियों, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी प्रशासन को जाता है। यह कदम नवा रायपुर को अधोसंरचना विकास और नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार होगा।

नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ की आधुनिक और नियोजित राजधानी, के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लिया गया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सभी संपत्तियाँ अब बंधनमुक्त हो गई

ऋणमुक्ति के साथ, प्राधिकरण की सभी संपत्तियाँ अब बंधनमुक्त हो गयी है, जिससे उनका उपयोग और क्रय-विक्रय आसान होगा। इससे नगदी प्रवाह बेहतर होगा और अधोसंरचना, सार्वजनिक सेवाओं और नई परियोजनाओं को तेजी से लागू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम नवा रायपुर को मेडिकल टूरिज्म और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाएगा। नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की यह उपलब्धि वित्तीय अनुशासन और रणनीतिक नियोजन का एक अनुकरणीय उदाहरण है। यह देश के अन्य शहरी विकास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन

- **84 वर्ष की उम्र में बंगलूरू में ली अंतिम सांस**

बंगलूरू (ए.)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन हो गया। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बंगलूरू में अंतिम सांस ली। वे 84 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा।

पूर्व इसरो प्रमुख के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया। पीएम मोदी ने कहा कि के कस्तूरीरंगन ने इसरो में बहुत परिश्रम से काम किया और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने के लिए भारत हमेशा डॉ. कस्तूरीरंगन का आभारी रहेगा।

'यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है', पहलगाम आतंकी हमले पर बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत



बई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि यह किसी पंथ या संप्रदाय की लड़ाई नहीं है। अभी जो लड़ाई चल रही है यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है। उन्होंने मुंबई में आयोजित पंडित दीनानाथ मंगेशकर की 83 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए यह बात कही।

असुरों का अंत करना है तो अष्टभुजाओं की शक्ति होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि हमारे यहां धर्म पूछकर किसी को नहीं मारा जाता लेकिन कट्टरपंथियो ने पहलगाम में जो उत्पात किया, धर्म पूछकर मारा, हिंदू कभी ऐसा नहीं करेगा। लेकिन अपने संप्रदाय को लेकर गलत मतलब निकालने वाले कट्टरपंथी ऐसा करेंगे इसलिए देश ताकतवर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना से हम सभी दुखी हैं, सबका मन दुखी है, सब परिवार जनों के दुख में हम सब सहभागी हैं। लेकिन हमारे मन में गुस्सा है और होना भी चाहिए क्योंकि असुरों का अंत करना है तो अष्ट भुजाओं की शक्ति होनी ही चाहिए।

कुछ ऐसे लोग हैं जो नहीं सुधरते

उन्होंने आगे कहा 'सृष्टि की कुछ चीजे हैं जिसको सुधारना पड़ता है, लेकिन सृष्टि में कुछ ऐसे लोग हैं जो नहीं सुधरते है क्योंकि जो शरीर बुद्धि मन उन्होंने धारण किया है उसमें अब परिवर्तन संभव नहीं है।' संघ प्रमुख ने उदाहण देते हुए कहा, 'जैसे रावण वेद शास्त्र संपन्न था लेकिन जो शरीर उसने धारण किया था उसमें वो बदलने को तैयार नहीं था, मतलब जब तक रावण दूसरा जन्म नहीं लेता, ये शरीर नहीं छोड़ता, तब तर्कों से सुधरेगा नहीं, मतलब रावण सुधरना चाहिए इसलिए श्री राम ने उसका वध किया।'

दुष्ट लोगों का वध होना चाहिए

हम लोग ऐसे ही हैं जो सबको स्वीकार करते हैं। सब अच्छे हैं। लेकिन हमारे देश की सेना है क्यों सेना है? अगर हम सोच ले कि अब सेना की जरूरत नहीं है, कोई युद्ध नहीं होगा। अगर गफ्लत में रहे तो 1962 में प्रकृति ने हमें एक पाठ सिखाया। अब हम रक्षा के बारे में एक से बढ़कर एक अच्छा होने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए ऐसे दुष्ट लोगों का वध होना चाहिए। पहलगाम की घटना से क्रोध है और अपेक्षा भी है। अपेक्षा पूरी होगी मुझे ऐसा लगता है। हम लोग ऐसे ही है सबको स्वीकार करते है सब अच्छे है लेकिन हमारे देश की सेना है क्यों सेना है ,हम सोच ले कि अब सेना की जरूरत नहीं है अब सेना की कोई जरूरत नहीं है कोई युद्ध नहीं होगा और अब गफ्लत में रहे तो 1962 में प्रकृति ने हमें एक पाठ सिखाया अब हम रक्षा के बारे में एक से बढ़कर एक अच्छा होने की कोशिश कर रहे है ऐसे दुष्ट लोगों का वध होना चाहिए क्रोध है और अपेक्षा भी है मुझे और अपेक्षा पूरी होगी ऐसा लगता है मुझे।

तिरछी नजर करके देखने की किसी की हिम्मत नहीं होगी

संघ प्रमुख ने एकता पर जोर देते हुए कहा, 'कलियुग में संघ शक्ति का मतलब होता है एकत्र होना, साथ रहना ही एक शक्ति है। और ऐसे समय में जो संताप होना चाहिए उसमें कोई जात-पात, धर्म संप्रदाय नहीं देखता। कहीं से भी किसी भी प्रांत से ऐसी बात आई नहीं। मूल बात ये है कि सब भूलकर हम देश की प्रतिष्ठा के लिए खड़े हैं। ये स्वभाव से होता है। अगर ऐसा हुआ तो तिरछी नजर करके देखने की किसी की हिम्मत नहीं होगी और किसी ने देखा तो उसकी आंख भी फूटेगी

उन्होंने कहा, 'अपने अगल बगल के लोगों को देखना चाहिए कि उसमें अच्छी बात कौन सी है। अच्छी बातें हमको बड़ा करेंगी। ऐसा प्रोत्साहन देना चाहिए हमें अपने मित्र को। मतलब साफ है कि जो रावण नहीं है वो सब अच्छे थे और जो रावण है उसे भगवान राम देख लेंगे। अभी ऐसा प्रसंग होता है कि कुछ होता है तो हम उत्तर देते हैं। दमदार उत्तर देते हैं। इस बार भी ऐसा ही उत्तर मिलेगा ऐसी अपेक्षा हम करते हैं। परंतु ऐसा प्रसंग हो फिर हम उत्तर दें, ऐसा होने का क्यों?..ऐसा प्रसंग हो ही न।'

सभी राज्य को गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें, उन्हें वापस भेजें

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा है कि अपने राज्य में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजें। सूत्रों के अनुसार गृहमंत्री शाह ने शुक्रवार को सभी मुख्यमंत्रियों बात की और उन्हें अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश वापस भेज दिया जाए।

पहलगाम में पाकिस्तान प्रयोजित आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के सभी प्रकार के वीजा को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया गया है। शाह ने मुख्यमंत्रियों से लोगों की शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को भी कहा है।

पहलगाम हमले के बाद लिया फैसला

पत्र में कहा गया है, "इन बदलावों में जनसंख्या में महत्वपूर्ण बदलाव, स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता और संधि के तहत जल बंटवारे में अन्य बदलाव शामिल हैं।" जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कदम 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन मैदान में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के बाद उठाया गया है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

सिंधु जल समझौते पर बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अपने आवास पर सिंधु जल संधि को लेकर एक बैठक भी करेंगे। इस बैठक में गृह मंत्री और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के अलावा अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार भारत ने सिंधु जल संधि के निलंबन के बारे में पाकिस्तान को औपचारिक तौर पर लिखित रूप से सूचित कर दिया है। भारत ने संधि में बदलाव के लिए नोटिस जारी किया है।

पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार ने संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान सरकार को नोटिस दिया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि संधि के कई मूलभूत पहलू बदल गए हैं और उन पर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

भारत ने पाकिस्तान से क्या कहा?

भारत ने अपने पत्र में कहा कि है कि जनसंख्या में परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा का विकास और जल वितरण से संबंधित विभिन्न कारक जिनका संधि में जिक्र है, वे बदले हैं। भारत की तरफ से कहा गया है कि किसी भी संधि को सद्भावनापूर्वक लागू किया जाना चाहिए, लेकिन पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पत्र में कहा गया है कि भारत ने संधि के अनुच्छेद XII (3) के तहत 1960 की सिंधु जल संधि (संधि) में संशोधन की मांग करते हुए पाकिस्तान सरकार को नोटिस भेजा है। पत्र में कहा गया है कि संधि के निष्पादन के बाद परिस्थितियों में मूलभूत परिवर्तनों के कारण संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।

पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा : अजित पवार

पुणे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का बदल लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। अजित पवार ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों की याद दो मिनट का मौन रखा। अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के कई लोग वहां पर्यटन के लिए गए थे। कुछ लोगों को इस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि इस घटना का बदला कब लिया जाएगा पूरा देश इंतजार कर रहा है। जैसे को तैसा उत्तर कब दिया जाएगा, इन सभी बातों पर विचार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में फंसे पर्यटकों को वापस लाने का काम कर रहे हैं। खुद एकनाथ शिंदे और गिरीश महाजन वहां मौजूद हैं। हम उनके संपर्क में हैं। अजित पवार ने कहा कि यह हमला इतना भयानक था कि पूरी दुनिया ने इस घटना का संज्ञान लिया है। निश्चित रूप से आपके और हमारे मन में यह है कि इस घटना का बदला लेना है और बदला लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा। बता दें कि 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के पास एक पर्यटन केंद्र में आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें 26 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले में मारे गए लोगों में महाराष्ट्र के छह लोग भी शामिल हैं।

30 वर्षों से आतंकियों को फंडिंग दे रहे हैं फ्लो-फ्लो में पाक रक्षा मंत्री ने उगला सच

इस्लामाबाद। पाकिस्तान आतंकवादियों को फंडिंग करता है और पाकिस्तान ही आतंकवाद का सरपरस्त है, ये बात खुद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने स्वीकार कर ली है. पाकिस्तान की सच्चाई दुनिया के सामने आ गई है. रक्षा मंत्री ने खुद स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों का समर्थन करता है और उन्हें फंड करता है। इस पर ख्वाजा आसिफ ने जवाब दिया कि हम करीब तीस वर्षों से अमेरिका के लिए ये गंदा काम कर रहा हैं. ब्रिटेन सहित अन्य पश्चिमी देशों के लिए हम ये कर रहे हैं. ये एक गलती थी. हमें इसके लिए भुगतना पड़ा है. इसलिए आप लोग मुझसे ये करने के लिए कह रहे हैं. हम अगर सेवियत संघ के खिलाफ हुए युद्ध में और 9/11 के बाद हुए युद्ध में शामिल नहीं होते तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड साफ होता है। इंटरव्यू में ख्वाजा ने साफ किया कि हम भारत के साथ युद्ध करने के लिए पूरी करह से तैयार हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का पढ़िए कुबूलनामा

सोशल मीडिया पर एक क्लिप सामने आई है, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री एक विदेशी न्यूज चैनल को इंटरव्यू दे रहे हैं। इस दौरान, महिला पत्रकार ने रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से पूछा कि क्या आप स्वीकार करते हैं कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, ट्रेनिंग और फंडिंग करने का लंबा इतिहास रहा है।

पाकिस्तानी नेता ने एक दिन पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर भारत की ओर से युद्ध की स्थिति पैदा की जाती है तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे. हम जवाब देने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम हैं. हमें उम्मीद है कि भारत इस बार कोई गैर जिम्मेदाराना हरकत नहीं करेगा. भारत ने हम पर अगर कोई हमला किया तो पाकिस्तान उसका जवाब ढंग से दे सकता है।

'फलस्तीन के बारे में पूछा फिर गोली मार दी', आतंकियों ने लाश से साथ सेल्फी ली

नई दिल्ली। पहलगाम हमले में मारे गए सुशील की पत्नी जेनिफर ने बताया कि आतंकियों ने पति के शव के साथ सेल्फी ली. उन्होंने पति से फलस्तीन के बारे में भी सवाल किया। पहलगाम में हुए टार्गेट किलिंग की एक दिल दहला देने वाली कहानी सामने आई है. घटना में मृतकों में एक ईसाई व्यक्ति भी शामिल है। मृतक सुशील नाथनियल की पत्नी जेनिफर ने एक दिल दहलाने वाली घटना बताई। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने गोली मारने के बाद मेरे पति की लाश के साथ सेल्फी ली। उन्होंने मुझे भी लात मारी, जिससे पता चल जाए कि मैं जिंदा हूं या मर गई। पत्नी जेनिफर ने बताया कि उनके पति के ईसाई होने की जानकारी मिलते ही आतंकवादियों ने उनसे पूछा कि फलस्तीन के बारे में पता है न.

आंतकियों ने मुझे भी लात मारी

इसके बाद तुरंत उन्होंने सुशील को गोली मार दी। जेनिफर ने बताया कि मैं इससे बहुत डर गई थी. मैं चिल्लाना चाहती थी. मैं अपने पति के पास भागना चाहती थी. उन्हें गले लगाना चाह रही थी लेकिन मैं हिल ही नहीं पाई. मेरे हाथ-पैर ठंडे पड़ गए। सुन्न हो गए। मेरी आवाज थम गई थी। मैं डर के मारे अपनी आंखें बद कर लीं थीं। सांसे रोक ली थी।

न्यूज गैलरी

सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को गिरफ्तार किया है। मेधा पाटकर की गिरफ्तारी दिल्ली के निज़ामुद्दीन से की गई है। मेधा के खिलाफ कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। साकेत कोर्ट में उन्हें आज पेश किया जाएगा। साकेत कोर्ट ने बुधवार को मेधा पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। उन पर मानहानि मामले में प्रोबेशन बॉन्ड जमा करने और 1 लाख रुपये का जुर्माना भरने के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की मानहानि के केस में मेधा पाटकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोर्ट ने उन्हें पहले तीन महीने की सजा दी थी, लेकिन उम्र और सेहत को देखते हुए जेल से राहत दी और प्रोबेशन पर छोड़ दिया था। शर्त थी कि उन्हें मुआवजे के 10 लाख रुपये देने होंगे और कोर्ट के आदेशों का पालन करना होगा। लेकिन मेधा पाटकर ने न तो मुआवजा जमा किया और न ही कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उन्हें 23 अप्रैल को हाजिर होने को कहा था, लेकिन वो हाईकोर्ट के आदेश का बहाना बनाकर नहीं आईं। इसके बाद कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है और 3 मई तक कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया।

पुलिस विमान समुद्र में गिरा, छह की मौत

बैंकॉक(आईएएनएस)। थाईलैंड के हुआ हिन रिसॉर्ट शहर में शुक्रवार सुबह पुलिस विमान क्रैश हो गया। हादसे में छह लोगों की जान चली गई। थाई राष्ट्रीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर बताया कि पुलिस विमानन विभाग का विमान हुआ हिन हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद फेत्चाबुरी प्रांत के चा-आम जिले के पास समुद्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी छह लोग मारे गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई, जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भर रहा था। विमान में सवार सभी छह लोग पुलिस अधिकारी थे। पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि विमान समुद्र में गिर रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद प्लेन के इंजन में खराबी आ गई।

गाजा में इजरायली सैनिक की मौत

यरूशलेम(वार्ता)। इजरायली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में स्नाइपर की गोली से एक इजरायली टैंक चालक की मौत हो गई। सेना कहा कि सैनिक मचैट्ज़ बख्तरबंद ब्रिगेड की 79वीं बटालियन में सेवारत था, उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारा गया, साथ ही कहा कि उसके परिवार को उसकी मौत की सूचना दे दी गई है। मारे गए सैनिक का नाम अभी तक प्रकाशन के लिए मंजूरी नहीं दी गई है। इसके अलावा, याहलोम यूनिट का एक अधिकारी और उसी बटालियन का एक रिजर्विस्ट घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया।

आतंकी आदिल और आसिफ का घर उड़ाया, आदिल की जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम घोषित

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार ने पूरे देश को झकझोर दिया है। 26 लोगों की मौत 17 लोग इस आतंकी हमले में घायल हो गए. हालांकि इसके बाद से ही भारत सरकार एक्शन मोड में है और लगातार आतंकियों की कमर तोड़ने के साथ उन्हें मुंहतोड़ जवाब भी दिया जा रहा है. इसी कड़ी में हमले के दो दिन बार सुरक्षाबलों ने बड़ा एक्शन लेते हुए आतंकी आसिफ शेख और आदिल हुसैन के घरों को तबाह कर दिया. आसिफ के घर को जहां बम से उड़ाया गया है वहीं आदिल के घर पर बुलडोजर चलाया गया। बता दें कि पहलगाम हमले के आतंकी आदिल हुसैन को लेकर जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से भी एक्शन लिया गया है. सर्च ऑपरेशन के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आदिल की वांटेड घोषित किया है. यही नहीं आदिल की जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की गई है। इसको लेकर बकायदा जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से पोस्टर भी जारी किया गया है. इस पोस्टर में आदिल का स्केच भी शामिल है। बता दें कि आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं. इससे पहले ही दो आतंकियों के खिलाफ बड़ा एक्शन देखने को मिला है. इसके अलावा एनआईए की टीम ने भी गुरुवार को हमले वाली जगह से लेकर अन्य जगहों की बारिकी से जांच की है. एनआईए भी इस हमले से जुड़े अहम सुराग तलाशने में जुटी है।

हमले के आतंकियों ने वीडियो जारी किया

त्राल में सुबह ही जम्मू-कश्मीर पुलिस आतंकी आसिफ के घर पहुंची और घर में विस्फोटकों का जखीरा था. इसमें जोरदार धमाका हुआ. इसके अलावा एक आतंकी जिसका नाम आदिल हुसैन है उसकी भी पहलगाम हमले में संलिप्तता पाई गई थी उसके घर को बुलडोजर से ढहाया गया। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद आतंकियों ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें वह सुरक्षा एजेंसियों को चुनौती देते नजर आ रहे थे।

पंजाब : पाकिस्तानी रेंजरस ने बीएसएफ के जवान को पकड़ा

पंजाब। पंजाब के फिरोजपुर मे पाकिस्तानी रेंजरस ने एक बीएसएफ के जवान को पकड़ा है. पूनम कुमार साहू कोंस्टेबल अपनी ड्यूटी कर रहा था. बी.ओ.पी जल्लोके थाना ममदोत जिला फिरोजपुर में वह ड्यूटी कर रहा था. जवान के पास दृ्न 47 राइफल जब्त कर ली गई. जवात किसानो की निगरानी के लिए ड्यूटी कर रहा था। कुछ दिन पहली ही नई पोस्टिंग हुई थी, यहां उसे ज्यादा बॉर्डर के बारे मे जानकारी नहीं थी. फिलहाल पाकिस्तान रेंजरस के साथ फ्लैग मीटिंग करने की कोशिश की जा रही है। आपको बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच माहौल काफी तनाव पूर्ण बना हुआ है. भारत ने पाकिस्तान पर कुछ पाबंदियां लगाई हैं।

इस दौरान बीएसएफ जवान गलती से सीमा पार करके पाकिस्तान की सीमा चले जाने की घटना से सरकार चिंतित है। बीएसएफ ने अभी तक इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी है. लेकिन फ्लैग मीटिंग अभी तक जारी है। ऐसी उम्मीद है कि जल्द ही कोई हल निकलेगा।

सुप्रीम राहत ... *कोर्ट ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए*

राहुल को गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। राहुल को उनके खिलाफ दायर वीडी सावरकर मानहानि मामले में समन किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को विनायक दामोदर सावरकर पर उनकी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश में उनकी टिप्पणी के लिए दर्ज मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राहुल गांधी को भविष्य में इस तरह के कोई भी बयान न देने की चेतावनी भी दी, क्योंकि शीर्ष अदालत इस तरह की टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान ले सकती है। पीठ ने कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या राहुल गांधी जानते हैं कि महात्मा गांधी भी अंग्रेजों के साथ अपने संवाद में आपका वफादार सेवक जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते थे।

'किसी भी अन्य बयान पर स्वत: संज्ञान लिया जाएगा'

न्यायाधीश ने कहा कि तो स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान न दें। आपने कानून के बारे में अच्छी बात कही है, आप इस पर रोक लगाने के हकदार हैं। हम इस पर कुछ नहीं कह रहे हैं। पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए किसी भी अन्य बयान पर स्वतः संज्ञान लिया जाएगा। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में और कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने हमें स्वतंत्रता दिलाई है और हम उनके साथ ऐसा व्यवहार करते हैं? यह सही तरीका नहीं है।

जब सिंघवी ने तर्क दिया कि राहुल के खिलाफ शत्रुता और सार्वजनिक उत्पात को बढ़ावा देने के आरोप नहीं बनते तो पीठ ने टिप्पणी की, 'आप बहुत आज्ञाकारी हैं, क्या आपके मुवक्किल को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय 'आपका वफादार सेवक' शब्द का इस्तेमाल किया था? क्या महात्मा गांधी को केवल इसलिए 'अंग्रेजों का सेवक' कहा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने वायसराय को 'आपका सेवक' कहकर संबोधित किया था। उन दिनों मैंने भी देखा है, कलकत्ता उच्च न्यायालय के हमारे न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश को 'आपका सेवक' लिखकर संबोधित करते थे।' न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, 'क्या आपके मुवक्किल को पता है कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) जब प्रधानमंत्री थीं, तो उन्होंने भी इन्हीं सज्जन (सावरकर) की प्रशंसा करते हुए एक पत्र भेजा था?'

सिंघवी की दलील पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

सिंघवी ने अदालत से कोई टिप्पणी न करने का आग्रह किया और कहा कि राहुल गांधी का समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने का कोई इरादा नहीं था। पीठ ने पलटवार करते हुए कहा, 'आप स्वतंत्रता सेनानियों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं करते। जब आपको भारत के इतिहास के बारे में कुछ भी पता नहीं है, तो आपको ऐसी कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।' न्यायमूर्ति दत्ता ने आगे कहा कि वह एक राजनीतिक दल के नेता हैं और आप इस तरह की टिप्पणी क्यों करेंगे। आप महाराष्ट्र जाइए, वहां उनकी (सावरकर की) पूजा होती है। ऐसा मत कीजिए।

अतिरिक्त तहसीलदार के घर एसीबी की छापा, गहन तलाश जारी

भारतमाला प्रोजेक्ट से जुड़ा मामला, दस्तावेजों की जांच कर महत्वपूर्ण फाइलें भी जब्त की गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतमाला प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार को लेकर आज बिलासपुर में पदस्थ तहसीलदार लखेश्वर ध्रुव के निवास पर एसीबी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। शहर में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भारतमाला प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त तहसीलदार लखेश्वर ध्रुव के निवास पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह प्रारंभ हुई और अब तक जारी है।

सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान एसीबी की 6 से अधिक अधिकारियों की टीम मौके पर मौजूद रही। टीम ने लखेश्वर ध्रुव के बिलासपुर स्थित आवास की गहन तलाशी ली। इस दौरान दस्तावेजों की जांच की गई और कुछ महत्वपूर्ण फाइलें भी जब्त की गई हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई भारतमाला प्रोजेक्ट से संबंधित भूमि अधिग्रहण में संभावित गड़बड़ियों को लेकर की गई है। लखेश्वर ध्रुव पूर्व में रायपुर में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ थे और वर्तमान में वे बिलासपुर में अतिरिक्त तहसीलदार के रूप में कार्यरत हैं। कार्रवाई के दौरान उनके परिजनों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन अधिकारी अपनी कार्रवाई में जुटे रहे और दस्तावेजों की छानबीन करते रहे। छापेमारी के दौरान परिजनों द्वारा विरोध किए जाने की खबरें भी सामने आई हैं, लेकिन इसके बावजूद टीम ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए जांच जारी रखी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई उच्चस्तरीय आदेशों के अंतर्गत की जा रही है और इसमें कोई व्यक्तिगत उद्देश्य नहीं है।

भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी की आशंका

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत देशभर में सड़कों और हाईवे नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान भ्रष्टाचार की आशंका पहले भी सामने आती रही है। बिलासपुर में हुई यह कार्रवाई भी इसी संदर्भ में की गई प्रतीत होती है। एसीबी की टीम अब तक क्या-क्या दस्तावेज जब्त कर चुकी है और कौन-कौन से पहलुओं की जांच कर रही है। इस बारे में आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में इस मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं।

■ न्यूज गैलरी

रजिस्ट्री के साथ जमीन का स्वचालित नामांतरण, पंजवानी ने सीएम साय व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा अध्यक्ष किशोर पंजवानी सचिव हीरानन्द जेयसिह महामंत्री आशीष अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत पांडे सिंहदेव ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राजस्व मंत्री टकराम वर्मा को रजिस्ट्री के साथ जमीन का स्वचालित नामांतरण किए जाने पर आभार व्यक्त किया। कैट के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा अध्यक्ष किशोर पंजवानी ने बताया कि रजिस्ट्री के साथ जमीन का स्वचालित नामांतरण किए जाने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन की खरीद फरोख्त के बाद नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। राज्य सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर तहसीलदारों से नामांतरण का अधिकार छीन लिया है।

कॉल सेंटर में 1 लाख 56 हजार शिकायतें मिलीं, जिनका त्वरित किया गया निवारण

भीषण गर्मी में बिजली की बढ़ी मांग, सात हजार मेगावॉट पार

बिलासपुर/रायपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। पिछले साल मई में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी जो इस साल अप्रैल में ही 10 प्रतिशत बढ़कर 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई।*

भारी मांग के चलते आम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न आए इसके लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी द्वारा पीक ऑवर्स में ऊंचे दाम पर भी बिजली खरीद कर निर्धारित दर पर ही आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक मांग के कारण विद्युत प्रणाली पर भारी दबाव होता है। जिसके कारण विगत 15 दिनों में केंद्रीकृत कॉल सेंटर में कुल 65 लाख उपभोक्ताओं में से 1 लाख 56 हजार शिकायतें दर्ज की गई जिनका निराकरण यथासमय किया गया। त्वरित मरम्मत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस वर्ष विगत वर्षों की अपेक्षा अप्रैल माह में ही तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसके कारण विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं की बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। विगत वर्ष मई महीने में 6,368 मेगावॉट की तुलना में इस वर्ष 22 अप्रैल में ही मांग 7,006 मेगावॉट को स्पर्श कर गई जो विगत 1 वर्ष में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी, पॉवर एक्सचेंज और बैंकिंग के साथ ही एचपीडीएएम (हाई प्राइज़ डे अहेड मार्केट) के जरिये मंहगी दरों पर बिजली खरीदकर आम घरेलू उपभोक्ताओं को क्रय दर से कम दरों पर बिजली प्रदान कर रही है। पिछले साल मई महीने में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी, जो इस साल अप्रैल महीने में ही 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई है। यानी एक साल में ही 10 प्रतिशत (638 मेगावॉट) की वृद्धि हुई है। यह प्रदेश में बढ़ते सामाजिक- आर्थिक सशक्तीकरण का प्रतीक भी है। पॉवर कंपनी इसकी आपूर्ति के लिए विशेष योजना के साथ कार्य कर रही है।

पारेषण क्षमता में तेजी से विस्तार

प्रदेश में पैदा होने वाली बिजली को एक से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए अतिउच्चदाब टॉवर लाइनों तथा उपकेंद्रों की स्थापना छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा की जाती है। जिसके कारण उच्चदाब उपकेंद्रों की कुल संख्या 132 से बढ़कर 135, उच्चदाब ट्रांसफॉर्मरों की संख्या 335 से बढ़कर 362 हो गई है। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 में ट्रांसफॉर्मरों की कुल क्षमता 24,227 एमवीए थी वह बढ़कर 26,475 एमवीए हो गई है। इसी तरह ट्रांसमिशन लाइनों की लंबाई जो दिसंबर 2023 में 13,934 थी वह बढ़कर 14,462 सर्किट किलोमीटर हो गई है।

कलेक्टर अवनीश शरण को दी गई विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी बैंक में बैंक प्रबंधन और छ. ग. जिला सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी / कलेक्टर जिला बिलासपुर अवनीश कुमार शरण को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में बैंक के सीईओ सुनील सोढ़ी के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी / कलेक्टर के कार्यकाल में बैंक में हुई प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया और साल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। उस अवसर पर अवनीश शरण ने बैंक के उज्वल भविष्य की कामना कर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी आशीष दुबे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कर्मचारी संघ के द्वारा भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर बैंक सीईओ सुनील सोढ़ी, अप पंजीयक श्रीमती मंजू पांडेय, अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक शशांक शेखर दुबे, नोडल अधिकारी आशीष दुबे, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भागवत यादव, प्रकाश शर्मा, शरद शर्मा, राजकिशोरी इक्का, अश्वनी पांडेय, देवेंद्र शुक्ला, किशोर चंद्राकर, अभिषेक शर्मा अनुभा मसीह, नेहा निकम, राजेश पाठक, सुशील चन्द्राकार एवं बैंक के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

पहलगाम आतंकी हमले में शहीद 28 निर्दोषों को दी श्रद्धांजलि

■ दृष्टि कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तखतपुर में शोक सभा का आयोजन

तखतपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 28 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना को लेकर देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल है। इसी क्रम में दृष्टि कंप्यूटर इंस्टिट्यूट, तखतपुर की छात्रों द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों ने सामूहिक रूप से दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में संस्थान के निर्देशक परवेज भारमल देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए भावपूर्ण विचार व्यक्त किए व सभी से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने का संदेश भी दिया। इस कठिन समय में आतंकवादी हमले की घोर निंदा करते हुए सभी ने एक स्वर में मांग की इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए एवं समस्त देशवासी इस हेतु एकजुट होकर सरकार का समर्थन करें। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों ने भी आतंकवाद की निंदा करते हुए युवाओं को जागरूक और सतर्क रहने की अपील की।

आतंकी हमले के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाई

जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों व्दारा 28 लोगों की नृशंस हत्या के विरोध में बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन छत्तीसगढ़ ने राज्य की सभी 64 शाखाओं में कालाफीता व बैच लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन के कर्मचारियों ने किसी भी स्तर पर आतंकी हमले और गतिविधियों के खिलाफ हर स्तर पर विरोध करने का संकल्प लिया। बीआईओ एम्पलाइज यूनियन ने बेगुनाह नागरिकों के कत्लेआम के दोषी आंतकवादियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। यूनियन के कर्मचारियों ने पहलगाम में मारे गए नागरिकों के प्रति दो मिनट का मौनधारण का श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला पंचायत की बैठक 2 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत की बैठक 2 मई को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला खनिज विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, जिला महिला बाल विकास विभाग एवं कृषि विभाग अंतर्गत कार्यो की समीक्षा की जाएगी।

पहलगाम आतंकी हमले में बिलासपुर प्रेस क्लब केंद्र सरकार के साथ

■ प्रेस क्लब परिवार ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

बिलासपुर /नवप्रदेश। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिकों समेत 26 लोगो की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने बिलासपुर प्रेस क्लब में शुक्रवार को शोक सभा रखी गई। इस अवसर पर बिलासपुर शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने हमले की घटना पर अपनी बात रखी,कुछ सवाल भी उठाए और समाज मे फैल रहे नफरत को रोकने और सौहाद्र बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर पत्रकारों की नैतिक जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला गया। इसके बाद मौन धारण कर सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को काफी निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में पत्रकारों को लेखनी में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने 25 साल पहले हुए एक घटना को भी साझा किया जिसमें बहुत सोच समझकर मामले को निपटाया गया था,अगर थोड़ी भी गलती की गई होती तो दो समुदायों में बड़ा विवाद हो जाता। उन्होंने सभी के बीच सौहाद्र बनाए रखने की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार सतीश जायसवाल ने कहा कि पूरी घटना चिताजनक है । उस घटना में हिंदुओ के अतिरिक्त दो विदेशी भी मारे गए जिसका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असर पडेगा। उन लोगों का क्या कसूर था जिन्हें मारा गया। श्री जायसवाल ने कहा हमारे पास जो खबर आई उससे ज्यादा तेजी से अफवाहें भी आई ताकि हमारे अंदर नेरेटिव फैले।

रेलवे स्टेशन शहडोल की सुरक्षा व्यवस्था और होगी बेहतर

बिलासपुर/नवप्रदेश। *दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर, रायगढ एवं अम्बिकापुर स्टेशनों में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा श्वान दस्ता की तैनाती कर स्टेशन प्लेटफार्म तथा यात्री गाड़ियों की श्वानों से नियमित चेकिंग कराई जा रही है ।*

इसी क्रम में शहडोल रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शहडोल स्टेशन परिसर में श्वान दस्ते (डॉग स्क्वॉड) की भी तैनाती की गई है, जिसका विधिवत शुभारंभ मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। श्वान द्वारा स्टेशन प्लेटफार्म ड्यूटी के साथ साथ आने जाने वाली महत्वपूर्ण गाडियों की चेकिंग सुनिश्चित किये जाने से आसपास के क्षेत्रों में यात्रा करने वाले यात्रियों को एक नई सुरक्षा अनुभूति होगी तथा सीआईसी रेल खंड के अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों अनुपपुर, उमरिया इत्यादि में भी आवश्यकतानुसार श्वान का उपयोग कर सुरक्षा एवं चेकिंग को प्रभावी बनाया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा, स्टेशन पर संदिग्ध वस्तुओं की पहचान और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर और बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी, जिससे सुरक्षा उपायों को और अधिक मजबूत मिलेगी।

आरपीएफ श्वान दस्ता की तैनाती

सेन जयंती हर्षोल्लास मनाई गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री श्री 100 8 श्री सेन जी महाराज की 725वीं जयंती आज 25 अप्रैल को धूमधाम से मनाई गई। इस संबंध में सर्वसेन/श्रीवास समाज द्वारा लगातार बैठक आयोजित कर रूपरेखा तैयार की गई थी। इसी कड़ी में प्रांतअध्यक्ष सर्व सेन/ नाई समाज त्रिलोक श्रीवास के आह्वान पर श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग के पदाधिकारी एवं व्यावसायिक सैलून संघ, महिला इकाई, संभाग के सभी इकाई के साथ रूपरेखा तैयार किया गई थी, जिसमें सुबह 10 बजे सिरगिट्टी बन्नाक इकाई द्वारा पूजन पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ की गई जो गांधी चौक के शासकीय स्कूल में भव्य रूप लेकर दोपहर 12 बजे गांधी चौक से निकली। यात्रा गांधी चौक, हटरी चौक, गोल बाजार, देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक होते हुए मंगला चौक स्थित सेन मार्ग से श्रीवास भवन पहुंची। पूजा अर्चना पश्चात भोजन प्रसाद वितरित की गई। शाम 4 बजे से मंचीय कार्यक्रम हुआ।

शिविर मंडल के शहडोल स्टेशन के रेलवे चिकित्सालय में कर्मचारी शिकायत निवारण व बहुद्देशीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ शिकायतों का किया निवारण

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल प्रशासन द्वारा रेलवे कर्मचारियों के हितों, उन्हें स्वस्थ कार्यालयीन वातावरण प्रदान करने, उनकी शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण तथा उन्हें स्वास्थ्य लाभ उपलव्ध कराने के उद्देश्य से कर्मचारी शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।

इसी संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल के मार्गदर्शन में आज मंडल के शहडोल स्टेशन के रेलवे चिकित्सालय में कर्मचारी शिकायत निवारण एवं बहुद्देशीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशयनों द्वारा जांच की गई। शिविर में शहडोल क्षेत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 246 कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। साथ ही 67 कर्मचारियों को टिटनेस के टीके लगाए गए। 08 बच्चों का वेक्सीनेशन किया गया। इस शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुमित प्रकाश, मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ मनमीत टोपनो, डीएनबी डॉ यश मौर्य, डॉ अंशिका, अनुबंधित आदित्य अस्पताल शहडोल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ आदित्य, फिजीशियन डॉ अंबिका गुप्ता तथा कार्मिक एवं चिकित्सा विभाग के निरीक्षकों एवं कर्मचारियों ने

रक्तचाप, मधुमेह, हाइट व वेट की जांच

इस दौरान कर्मचारियों के रक्तचाप, मधुमेह, हाइट व वेट जांच के साथ ही विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई तथा दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई। डाक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न बीमारियों के लक्षण, प्रकार, इससे होने वाली हानि तथा परहेज करने के अलावा अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारियां भी दी गई। शिकायत निवारण शिविर में 07 कर्मचारियों द्वारा शिकायतें दर्ज कराई गई । इन शिकायतों पर विचार-विमर्श कर कुछ शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष शिकायतों का निराकरण रेलवे बोर्ड के गाइड लाइन के तहत अतिशीघ्र करने का आश्वासन दिया गया।

सुविचार

इतिहास गवाह है कि जब अपनों से अधिकारों की लड़ाई हो तो संस्कारों की पढ़ाई को भूलना पड़ता है। - अज्ञात

आतंकवाद की जड़ पर प्रहार जरूरी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरा देश आक्रोशित है। सरकार ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से सरकार का समर्थन किया और यह भरोसा दिलाया कि आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार जो भी कार्यवाही करेगी उसमें हम अपना समर्थन देंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी कहा कि विपक्ष का सरकार को पूरा समर्थन है। सरकार आतंकवाद के खात्मे के लिए कड़े से कड़े कदम उठाये। यहां तक प्रधानमंत्री और भाजपा का हमेशा विरोध करने वाले अस्सुद्दीन ओवैसी ने भी आतंकवाद के खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही का समर्थन किया। उन्होंने तो पहलगाम में आंतक मचाने वाले की आतंवादियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग भी की। कुल मिलाकर आतंकवाद के खिलाफ आज पूरा देश एकजुट है। अब यह केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करे। इस मामले में न सिर्फ देश एकजुट है बल्कि दुनिया के तमाम देश भी भारत के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भरोसा दिलाया है कि भारत की आत्मा पर हमला करने का दुःसाहस करने वाले देश के दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवादियों को ऐसी कड़ी सजा दी जाएगी जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान है। इसलिए अब यह आवश्यक हो गया है कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाया जाये। भारतीय सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तैयार है किन्तु केन्द्र सरकार जल्दबाजी में ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहती जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़े। पाकिस्तान के खिलाफ जंग अंतिम विकल्प है। देर सवेर भारत इस अंतिम विकल्प पर भी विचार जरूर करेगा और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएगा कि उसकी सात पुश्तें इसे याद रखेंगी। फिलहाल भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठायें हैं और इसी से पाकिस्तान सकते में आ गया है। सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला लेकर भारत ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिये हैं इससे बौखलाकर पाकिस्तान ने बयान दिया है कि सिंधु जल समझौता यदि खत्म किया जाता है तो इसे भारत और पाकिस्तान के बीच जंग के आगाज के रूप में देखा जाएगा। किन्तु भारत ने अब पाकिस्तान के खिलाफ हर मोर्चे पर आर पार की लड़ाई लड़ने का दृढ़ निश्चय कर लिया है। हालांकि भारत अभी भी अपनी इस नीति पर कायम है कि हमारी ओर से पहली गोली नहीं चलाई जाएगी और यदि पाकिस्तान ने ऐसी हिमाकत की तो भारत की ओर से गोलियों की ही नहीं बल्कि गोलों की भी गिनती नहीं की जाएगी। पाकिस्तान के हुक्मरान डरे हुए हैं उन्हें लग रहा है कि भारत कभी भी उसके खिलाफ जंग छेड़ सकता है यही वजह है कि पाकिस्तान में सेना को अलर्ट कर दिया गया है और पाकिस्तान जो विश्व मंच पर अलग थलग पड़ चुका है वह चीन के सामने मदद की गुहार लगाते हुए गिड़गिड़ा रहा है किन्तु भारत को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की कौनसा देश पाकिस्तान की हिमायत में सामने आता है। भारत आज दुनिया में एक बड़ी ताकत बन चुका है और वह अकेले अपने दम पर दुश्मनों से मुकाबला करने और उन्हें नेस्तनाबूत करने में सक्षम है। जब इसका अवसर आएगा तो भारत ऐसा कर भी दिखाएगा। फिलहाल तो हमारी सरकार के समाने प्राथमिकता इस बात की है कि जम्मू कश्मीर में जो मुट्ठीभर आतंकवादी अभी भी छिपे हुए हैं। उन्हें चुन-चुन कर जहन्नुम रसीद किया जाये और इन आतंकवादियों के मददगारों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जाये। भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवानों ने जम्मू कश्मीर में सर्चिंग तेज कर दी है और कई स्थानों पर छुपे आतंकवादियों को घेर लिया गया है। एक आतंकवादी तो मारा भी गया है। वहीं दो आतंकवादियों के घरों को खंडर के रूप में तब्दील कर दिया गया है। आतंकवादियों के मददगार के रूप में चिन्हित किये गये लगभग डेढ़ सौ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। जिनसे अन्य आतंकवादियों के ठिकानों का पता लगने की उम्मीद है। भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को आतंकवादियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए फ्री हैंड कर दिया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बहुत जल्द जम्मू कश्मीर में बचे हुए मुट्ठीभर आतंकवादी मार गिराये जाएंगे। इस बार आतंकवादियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही का जम्मू कश्मीर के स्थानीय लोगों ने भी समर्थन किया है वे भी चाह रहे हैं कि जम्मू कश्मीर से आतंवादियों का नामों निशान मिटा दिया जाये। यह पहली बार देखा जा रहा है कि जम्मू कश्मीर के लोगों में आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश गहराता जा रहा है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों की जघन्य हत्या कर जम्मू कश्मीर के लोगों के पेट में भी लात मारी है। पहलगाम की घटना के बाद जम्मू कश्मीर से सभी पर्यटक वापस लौट गये हैं और निकट भविष्य में तो उनके जम्मू कश्मीर जाने की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में जम्मू के लोगों की रोजी रोटी का सवाल खड़ा हो जाएगा क्योंकि वहां स्थानीय लोगों की आय का साधन पर्यटक ही है। यदि उन्होंने जम्मू कश्मीर से किनारा कर लिया तो वहां के लाखों लोगों का रोजगार और उद्योग धंधे ठप हो जाएंगे। यही वजह है कि आतंकवादियों के खिलाफ जम्मू कश्मीर के लोग भी एकजुट हो गये हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि आतंकवाद के खिलाफ कश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत एक हो गया है। अब बस इंतजार इस बात है कि भारत सरकार कब आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करती है।

पाकिस्तान की भारत को कमजोर आंकने की बड़ी गलती

संजीव ठाकुर

ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी।

भयानक खामीयाजा भुगतेगा पाकिस्तान

पहलगाम में पाक समर्थित आतंक वादियों ने भारतीयों की विनम्रता और सज्जनता को कमजोरी समझ 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी पर उन्हें इस बात का कतई भान नही है कि अब भारत इतना ताकतवर और सशक्त है कि आंतकवादियों और उनके आकाओं को आकाश से पाताल तक खोज कर पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है इसके अलावा उसे अमेरिका,रूस,इजरायल, फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब तथा खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ पूरी दुनिया का आतंकवाद के खिलाफ खुला समर्थन प्राप्त है को सिर्फ चीन तुर्क का भी पूरा समर्थन प्राप्त नही है, आज भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कई गुना शक्तिशाली होकर विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ तीसरी बड़ी सामरिक ताकत भी है। ताजा जानकारियों के अनुसार पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकवादी लश्कर का कश्मीर का लोकल लीडर आसिफ शेख और उसके साथी का घर सेना द्वारा बम से उड़ा दिया गया है भारत देश की सेना अब आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर तत्पर है आगे भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है जिसमें आतंकवादी और उनकी आतंकवादी सोच के लिए उनके पीछे खड़े तथाकथित ताकतवर आकाओं को के ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान आई एसआई समर्थित लश्कर ए तैयबा, जैस ए मोहम्मद और दी रेसिस्टेंट फ्रंट जैसे आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान में घुसकर तहस-नहस कर दिया जाएगा। पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकवादी संगठनों ने भारत की विनम्रता को कमजोरी समझने की जो भूल की है इसका खामियाजा न सिर्फ आतंकवादी संगठनों को भुगतना पड़ेगा बल्कि पाकिस्तान भी भारत और भारतीय सेवा का निशान बनेगा। कूटनीतिक तौर पर भी भारत में चार बड़े फैसले करके पाकिस्तान को अधमरा कर

दिया है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 1964 में हुये सिंधु जल समझौते के करार को रद्द कर दिया गया है सिंधु नदी का 80त्न जल का उपयोग पाकिस्तान अपने लिए करता है अब पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसका उत्पादन एवं आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी इसके अलावा पाकिस्तान दूतावास को भी भारत में बंद कर दिया गया है साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं एवं भविष्य में पाकिस्तानियों के लिए भारत का वीजा अमान्य कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर के रास्ते को भी बंद कर दिया गया जिससे पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है और पाकिस्तान का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से चरमरा जाएगा। भारत के इस कड़े फैसले से पाकिस्तान का मनोबल वैसे ही आधा टूट चुका है अब यदि भारतीय सेना पाकिस्तान पर सामरिक हमला करती है तो पाकिस्तान दर-दर का भिखारी होकर पूरी तरह टूटने की कगार पर आकर खड़ा हो जाएगा। वैसे भी भारत को इस तरह के कदम पहले ही उठा लेने चाहिए थे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सदुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सदुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही

'बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर'

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1755 में रूस की पहली यूनिवर्सिटी राजधानी मॉस्को में खोली गई थी। 1828 में 26 अप्रैल के दिन यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। 1903 में गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की थी। 1920 में आज ही के दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन हो गया था। 1959 में क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया था। 1962 में आज ही के दिन अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने चांद की सतह पर कदम रखा। चांद तक पहुंचने वाला यह पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था। 1974 में माल्टा ने संविधान अंगीकार किया था। 1975 में आज ही के दिन अपनी खूबसूरती के लिए पहचान बनाने वाला सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना था। 1980 में आज ही के दिन स्थितीय खगोल विज्ञान केंद्र में स्थापित किया गया। 1990 में आज ही के दिन वीआरपी मेनन ने लगातार 463 घंटे डिस्को डांस कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 1993 में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बोइंग-737 विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से तकरीबन 60 लोग मारे गए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

शिक्षा की आधार

शिक्षा की आधार शिला समेटे अपने में सम्पूर्ण ज्ञान, संस्कृति, विज्ञान, कला, हमारी धरोहर, इतिहास ! यह केवल पुस्तक नहीं है। यह जीवन है, जो जोड़ती है हमें ज्ञान के अथाह सागर से जो देती है हमें सम्पूर्णता ! पुस्तक सिखाती है जीवन जीना उस सम्मान के साथ जो शायद शिक्षा के बिना अधूरी है। - **सपना परिहार**

अनबन नहीं है

अनबन नहीं है ...अनबन हमें नहीं है ,फिर भी दूर रहते हैं विचार अलग हैं ख्यालात अलग हैं सपने भी अलग हैं खवासें भी अलग है ओ दोस्त हैं पर अलग हैं राहें अलग हैं मंजिल अलग है असल में अपने अपने अंदाज अलग हैं असल में दोस्त हैं पर अलग हैं यही तो जीने का अलग ढंग है। - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

खास पाती | मारा है निर्दोष को,कायर करते

मारा है निर्दोष को,कायर करते काम। सेना से कर सामना,मुंह में लगे लगाम।। मिर्ची बिल में डालकर , बाहर निकालो सांप। आस्तीन कुछ छिपे हुए ,पहचानो अब आप।। लातों वाले भूत ये ,हिंसा है खिलवाड़। आदमियत को बेच कर,लेते धर्म की आड़।। ढूंढ ढूंढ कर भूनना,पब्लिक में तत्काल। सांप उठाए फ़न तभी , कुचलो इनकी चाल।। - **ज्योत्सना सक्सेना**

हिन्दू क्या करेंगे कुछ लोग सरकार

हिन्दू क्या करेंगे कुछ लोग सरकार को कोसेंगे कुछ लोग निंदा करेंगे कुछ हिन्दू सेक्युलर अपनी भाईचारे वाली पोस्ट चेपेंगे और उसके बाद कार्यवाही होगा तो मानवअधिकार वाले हिन्दू जग जाएगे फिर मिलार्ड तो बैठे है संज्ञान लेने कुल जमा कालिदास की तरह अपने डंगल काटेंगे बाकी बचे शुतुरमुर्ग बने रहेंगे इतने के बाद देश के 50त्न लोगो को या तो पता नहीं क्या हुवा है या जानना नहीं चाहते। - **अंबर दानी**

सदियों से हम देखते आ रहे है, सदियों से

सदियों से हम देखते आ रहे है , सदियों से हम सुनते आ रहे है! कि धर्म और जातिवाद की आड में लोग, एक दुसरे को दबाते आ रहे है , एक दुसरे को कुचलते आ रहे है एक दुसरे को मारते आ रहे है! दरअसल हम सदियों से गलत देखते और सुनते आ रहे है! वास्तविकता में तो सदियों से लोग एक दुसरे को नहीं बल्कि इंसानियत को मारते आ रहे है इंसानियत को रौंदते आ रहे है !

- **रूबी प्रसाद**

हो रहा जो रक्त पात, कोने कोन

हो रहा जो रक्त पात, कोने कोने दिन रात अस्मिता है आन पर, समाधान कीजिए।। पुकारती है भारती, बन खड़े हों सारथी कुरुक्षेत्र सजा हुआ, बजा बिगुल दीजिए।। उजड़े कई सुहाग, छोड़िए ये प्रेम राग पार्थ आज है विकल, आप जरा भीजिए।। हो रहे हैं जो उदण्ड, दीजिए जी उन्हें दण्ड रूप आज तो प्रचण्ड, अपना ही लीजिए।। - **रजनी रामदेव**

हम बार बार ही कहते हैं सहने की सीमा ह

हम बार बार ही कहते हैं सहने की सीमा होती है। जग हंसता दुश्मन हंसता कहने की सीमा होती है। सागर कोई सीमाओं के बंधन में बंधा नहीं करते अन्याय बढ़ा तो क्रोध बढ़ा फिर गांव शहर डूबा करते। धैर्य सीमाओं में हमको कब तक बंध कर रहना होगा कितना जुल्म, हिंदू बहनों को और यहां पर सहना होगा। मां की दर्द भरी आवाजें क्या नहीं सुनाई देती हैं सनीं खून से लतपथ लाशें क्या नहीं दिखाई देती हैं। कल ही तो मेरी बहना ने हांथ रचाए थे मेहंदी से सोलह श्रृंगार किए कल ही अब टूटे कंगन रोते हैं। इस चीत्कार को सुन कर के फट जाए पत्थर की छाती पर जला रहा आतंकवाद तो रक्त बहा कर के बाती। इसलिए निवेदन संसद से अब तो एक घोषणा कर दो कटर बमों के साथ रोटियां कुत्तों को खाने को रख दो। **-कवि अजय कुमार सिंह भदौरिया**

पूछ पूछ कर धर्म को, मार रहे शैतान

पूछ पूछ कर धर्म को, मार रहे शैतान। ऊँच नीच क्या जातियाँ, चेतो अब नादान। चेतो अब नादान, स्वार्थ तज हिन्दू जागो। अगड़ा पिछड़ा छोड़, द्वेष फैले वह त्यागो।अपना भारत देश, समझ लो कूट मर्म को। वरना बेड़ा गर्क, पकड़ लो देश धर्म को।

- **हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' शर्मा**

खंड (1) राष्ट्र की बात

विजय कुमार गुप्ता

वक्त डगर से

आलू सोना खूब बनाए, मोड़ पड़ाव उमर से
लेने के देने पड़ते, कठिन काल के बसर से
देश-भक्ति गीतों का, मिले जज्बा जिगर से।
व्यवहार परिपालन वक्त डगर की कलम से।
सहनशक्ति कम दिखे, काज की चिंता ध्यान
खुद की ही पसंद चले, पूरे करते हैं अरमान
उन्मुक्त हो गई दुनिया, अन्य विचार लहर से
कुछ नई सीख ललक, गायब मिले अधर से
देश-भक्ति गीतों का, मिले जज्बा जिगर से।
व्यवहार परिपालन, वक्त डगर की कलम से।

क्रमशः

QUIZ TIME

1) भारतीय रेल का सबसे नया क्षेत्र कौन-सा है?

2) सम्राट अशोक की वह पत्नी कौन थी जिसने उसको प्रभावित किया था?

3) दीवान-ए-अमीर-कोही नामक एक नया विभाग किस सुल्तान द्वारा शुरू किया गया था?

4) राजस्थान का हृदय किसे कहा जाता है?

5) गणित के लिए एबेल पुरस्कार 2025 में किसको दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दक्षिण तट रेलवे ज़ोन, विशाखापत्तनम (2) कारुवाकी (3) मुहम्मद बिन तुगलक (4) अजमेर और नागौर (5) मासाकी काशीवारा

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:58, सूर्यास्त : 18:52, चन्द्रोदय : 28:26, चन्द्रास्त : 16:21, अयन उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त), युगाब्द (कलि संवत): 5127, मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, योग : वैधृति, प्रथम करण : तैतिल (11:44 तक), द्वितीय करण : गर (22:09 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मीन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व , मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त :11:59 से 12:51, अमृत काल : 26:08+ से 27:35+, विजय मुहूर्त : 14:34 से 15:26, गोधूलि मुहूर्त : 18:51 से 19:13, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 24:02+ से 24:47+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:29+ से 29:14+, राहुकाल : 09:00 से 10:30, गुलिक काल : 07:35 से 09:12, यमगण्ड : 15:38 से 17:15, दुर्मुहूर्त : 08:33 से 09:24, वर्ज्य : 17:31 से 18:57, पञ्चक : अहोरात्रि, विडाल योग : 08:53 से 29:57+, होमाहुति : केतु।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में सौम्यता बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको परिवार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं।

वृष : आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको कोई पुरानी समस्या के बढ़ने से आपको डॉक्टर के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी किसी गलती को छुपाने के लिए कार्यक्षेत्र में कोई झूठ बोल सकते हैं, जो आपके सामने आ सकता है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप कोई कदम बहुत ही सोच समझकर उठाएं।

सिंहः आज का दिन आपके लिए अकस्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप किसी नए घर आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

कन्याः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए आय के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका डूबा धन आपको मिल सकता।

वृश्चिकः आज आपको कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। धार्मिक कामों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी।

धनुः आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप दोस्तों के साथ कुछ समय कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं।

मकरः आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा न बोले।

मीनः आज का दिन आपके लिए निराशाजनक रहने वाला है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 028 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना, जताया आभार

- श्रद्धालु पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क दर्शन करेंगे
- विधायकों ने दिखाई भारत गौरव टुरिस्ट ट्रेन को हरी झण्डी
- श्रद्धालुओं में उत्साह, कहा मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों का किया सपना पूरा

रायपुर, /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर पांच साल के लम्बे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू हुई है। योजना के तहत आज बिलासपुर जिले के 775 यात्रियों का पहला जत्था पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के तीर्थ यात्री बिलासपुर

स्टेशन पर पहुंचे जहां पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने

बुजुर्गों की आंखों में बरसों से पल रही तीर्थ यात्रा की अभिलाषा हुई पूरी

पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए जा रहे बुजुर्गों की आज बरसो पुरानी तीर्थ यात्रा की अभिलाषा पूरी हुई है। तीर्थ यात्रा को लेकर उनमें खासा उत्साह देखा गया। सभी समय से पहले ही स्टेशन पहुंच चुके थे। स्टेशन पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। 65 वर्षीय अम्बे सिंह बिलासपुर से यात्रा पर निकली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहले रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू कर मुख्यमंत्री ने हम सब बुजुर्गों की सुध ली है। पंडित ईश्वर पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि एक निश्चित उम्र के बाद हर किसी बुजुर्ग का सपना होता है कि तीर्थ यात्रा दर्शन के लिए जाए लेकिन पैसों की कमी के कारण यह सपना अधूरा रह जाता है। इस योजना से हमारा सपना पूरा हुआ है। सिरगिट्टी से यात्रा पर जा रहे चन्द्रपाल सिंह राजपूत ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम जैसे लोगों के लिए तीर्थ यात्रा पर जाना सपने जैसे होता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हमारा यह सपना पूरा किया है। जोरापारा सरकण्डा निवासी धनी राम अग्रवाल भी सपत्निक यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना बुजुर्गों के लिए अमूल्य अवसर है। जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन की खुशी साझा करते हुए राज्य शासन का आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

शिकायत मिलते ही महापौर ने खुले चेम्बर में ढक्कन लगवाया

गुढ़ियारी भारत माता चौक में तत्काल बैरिकेटिंग करवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर में खुले हुए चेम्बर से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव और कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन अंशुल शर्मा सीनियर ने जोन की टीम जोन 6 क्षेत्र के अंतर्गत भाठागांव में रिंग रोड के किनारे सर्विस लेन के किनारे मार्ग में खुले हुए चेम्बर के स्थल पर पहुंची और तत्काल अभियानपूर्वक मार्ग के खुले हुए चेम्बर में ढक्कन लगाकर उसे जनहित में जनजीवन सुरक्षा को दृष्टि से सुरक्षित किया। वहीं गुढ़ियारी भारत माता चैक के समीप खुले चेम्बर को तत्काल चारों ओर बैरिकेटिंग करते हुए और लाल झंडी सूचना संकेतक लगाकर जनहित में जन जीवन सुरक्षा की दृष्टि से त्वरित कार्यवाही स्थल पर करते हुए प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

मॉडल ब्लड बैंक और संत निरंकारी मंडल के सहयोग से रक्तदान शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मंडल चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रायपुर और तिल्दा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदाताओं ने क्रमशः 194 और 93 यूनिट रक्तदान किया। दोनों शिविरों में कुल 287 यूनिट रक्तदान हुआ।संत निरंकारी मंडल चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत गुरुबचन सिंह जी के शहीदी दिवस पर हर साल यह कार्यक्रम आयोजित होता है। पिछले 25 वर्षों से निरंकारी मंडल मॉडल ब्लड बैंक सेंटर के साथ मिलकर हर साल रक्तदान शिविर आयोजित करती आ रही है।निरंकारी मंडल की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श कालरा ने, तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदरदास ने एवं मॉडल ब्लड बैंक सेंटर की तरफ से क्रमशः डॉ. रवीना यादव, डॉ. सूदित पाल और डॉ. अविरल मिश्रा ने संभाला।अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के सहयोग से तथा डॉ. अरविंद नेरल (विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी) एवं मॉडल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।मॉडल ब्लड बैंक सेंटर रायपुर के रक्तदान शिविर की टीम में डॉ.मणिका, डॉ. नेहा, डॉ. सागर, डॉ. महरोनी, डॉ. दीपा, डॉ. सरिता, डॉ. करण, डॉ. होलकर, बिरला जी, गिरीश, गणेश, लोमस, झूल सिंह, नूरानी खान, मनोज दास, सन्मुख, भूमिका, शोभाराम, राकेश बंजारे, शिव, राकेश शर्मा, करिश्मा, जय प्रकाश और एल.पी. पटेल शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ।

मेरी हत्या कर दो, जेल में डाल दो :वीरेंद्र सिंह फिर भी बंद नहीं होगी गंगा आरती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के महादेव घाट तट पर प्रतिदिन होने वाली खारून गंगा मैया आरती को लेकर विवाद गहराया हुआ है। यहां के कुछ असमाजिक तत्व सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिये होने वाली इस आरती का विरोध जताया है। आरती करने पर कड़ा ऐतराज जताया है। अब इस मामले में कुछ असमाजिक तत्वों शह पर राजनीति हो रही है। मामले में खारून गंगा मैया आरती के प्रमुख आयोजक वीरेंद्र सिंह तोमर ने ऐलान करते हुए कहा है कि चाहें मैं जेल चला जाऊं या मेरी हत्या कर दी जाए, लेकिन खारून गंगा मैया की आरती कभी बंद नहीं होगी। यह आरती हमारी आस्था का सवाल है। इसे कोई खत्म नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यह आरती न केवल प्रदेश की गहरी धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता, एकजुटता और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का भी एक मजबूत माध्यम है।

अमरनाथ-वैष्णो देवी यात्रा से रायपुर के श्रद्धालु पीछे हटे

रायपुर/नवप्रदेश। कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई। इसके बाद से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रायपुर से जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। अधिकतर यात्रियों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी है, जिससे दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट भी सामान्य हो गई है। शहर की विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों से बातचीत में पता चला कि घटना के बाद कश्मीर घूमने गए सभी यात्री अब रायपुर लौटना चाहते हैं। हालांकि वर्तमान में जम्मू तवी से वापसी की ट्रेनों में भीड़ और वेटिंग के कारण यात्री सीधे दिल्ली की ओर रुख कर रहे हैं। रेलवे की ओर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा से एक अन्य विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को चलाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भोजन व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। हेल्प डेस्क से यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस आतंकी हमले ने कश्मीर में पर्यटन पर गहरा प्रभाव डाला है। पहलगाम क्षेत्र में हुए इस हमले के बाद पर्यटकों में भय का माहौल है, जिससे यात्रा योजनाओं में बदलाव देखा जा रहा है।

8 ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार

जम्मूतवी से दिल्ली लौटने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। 8 प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग 100 से ऊपर पहुंच गई है, जबकि 4 ट्रेनों में वेटिंग 140 तक हो चुकी है। कश्मीर से लौटने की होड़ के चलते रायपुर के यात्री भी कंफर्म टिकट के लिए ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क कर रहे हैं। सामान्य दिनों में जहां रायपुर से जम्मूतवी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग होती थी, वहीं अब यह घटकर 40 के आसपास रह गई है।

कटरा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन -उत्तर रेलवे ने श्री माता वैष्णों देवी कटरा से नई दिल्ली के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। कटरा से एक विशेष ट्रेन बुधवार को चलाई गई। दूसरी विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को अपराहन 10.50 बजे कटड़ा से रवाना होगी। रास्ते में यह बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, लुधियाना व अंबाला में रुकेगी।

पंजीकरण से पीछे हटने लगे यात्री

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का सीधा असर धार्मिक यात्राओं पर पड़ने लगा है। रायपुर से हर साल बड़ी संख्या में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इस बार गिरावट देखी जा रही है। अमरनाथ यात्रा समिति के अनुसार जो श्रद्धालु इस महीने यात्रा की तैयारी में थे, अब वे पंजीकरण से पीछे हटने लगे हैं। लोगों में डर का माहौल है और यात्रा की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, वैष्णो देवी यात्रा के लिए भी यात्रियों की पूछपरख लगभग थम चुकी है।

भारत एकजुट,आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया : रमेश

रायपुर /नवप्रदेश । जम्मू कश्मीर के पहलगाम में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले व हिंदुओं पर देश के अलग अलग जगहों हो रहे लगातार अत्याचार के विरोध में आज भाजपा वामन राव लाखे वार्ड द्वारा पाकिस्तान व आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया व इस हमले में शहीद हुए लोगो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि इस कायराना हमले से देश एकजुट है और आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आगया है जिस प्रकार से आतंकियों ने चुन चुन कर हिंदुओं को मारा है उससे पूरा देश गुस्से में है भारत इसका जवाब जरूर देगा नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर हम सभी को पूरा भरोसा है कार्यक्रम में महेश शैमा,देवेंद्र ठाकुर,रामकिंकर सिंह,प्रशांत ठाकुर,श्याम सुंदर अग्रवाल,,राकेश ठाकुर,दिगंबर चौधरी,सुनील शुक्ला,जय शर्मा,विश्वजीत साहू,रवि सोनकर,रमेश सपहा,आनंद साहू,सविता साहू,सरस्वती देवांगन,आकाश शर्मा,त्रिलोक बाघ,जीत साहू,विभोर ठाकुर व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नाबालिग बालिका का विवाह रोका

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग बालिका के विवाह की तैयारी की सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संयुक्त टीम गठित कर बाल विवाह रोकथाम की कार्रवाई की गई।इस संयुक्त कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक नंदिनी ठाकुर, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर, संरक्षण अधिकारी संजय निराला, सेक्टर पर्यवेक्षक सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ममता गायकवाड (एकीकृत बाल विकास परियोजना, मंदिर हसौद), तथा जिला बाल संरक्षण इकाई रायपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में सद्भावना रैली

काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

रायपुर /नवप्रदेश । जम्मू-कश्मीर में हुए अनंतनाग जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के निकट आतंकी हमला के विरोध में आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला के अध्यक्ष अब्दुल नासिर खान जी के नेतृत्व में सदभावना रैली निकाल कर एवं काली पट्टी बांध कर काले फुगे छोड़े गए 2 मिनिट का मौन रख कर शहीद हुवे 27 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया उक्त प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग, मोर्चे के प्रदेश महामंत्री मख्मूर खान , प्रदेश कार्यालय प्रभारी रेहाना खान , मिर्जा साजिद पठान जी, जिला महामंत्री इमरान अशरफी, जिला मंत्री मोज्जम मेमन, जिला उपाध्यक्ष आमिर बेग,जिला सोशल मीडिया प्रभारी इसराइल शेख, फारूक भाई,कासम भाई, आरिफ नियाज़ी, वसीम आफरीदी,शेख युनूस, यूजर कुरैशी , आबाद बाजी,शेख महमूद राजा भाई, इम्तियाज खान, शामिल रहे।

प्रगतिशील यादव महासंघ ने दी दिनेश मिरानिया को पुष्पांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। देश के कोने-कोने से कश्मीर की नैसर्गिक सुंदरता को निहारने पहुंचे 25 पर्यटकों के साथ रायपुर के स्टील कारोबारी श्री दिनेश मीरानिया की पहलगाम नरसंहार में अकाल मृत्यु पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने अपने कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर सभी दिवंगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया आक्रोश सभा में इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ कि देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री जी से अपील की जाए कि छत्तीसगढ़ में जारी नक्सलियों के टाइम बाउंड खात्मे के अनुरूप ही देश के अंदर छुपे गद्दारों की पहचान कर उन्हें भी नेस्तनाबूद किया जाए क्योंकि ये खाते भारत का है और गुण पाकिस्तान का गाते हैं ।इस अवसर पर अध्यक्ष श्री जितेंद्र बहादुर यादव, श्री अशोक यादव, श्री रविंद्र सिंह यादव सहायक महासचिव, श्री विजय यादव, श्री सुजीत सिंह, श्री बृजभान यादव, श्री राम यादव आदि ने भी इस नृशंस हत्याकांड की कड़े शब्दों में भर्त्सना की ।।

महापौर मीनल चौबे ने की 30 हजार पात्र हितग्राहियों को पेंशन दिलवाने की पहल

- संबंधित अधिकारी पूर्ण जानकारी लेकर बैठक में आएं

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने शहरी एवं गरीबी उपशमन विभाग की बैठक में सभी एमआईसी सदस्यों और जोन अध्यक्षगणों से चर्चा और विचार - विमर्श करते हुए राजधानी शहर में सरकार की समाज कल्याण योजनाओं के माध्यम से पेंशन हेतु पात्र लगभग 30 हजार गरीब हितग्राहियों को प्रतिमाह नियमित रूप से व्यवस्थित तरीके से पेंशन दिलवाने समाजहितकारी अभिनव पहल की है. महापौर ने बैठक में बैंकों द्वारा पेंशन हितग्राहियों के लिए वार्डों में लगाए जाने वाले शिविरों को नगर निगम रायपुर के सामुदायिक भवनों में लगाया जाना सुनिश्चित करने, शिविर स्थलों पर पंडाल, पानी और कुर्सियों की व्यवस्था बैंकों के माध्यम से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए है। महापौर मीनल चैबे ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा को सभी पात्र लगभग 30 हजार पेंशन हितग्राहियों को समय पर नियमित पेंशन दिलवाने नए सिरे से भुगतान प्रक्रिया का सरलीकरण करने के सम्बन्ध में सुझाव दिया है कि यदि सम्भव हो सके, तो विधानसभा क्षेत्र वार 4 नए बैंकों के माध्यम से पात्र लगभग 30 हजार गरीब हितग्राहियों को पेंशन राशि के भुगतान की व्यवस्था प्रशासनिक तौर पर करवाया जाना सुनिश्चित करवा सकते है। ऐसा करना सम्भव होने पर समय पर और नियमित पेंशन भुगतान बैंकों के माध्यम से करने की दृष्टि से एक बेहतर विकल्प हो सकता है. ऐसा व्यवहारिक तौर पर सम्भव होने पर महापौर ने इसे लागू करवाने का सुझाव समाज हित में दिया है। बैठक में उपस्थित एमआईसी सदस्यों और जोन अध्यक्षगणों के सुझाव पर निर्णय लेते हुए महापौर मीनल चैबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आईडीबीआई बैंक से जो हितग्राहियों के बैंक खाते को बदलकर बैंक ऑफ बड़ौदा में किया जा रहा था, उसमें ग्रीष्म ऋतु तक कोई बदलाव नहीं किया जायेगा और ग्रीष्म ऋतु के पश्चात इस पर निर्णय लिया जायेगा.गर्मी के दौरान वर्तमान व्यवस्था कायम रखे जाने के निर्देश दिए गए है,

अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर वार्डों में लगाए गए कूलर, एसी का लिया जायजा

- मेंटेनेस विभाग को सुधार के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने गुरुवार को अस्पताल का निरीक्षण कर गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत देने के लिए विभिन्न वार्डों और ओपीडी में लगाए गए पंखे, कूलर,एसी एवं डक्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था देखी। उन्होंने मेंटेनेंस विभाग को निर्देश दिया कि पुराने एवं खराब हो चुके पंखों और कूलरों की मरम्मत जल्द से जल्द करें। जिन-जिन विभागों तथा वार्डों में पंखे, एसी एवं कूलर की शिकायतें आ रही हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर कूलरों की जांच तथा जल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वार्डों तथा ओपीडी से लगे बाथरूम के नल जो खराब हो गए हैं, उनको अतिशीघ्र सुधारने को कहा ताकि अनावश्यक जल की हानि को रोका जा सके। मेंटेनेस विभाग के कर्मचारियों ने बताया की ग्राउंड फ्लोर के ट्रामा तथा इमर्जेंसी वार्ड में नये एसी लग गए हैं। अधीक्षक ने मेंटेनेस विभाग को निर्देशित किया कि वर्तमान में अस्पताल में चल रहे मेंटेनेस के कार्यों में तेजी लायी जाए।

डॉ. सोनकर के निरीक्षण के दौरान उनके साथ सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल तथा मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

नया प्रतिष्ठान ... **एक ही छत के नीचे मिलेगी खरीदारी और मनोरंजन की सुविधा**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया जोरा मॉल का भव्य शुभारंभ

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में जोरा मॉल का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लिया और सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। इस दौरान उन्होंने मॉल में सर्व सुविधायुक्त सिनेमा हॉल का शुभारंभ किया और राज्य सरकार के सुशासन पर आधारित एक वीडियो देखा।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राजधानी वासियों के लिए आज का दिन बेहद खास है। यह नया प्रतिष्ठान लोगों को आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी सभी आवश्यक वस्तुएं, मनोरंजन और सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा। इससे आसपास के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साय ने कहा कि यह मॉल आने वाले समय में शहरी जीवनशैली को और अधिक सहज, समृद्ध और सुविधाजनक बनाएगा।

बेहतरीन खरीदी और मनोरंजन का केंद्र

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े मॉल का आज विधिवत शुभारंभ हुआ है। 12-13 वर्ष पहले ट्रेजर आईलेंड के नाम से इस मॉल का काम प्रारम्भ हुआ, परन्तु लम्बी यात्रा के बाद आज नए कलेवर के साथ इसका शुभारम्भ हुआ। यह मॉल रायपुर और प्रदेशवासियों के लिए बेहतरीन खरीदी एवं मनोरंजन का केंद्र होगा। राजधानी रायपुर देश में विकसित राजधानी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है और यह मॉल इस पहचान को स्थापित करने में अपना योगदान देगा।शुभारंभ समारोह को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी संबोधित कर अपनी शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, सीएसआईडीसी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, सीएमडीसी के अध्यक्ष सौरभ सिंह, आरडीए के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया, मॉल के संचालक विजय झावर भी उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

राष्ट्रवाद-सनातन संस्कृति के व्याख्यान में उमड़ा जनसैलाब

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के बालक छात्रवास मैदान में मानस मंडल के तत्वावधान में विचारक, प्रख्यात ओजस्वी वक्ता एवं सनातन धर्म के प्रबल समर्थक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।प्रख्यात ओजस्वी वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति की महानता, देश की एकता, सामाजिक चेतना और वर्तमान समय में सनातन मूल्यों की प्रासंगिकता को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। उनके भाषण ने उपस्थित जनसमूह को न केवल भावविभोर किया बल्कि राष्ट्र और धर्म के प्रति कर्तव्य बोध की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू सनातनियों की नृशंस हत्या पर गहरा आक्रोश और संवेदना प्रकट की गई। उपस्थित सभी जनों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए,आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े रहने का संकल्प लिया। श्रीराम मानस मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक व्याख्यान नहीं, बल्कि विचारों की एक क्रांति था, जिसने कोण्डागांव के जनमानस में राष्ट्र और धर्म के प्रति चेतना की ज्योति प्रज्वलित की। कार्यक्रम के दौरान कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी पूर्व जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर नेशनल हाईवे विभाग, परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने हाईवे के दुर्घटनाजन्य एवं संभावित दुर्घटना क्षेत्रों का निरीक्षण किया।इस निरीक्षण का उद्देश्य इन क्षेत्रों में हो रही दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान करना और उनमें आवश्यक सुधार कार्यों की अनुशंसा करना है। निरीक्षण दल ने चिखलपुटी, दूधगांव, बनियागांव, जोबा, घोड़ागांव, जुगानी पुल, सिंघनपुर और बेड़मा जैसे चिन्हित स्थलों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क पर मौजूद संभावित खतरों, तेज मोड़ों, अंधे स्थानों एवं अति गति वाले हिस्सों का विशेष रूप से अध्ययन किया। निरीक्षण के उपरांत संबंधित विभागों को रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, चेवरन बोर्ड, दुर्घटना क्षेत्र का संकेतक बोर्ड, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और रोड मार्किंग जैसे आवश्यक सुधार कार्यों को जल्द शुरू करने की बात कही ।प्रशासन की इस सक्रियता से उम्मीद की जा रही है कि,राष्ट्रीय राज मार्ग-30 में हो रहे दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी आएगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

तीन दिवसीय पेन करसाड़ में जनसंपर्क विभाग ने लगाई प्रदर्शनी

■ **ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लोक कला का लिया आनंद**

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के मुसालूर चौक स्थित धनोरा गोंडवाना भवन में तीन दिनों तक चले पेन करसाड़ और सामाजिक गोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई, जिसका लाभ उठाने के लिए जिले भर से हजारों ग्रामीण उपस्थित हुए।

इस दौरान जनसंपर्क विभाग ने हितग्राहियों के साक्षात्कार युक्त छत्तीसगढ़ संवाद पत्रिका 'जनमन' का वितरण किया, जिससे लोगों को योजनाओं के जमीनी स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने में मदद मिली। इसके अतिरिक्त, एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों के अनुभव साझा किए गए।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण लोक कला जत्था के कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति रही, जिन्होंने साय सरकार के जनजातीय विकास कार्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित ग्रामीणों का खूब मनोरंजन किया।

तीन दिवसीय इस आयोजन में ग्रामीणों ने न केवल सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, बल्कि लोक कला का भी भरपूर आनंद लिया। यह कार्यक्रम सरकार और आम जनता के बीच संवाद स्थापित करने और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

जिले के 60 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा का किया गया शुभारंभ

बलरामपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया। जिले की विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत भनौरा में पंचायत भवन में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई। शुरुआत के पहले ही दिन इस केंद्र से ग्रामीणों को सेवाएं मिलना प्रारंभ हो गई हैं। ग्राम भनौरा के श्री तेतवा ने वृद्धा पेंशन तथा श्रीमती सुनीता ने महतारी वंदन योजना की राशि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से निकाली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल रूप से सम्बोधित करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दी।उन्होंने जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों को अटल डिजीटल सुविधा केंद्रों से जोड़ा गया है।

भिलाई खुर्द के विकास से मुकरने पर नाराज पूर्व मंत्री अग्रवाल ने एसईसीएल के सीएमडी को लिखा पत्र

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा। कोरबा-चांपा रोड पर बसे आदर्श गांव भिलाई खुर्द गांव को गोद लेकर उसके विकास के वादे से मुकरने और गांववालों को मुश्किलों में छोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नाराजगी जताते हुए एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन को एक पत्र लिखा, जिसमें कोरबा कलेक्टर और मानिकपुर कोरबा के महाप्रबंधक को भी कॉपी दी गई है। पत्र में मांग की गई है कि गांववालों की परेशानियों को देखते हुए जल्द से जल्द सही कदम उठाए जाएं।

एसईसीएल के सीएमडी को लिखे पत्र में बताया गया है कि भिलाई खुर्द गांव के पास से गुजरने वाला कचंदी नाला गांववालों के लिए बहुत जरूरी था। लोग उसका पानी रोजमर्रा के कामों के लिए इस्तेमाल करते थे और उससे सब्जी की खेती करके अपनी आजीविका चलाते थे। लेकिन 2012-13 में एसईसीएल मानिकपुर कोरबा प्रबंधन ने मानिकपुर खदान को बढ़ाने की योजना बनाई, जिसमें कचंदी नाला रास्ते में आ रहा था। इसके लिए नाले का रास्ता बदलने का फैसला लिया गया।

जयसिंह अग्रवाल ने पत्र में आगे लिखा कि उनके विधायकी कार्यकाल में उस समय मानिकपुर के एसईसीएल महाप्रबंधक ने खदान क्षेत्र के किसी एक गांव को गोद लेकर आदर्श गांव बनाने के लिए सुझाव मांगा था। जयसिंह ने भिलाई खुर्द गांव का नाम सुझाया। इसके बाद मानिकपुर प्रबंधन ने जयसिंह अग्रवाल और तत्कालीन कार्मिक प्रबंधक अनिल कुमार की मौजूदगी में गांववालों की एक बैठक की।

जिसमें प्रबंधन ने ऐलान किया कि भिलाई खुर्द को गोद लिया जाएगा और उसे आदर्श गांव बनाया जाएगा। गांव में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल और मनोरंजन के लिए पार्क जैसी सुविधाएं देने का वादा किया गया। प्रबंधन ने यह भी कहा कि खदान विस्तार के लिए कचंदी नाले का रास्ता बदला जाएगा, लेकिन इससे गांववालों को कोई परेशानी नहीं होगी और सारी व्यवस्था प्रबंधन करेगा। लेकिन, हकीकत यह है कि प्रशासन की मदद से नाले का रास्ता जबरन बदल दिया गया और इसके बाद मानिकपुर प्रबंधन अपने वादों से मुकर गया। भिलाई खुर्द के लोग अब मुश्किल जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

पत्र में यह भी कहा गया कि प्रबंधन ने गांव में एक बड़ा तालाब बनाने और खदान के पानी से जलापूर्ति का वादा किया था। एक छोटा तालाब बनाया भी गया, लेकिन उसमें बारिश के पानी के अलावा कभी पानी नहीं भरा गया। तालाब में सिर्फ फ्लाई ऐश डाला जा रहा है, जबकि उसमें ओवरबर्डन मिट्टी मिलानी चाहिए थी। पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा, जिससे गांववाले फ्लाई ऐश की धूल से परेशान हैं। पानी की जरूरतों के लिए उन्हें दूर हसदेव नदी पर जाना पड़ता है।

जिला स्तरीय कार्यशाला में लिया जलसंरक्षण का संकल्प

■ **जनभागीदारी से जल संरक्षण, भू-जल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन को मिलेगा बढ़ावा**

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभागार में संगम अभियान के तहत् जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संगम अभियान का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं पंचायत विभाग की अन्य योजनाओं के अभिसरण से स्थायी ग्रामीण विकास माडल तैयार करना है। जीआईएस तकनीकी का उपयोग कर बेहतर योजना निर्माण सहित मनरेगा के कार्यो की गुणवत्ता व उनकी जल संरक्षण , आजीविका संवर्धन एवं पर्यावरण स्थिरता के लिए प्रभाव बढ़ाना है।कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में भागीदारों द्वारा जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।

सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा मनीष सोनवानी ने कार्यशाला में एनआरएलएम योजना से जुड़ी महिलाओं को मनरेगा योजना से जल संरक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देने के साथ ही एसएचजी की महिलाएं आजीविकामूलक गतिविधि से जुड़कर कैसे लखपति दीदी की श्रेणी में आ सकती है, इसकी जानकारी दी।कार्यशाला में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन अमृत दास साहू ने स्वच्छता के महत्व को बताने के साथ ही जल संरक्षण हेतु सोखता गढ़ा बनाने की प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। जल स्वच्छता एवं साफ सफाई जिला समन्वय सानू विश्वास ने जल को स्वच्छ बनाने के तरीकों के विषय में विस्तार से बताया।

कलेक्टर एवं एसपी ने नवीन बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और एसपी वाय अक्षय कुमार ने आज सुबह कोंडागांव के नवीन बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बसों के नियमित आवाजाही और यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को शहर में जो भी यात्री बसें अन्यत्र सड़कों पर रुकते हैं, उन सभी यात्री बसों को नए बस स्टैंड पर रुकवाने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यात्री बसों का नए बस स्टैंड पर आवाजाही निरंतर होती रहे। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एसडीएम, अजय उरांव और मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमएचओ कार्यालय में हुए अनियमितता की रायपुर से आई टीम ने शुरू की जांच

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में हुई वित्तीय और प्रक्रियागत अनियमितताओं को लेकर कोण्डागांव जिले के सीएमएचओ कार्यालय में 23 अप्रैल को रायपुर से आई विशेष जांच टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की। यह जांच भाजपा विधायक लता उसेंडी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में उठाए गए गंभीर आरोपों के बाद शुरू की गई है। विधानसभा में लता उसेंडी ने कोण्डागांव में ह्रूअंतर्गत टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोप लगाए थे, जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मामले की जांच के आदेश दिए थे।

विशेष जांच दल ने मंगलवार को कोण्डागांव सीएमएचओ कार्यालय में पहुंचकर कुल 11 बिंदुओं के आधार पर दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स की जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान कार्यालय परिसर को आंशिक रूप से सील किया गया, और किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बाहर जाने या प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई।

विधायक लता उसेंडी ने विधानसभा में आरोप लगाया था कि वर्ष 2021-22 और 2022-23 में फ्लेक्स प्रिंटिंग जैसे कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया में धांधली के साथ ही वाहनों की हायरिंग और अन्य मदों में भी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि यह जानकारी उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त की है और सभी दस्तावेजों की प्रतियां स्वास्थ्य मंत्री को सौंप दी हैं।

लता उसेंडी ने सीएमएचओ, डीपीएम सहित कई अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ निलंबन की मांग की थी। इस मुद्दे को लेकर सदन में तीखी बहस हुई, जिसके बाद मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जांच का आश्वासन दिया और कहा कि यदि आरोपों में सच्चाई पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच दल ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जब्त कर गहनता से अध्ययन शुरू कर दिया है। जिला स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर स्वास्थ्य महकमे में खलबली मची हुई है, और सभी की नजरें अब जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं।

पेज 1 का शेष

एसडीएम-तहसीलदार समेत...

के नाम पर सरकारी अधिकारियों ने मिलीभगत कर मुआवजे की राशि में भारी हेरफेर की। इस मामले में अबतक कई अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है।

तत्कालिक एसडीएम और तहसीलदार के आवासों पर भी पड़ा छापा

तत्कालिक एसडीएम निर्भय साहू और तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के रायपुर स्थित आवासों पर भी ईओडब्ल्यू की टीम ने रेड मारी। इसके अलावा अभनपुर, आरंग, दुर्ग और भिलाई में भी छापेमार कार्रवाई जारी है। एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी और राजस्व निरीक्षक जैसे राजस्व विभाग के कई अधिकारियों के ठिकानों पर रेड पड़ सकती है।

ये है पूरा मामला

भारत माला प्रोजेक्ट में जमीन अधिग्रहण मामले में 43 करोड़ का घोटाला हुआ है। जमीन को टुकड़ों में बांटकर एनएचएआई को 78 करोड़ का भुगतान दिखाया गया। एसडीएम, पटवारी और भू-माफिया के सिंडिकेट ने बैक डेट पर दस्तावेज बनाकर घोटाले को अंजाम दिया।

कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत...

तैयार होने के 6 महीने बाद कार्रवाई शुरू हुई है। निर्भय कुमार साहू के साथ-साथ पांच अधिकारी-कर्मचारियों पर 43 करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक राशि की गड़बड़ी का आरोप है।

छत्तीसगढ़ में दो हजार ...

पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी दीर्घकालिक वीजा रद्द नहीं किया जाएगा, और उन्हें देश छोड़ने की जरूरत नहीं है. हालांकि, अन्य वीजा जैसे बिजनेस, मेडिकल, या धार्मिक वीजा पर आए लोगों को भारत छोड़ना होगा. विशेष रूप से सार्क वीजा धारकों को तत्काल देश छोड़ने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उनकी भी जांच की जा रही है।

रायपुर में सिंधी समाज का बड़ा समुदाय

रायपुर में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के लोगों में अधिकांश सिंधी समाज के हैं, जो अपने रिश्तेदारों से मिलने, इलाज, या धार्मिक उद्देश्यों के लिए भारत आते हैं. कई लोग बिजनेस और मेडिकल वीजा पर भी यहां पहुंचते हैं. छत्तीसगढ़ में सिंधी समाज के कई लोगों के रिश्तेदार अभी भी पाकिस्तान में रहते हैं, और वे नियमित रूप से भारत आते-जाते रहते हैं। पुलिस अब इन सभी की पहचान और वीजा स्थिति की जांच कर रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोका जा सके।

संसद से पारित कानून सवैधानिक...

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन की तरफ से दायर किया गया था।

संसद से पारित कानूनों पर लागू होती है सवैधानिकता की धारणा

हलफनामे में आगे कहा गया है कि, कानून में यह तय है कि सवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद की तरफ से बनाए गए कानूनों पर सवैधानिकता की धारणा लागू होती है। केंद्र ने आगे कहा, जबकि यह अदालत मामलों की सुनवाई के दौरान इन चुनौतियों की जांच करेगी, लेकिन सामान्य मामलों में (यहां तक कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर भी) इस तरह के आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना, यदि याचिकाएं असफल हो जाती हैं, तो यह अनावश्यक होगा, खासकर ऐसे कानूनों की वैधता की धारणा के मामले में।

ऑपरेशन ऑल आउट को ...

के जरिए हो। शांति वार्ता के लिए हमारी पार्टी हमेशा तैयार है। हमारी पार्टी की केंद्रीय कमेटी ने भी शांति वार्ता को लेकर पत्र जारी किए थे। विश्वास की कमी को दूर करने के लिए हमारी तरफ से लगातार प्रयास जारी हैं, लेकिन सरकार की मंशा अलग ही दिख रही है। शांति वार्ता के जरिए समस्या हल होने की संभावना रहने के बावजूद, सरकार दमन व हिंसा के प्रयोग से समस्या का समाधान के लिए प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है, बीजापुर व तेलंगाना सीमा पर बड़ा सैन्य अभियान लांच किया गया है। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वार्ता के जरिए समस्या का समाधान का रास्ता अपनाए। इस रास्ते से सकारात्मक नतीजा निकलेंगे। बंदूक के बल पर समस्या के हल के लिए सरकार द्वारा अमल किए जा रहे सैनिक अभियान को एक महीने के लिए स्थगित करें। इस अपील पर हम सरकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करेंगे।

पहाड़ियों में माओवादियों ...

बैठक हुई थी। उसी में ऑपरेशन ऑल आउट का खाका खींचा गया था। सूत्रों का कहना है कि पिछले चार दिन से सुरक्षा बल इस ऑल आउट ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं।

सुरक्षा बलों को आगे बढ़ने के लिए बहुत संभल कर कदम रखना पड़ रहा है। वजह, नक्सलियों ने घने जंगल में पहाड़ पर आईईडी का जाल बिछा रखा है। नक्सलियों की सही लोकेशन का पता लगाने के लिए तकनीकी उपकरणों की मदद ली जा रही है। ड्रोन और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। जहां पर लगता है कि भारी संख्या में नक्सली, फायरिंग कर रहे हैं तो वहां पर मोर्टार से जवाब दिया जाता है। इस ऑपरेशन में लगभग तीन सौ नक्सलियों के घिरे होने की संभावना है। सुरक्षा बलों ने चारों तरफ से पहाड़ी को घेर रखा है। इतना ही नहीं, सुरक्षा बलों ने करीब दस किलोमीटर के क्षेत्र में जाल बिछाया है। अगर, मुठभेड़ स्थल से कोई नक्सली बच कर निकलता है तो उसे रास्ते में खत्म कर दिया जाएगा।

नवा रायपुर अटल नगर...

यह कर्ज भूमि अधिग्रहण, सड़कों, शासकीय भवनों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे हिदायतुल्लाह विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए था। हालांकि, कर्ज के बोझ और ब्याज भुगतान ने प्राधिकरण के नगदी प्रवाह को प्रभावित किया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय अधिकार बढ़ाई और कर्ज से छुटकारा दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।

ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवा रायपुर अटल नगर का ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत है। हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और रणनीतिक नियोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि प्राधिकरण न केवल कर्ज से मुक्त हो, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर विकास की नई ऊंचाइयों को छूए। यह उपलब्धि नवा रायपुर को एक आधुनिक, रोजगारोन्मुखी और सुविधायुक्त शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों ने प्राधिकरण की संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा दिया। मेडिसिटी, फार्मास्यूटिकल पार्क, देश की विख्यात पॉलिमैटेक कंपनी के सेमीकंडक्टर प्लांट का भूमिपूजन और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की पहल जैसे प्रोजेक्ट्स ने निजी निवेश को आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक बजट में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के लिए 1043 करोड़ रूपए का प्रावधान और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त धन आवंटन ने आय के स्रोतों को मजबूत किया। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के तहत व्यापारियों को राहत ने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ नवा रायपुर विकास प्राधिकरण को मिला है।

अर्थव्यवस्था का नया ग्रोथ इंजन

वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है कि नवा रायपुर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का नया ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। आज नवा रायपुर में आरबीआई, नाबार्ड सहित अन्य बैंकों और एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बालको कैंसर अस्पताल, सत्य साईं अस्पताल जैसे अनेक संस्थाओं का पदार्पण हो चुका है। नवा रायपुर आईटी के क्षेत्र में भी एक बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। अब यहां पर सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर क्षेत्र से संबंधित उद्योग भी लगने जा रहे हैं । नवा रायपुर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल सुविधा प्रदान करने हेतु लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में मेडिसिटी विकसित करने की योजना है।

सभी संपत्तियाँ अब...

प्राधिकरणों के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य नवा रायपुर को न केवल छत्तीसगढ़ की गौरवशाली राजधानी बनाना है, बल्कि इसे देश के लिए एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित करना है।

भवन एवं कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। दंतेवाड़ा आगमन पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह का भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया 7 रामप्रताप सिंह भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से रूबरू हुए एवं नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय चुनाव में भाजपा के ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया 7 श्री रामप्रताप सिंह ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की खुशहाली,सुख व समृद्धि की कामना की 7 इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा,जनपद अध्यक्ष दंतेवाड़ा सुनीता भास्कर,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना,बीजापुर विधानसभा प्रभारी दीपक बाजपेयी,जिला मंत्री जसवीर नेगी,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता,मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली,नगर पालिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष पायल गुप्ता,समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

कलेक्टर ने किया साइंस सेंटर का अवलोकन

- छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर
- पोटाकेबिन कुआकोंडा के छात्रों को समझाया वैज्ञानिक सिद्धांत

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। आज कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा मुख्यालय के सर्किट हाउस स्थित रोड दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का अवलोकन किया गया। गौरतलब है कि जिले के युवा और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहाँ विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है। यह विज्ञान केंद्र जिले के सुदूर अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। प्रतिदिन विशेष रूप से संचालित बसों के माध्यम से विद्यार्थी यहाँ पहुँचते हैं और केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक माडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल देखते हैं, बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोजते हैं।

इस साइंस सेंटर का उद्देश्य केवल विज्ञान की शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। केंद्र में रखे गए इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, और प्रयोगशालाएं बच्चों को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर, उसे जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने यहां विभिन्न साइंटिफिक्र थीम पर आधारित कक्ष जैसे इंडस्ट्री रूम, फिजिक्स रूम, इमर्सिव रूम, मिनी वर्ल्ड रूम, हार्वेस्ट हब का भ्रमण करते हुए पोटाकेबिन कुआकोंडा के छात्रों से वैज्ञानिक माडलों प्रयोगों और प्रदर्शनों के बारे में चर्चा करते हुए विज्ञान संबंधित सिद्धांतों जैसे न्यूटन के उद्गम स्थल चुंबकीय उत्तोलन, वानडे ग्राफ जनरेटर, तरंग मंडल, लेज कानून, बैलिस्टिक पेंडुलम, टेस्ला कॉईल, प्लाज्मा बल, प्रकाशकिय गति, व्हिम्स हर्सट मशीन को समझाया। साथ ही उनसे प्रति प्रश्न भी किए और सही उत्तर देने पर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

10 मई को नेशनल लोक अदालत को लेकर अधिवक्ता संघ की बैठक

कांकेर/ नवप्रदेश । 10 मई को छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन होना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी के संबंध में आनंद कुमार ध्रुव प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 24 अप्रैल को अधिवक्ता संघ कांकेर में बैठक की गई बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गई की न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किया जावे।अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया की वे अपने पक्षकारों को प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए जाने के संबंध समझाए और उसे राजीनामा हेतु चर्चा करने के लिए न्यायालय समक्ष लेकर आए।उक्त बैठक में श्रीमती विभा पांडे अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश भास्कर मिश्र, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर, श्रीमती अंबा सह सिविल वरिष्ठ श्रेणी कांकेर सुश्री सुनीति नेताम न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी श्रीमत शांति प्रभु जैन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर नरेंद्र देव अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कांकेर एवं समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगवाना अनिवार्य

बलरामपुर/ नवप्रदेश। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया है कि कार्यालय परिवहन आयुक्त नवा रायपुर के द्वारा 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी ने आम नागरिकों से कहा है कि जिनका भी वाहन 01 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत है वह हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह अपने वाहन में लगवायें। अपने वाहनों में सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने के लिए परिवहन विभाग के वेबसाईट सीजी ट्रांसपोर्ट डॉट जीओव्ही डॉट ईन में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर अपने नजदीकी वाहन डीलर से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगवा सकते हैं। निर्धारित तिथि तक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह नहीं लगवाने पर मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगवाने के लाभ-जिला परिवहन अधिकारी ने बताया है कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगवाने से वाहन मालिकों को कई लाभ प्राप्त होते हैं। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह नम्बर प्लेट सभी वाहन को एक यूनिक पहचान देते हैं, जिससे वाहन के मालिक का पता लगाना आसान होता है। साथ ही यह अपराधों के रोकथाम और जांच में मददगार होता है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह नम्बर प्लेट को निकाला नहीं जा सकता, जिससे वाहन चोरी होने की आशंका कम होती है। साथ ही कलर रिफ्लेक्टिव होते हैं।

मुस्लिम समाज ने आतंकवाद के खिलाफ रैली निकाल पाकिस्तानी आतंकवाद का फूंका पुतला

- इस्लाम शांति का धर्म है आतंकवाद का इस्लाम से कोई संबंध नहीं हम देश के साथ : मुफ्ती सिराजुद्दीन अल् क़ादरी

कांकेर/ नवप्रदेश। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले जिसमें 28 निर्दोष की जान चली गई थी। पूरे देश में आतंकवाद को लेकर गुस्से में है। इधर

25 अप्रैल शुक्रवार को कांकेर मुस्लिम समाज के लोगों ने शाम 05 बजे रैली की शुरुआत जामा मस्जिद से हुई जो बस स्टैंड तक पहुंची। मुस्लिम समाज सैकड़ों की संख्या में पुरुष बुजुर्ग और युवा रैली में शामिल हुए। और पुराना बस स्टैंड में पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान आतंकवाद का पुतला फूंक्र विरोध प्रदर्शन किया गया। पहलगाम हमले को लेकर जामा मस्जिद के इमाम इस्लामिक स्कालर मुफ्ती सिराजुद्दीन अल् क़ादरी ने कहा इस्लाम शांति का धर्म है आतंकवाद का इस्लाम से कोई संबंध नहीं और हम देश के साथ हैं।और कश्मीर में हुई घटना की हम कड़े शब्दों में निन्दा करते हैं साथ ही साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों को केंद्र सरकार सख्त सज़ा दे ताकि दोबारा हमारे देश में ऐसी घटनाएं कोई ना कर सके।

समाज के प्रमुख बुद्धिजीवियों ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद इंसानियत का दुश्मन है और इसका इस्लाम से कोई वास्ता नहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फदेश को ही नहीं, बल्कि मजहब की छवि को भी नुकसान पहुंचाती हैं।रैली शांतिपूर्ण रही और प्रशासन ने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए थे।प्रतिभागियों ने यह स्पष्ट किया कि वे हर प्रकार की हिंसा और नफ़रत के खिलाफहैं और देश में भाईचारा बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

मुस्लिम समाज के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से हाजी जावेद मेमन हाजी गफ्फार मेमन सैयद नसीम अली सैय्यद माशूक अली हाजी हनीफ मेमन हाजी रज्जाक हाजी गुलाम मुस्तुफा हाजी जुनेद आदिल अली सैय्यद मकदूम अली हनीफ शेखानी मकबूल खान शादाब खान मोनू मतीन खान एजाज छोगारा मुन्ना छोगारा शेख मजीद हबीब खान तल्हा खान हाजी जावेद मेमन हाजी शकील मेमन हाजी सलीम मेमन जामा मस्जिद सिब्तेन रजा मस्जिद हुजूर अमीने शरीयत मस्जिद सिंगारभाट के तमाम मुफ्ती मौलाना सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज उपस्थित थे।

महिला बाल विकास मंत्री ने किया आंगनबाड़ी व नशामुक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण

- साफ-सफाई के साथ रेडी टू फूड की ली जानकारी

कांकेर/ नवप्रदेश। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज जिले में स्थित आंगनबाड़ी तथा नशामुक्ति केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय का अवलोकन एवं निरीक्षण भी किया।केबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने सुबह जिले के चारामा विकासखण्ड मुख्यालय से लगे ग्राम दरगहन में आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोषण ट्रैकर एप में एंट्री, रेडी-टू-ईट फूड तथा केन्द्र में रखरखाव का जायजा लिया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को विशेष तौर पर स्वच्छता बरतने और नियमित रूप से ऑनलाइन एंट्री दर्ज करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही कुपोषित बच्चों को सामान्य स्थिति में लाने के लिए नियमित रूप से पालक भेंट करने और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक के मार्गदर्शन में पोषण संबंधी सलाह लेने के निर्देश दिए। इसके उपरांत वे कांकेर स्थित नशामुक्ति केन्द्र, वृद्धाश्रम और दत्तक ग्रहण एजेंसी का सघन दौरा कर वस्तुस्थिति से अवगत हुईं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने वहां उपस्थित लोगों से चर्चा कर आवश्यक सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली तथा सुविधाओं को और बेहतर बनाने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया।इसके अलावा उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर व्यापक प्रयास करने के निर्देश भी दिए। विशेष तौर पर महतारी वंदन योजना का लाभ लेने से वंचित महिलाओं को सम्मिलित करने के लिए तकनीकी त्रुटियों को ठीक कराने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। तदुपरांत श्रीमती राजवाड़े ने जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जाकर नवीनीकृत किए गए कक्षों का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभाग के संचालक पी.एस.एल्मा सहित श्रीमती शालिनी राजपुत तथा महेश जैन भी मौजूद थे।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर

जरूरतमंदों के लिए सेवादारों ने किए 85 यूनिट ब्लड डोनेट किया

कांकेर / नवप्रदेश।। अप्रैल मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य मे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज संत निरंकारी सत्संग भवन सिटी सेंटर मॉल के पीछे अघन नगर में किया गया जिसमें 70 पुरुषों एवं 15 महिलाओं इस प्रकार कुल 85 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, इस आयोजन में संत निरंकारी मिशन के सेवादार भाइयों एवं बहनों तथा कोमल देव जिला अस्पताल के समस्त स्टाफ ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया इस कार्यक्रम में कांकेर के विधायक आशाराम नेताम भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन नपा अध्यक्ष अरुण कौशिक कांकेर नगर पालिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव एवं कांकेर कांचेका अध्यक्ष अनूप शर्मा ने कार्यक्रम मे पहुंचकर उत्साह वर्धन किया उपरोक्त जानकारी संत निरंकारी मिशन ब्रांच कांकेर के संयोजक राजा देवनानी के द्वारा दी गई

1 मई को आयोजित होगी पीपीटी की प्रवेश परीक्षा

बलरामपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्रदेश भर में 01 मई 2025 को पीपीटी 2025 प्रवेश परीक्षा प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित कि गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में भी उक्त परीक्षा शासकीय नवीन महाविद्यालय बलरामपुर में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय नवीन महाविद्यालय बलरामपुर के लिए केन्द्राध्यक्ष एवं आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री नन्द कुमार देवांगन मोबाईल नंबर 99779-20198 एवं सहायक संचालक उद्यान श्री कमलेश साहू मोबाईल नंबर 96173-14333 को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

हज में जाने वाले हाजियों को प्रशिक्षण दिया गया

देश प्रदेश में अमन शांति की दुआ करे हाजी : विधायक

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर में वर्ष 2025 में हज यात्रा पर जाने वाले बस्तर संभाग से कुल 82 हाजी मक्का मदीने की जियारत करेंगे।24 अप्रैल 2025 को कांकेर शहर के होटल ग्रीन पॉम, में हज कमेटी के हज ट्रेनरों द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधायक आशाराम नेताम मत्स्य बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा नपाध्यक्ष अध्यक्ष अरुण कौशिक भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव ने हज में जाने वाले हाजियों को मुबारक बाद दिए और उन्हें देश एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआएं करने के लिए कहा गया है।उक्त कार्यक्रम को संचालित करने में हाजी वली मोहम्मद की भूमिका अहम रही।शिविर की शुरुआत मास्टर ट्रेनर्स डॉ.कारी इमरान अशरफी ने तिलावते कुरान से की।

हज में जाने वाले लोगों को हज कमेटी द्वारा हज कमेटी ऑफइंडिया भारत सरकार अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा किए गए इंतजाम के बीच बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।शिविर में हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों ने प्रशिक्षण लिया।हज यात्रियों को संबोधित करते हुए राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी सचिव डॉक्टर एस ए फारूकी द्वारा हज यात्रा के इंतजामात का विस्तृत विवरण देते हुए सभी हज यात्रियों को मुबारकबाद दी। इसमें हज ट्रेनर हाजी सैय्यद सलीम अशरफ द्वारा हज की एहमियत और उसे सही ढंग से करने का तरीका वीडियो पॉवर पाइंट द्वारा एक एक बिन्दु को गहनता से समझाया। इसके बाद एयरपोर्ट के नियम और सऊदी अरब में जो कानून है, उनकी जानकारी दी। हज यात्रियों को कांसिलेट जनरल ऑफ इंडिया जद्दा द्वारा तैयारी की गई हज फिल्म भी दिखाई गई। साथ ही इस बार यहां खास बात ये रही कि हज कमेटी ऑफइंडिया द्वारा तैयार किए गए एप हज सुविधा एप के संचालन का विशेष रूप से सभी को प्रशिक्षित किया गया।

दिन भर चले इस प्रशिक्षण में मोहम्मद असलम खान, डॉ.एस ए फारूकी मास्टर ट्रेनर्स डॉ कारी इमरान अशरफी, हाजी अब्दुल रज्जाक, हाजी मौलाना रिफ्त अली,जनाब इमरान खान मेंबर हज कमेटी,हाजी सैय्यद सलीम, हज इंस्पेक्टर एहतिशाम अहमद शेख अमान, मो. हाशिर, ने शिविर में शामिल हज यात्रियों को हज्जे बैतुल्लाह जियारत रसूल अल्लाह और जियारत मदीना और जियारत मक्का व अरकाने हज के संबंध में प्रशिक्षण, हज सुविधा एप्स संचालन का प्रशिक्षण दिया।

कांकेर में हज कमेटी की ओर से परीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहम्मद इमरान मेमन मोहम्मद जुनैद मेमन अब्दुल कादिर सराहनीय योगदान रहा।

टेकनार में हुआ अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

- ग्रामीणों को अब घर के समीप ही मिलेगी शासन की समस्त बैंकिंग सेवाएं

दंतेवाड़ा// नवप्रदेश। आज राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर के अवसर पर विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम टेकनार में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। राज्य शासन की मंशानुसार अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में नागरिक सेवाओं को अधिकाधिक जन सुलभ बनाने के लिए पंचायत स्तर पर ही सभी लाभ दिए जाएगें। इसके तहत वित्तीय समावेशन सेवाएं जैसे नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, बीमा ऑनलाइन, पैन कार्ड, पीएससी सेवा प्रदाय, विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन, पासपोर्ट, आवेदन बिजली बिल भुगतान, के साथ-साथ जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं भी पंचायत स्तर पर उपलब्ध होगी।

इस मौके पर ग्राम पंचायत भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वर्चुअल संबोधन भी ग्रामीणों के मध्य हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों को पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश में 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का प्रारंभ किया गया है। इस सुविधा केंद्र के प्रारंभ होने से सभी ग्रामीण हितग्राहियों को शासन की समस्त योजनाओं के पंजीयन से लेकर बैंकिंग लेन देने के लिए ग्राम से शहर जाने के दिक्कत से मुक्ति मिलेगी। फिर चाहे वह प्रधानमंत्री आवास महतारी वंदन योजना की राशि प्रदाय अथवा पेंशन प्रदाय अथवा मनरेगा भुगतान हो किसी भी प्रकार अनावश्यक विलंब से ग्रामीण अब मुक्त होगें। इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में जल संरक्षण के उपायों को प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि घटते जल स्तर से बचाव हेतु हम वर्षा के जल का संरक्षण कर इसे एक महा अभियान का रूप दें।

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि मेरी हालिया पदस्थापना के बाद मेरा यह पहला दौरा ग्राम टेकनार पंचायत में हुआ है। और यहां की मांगों और समस्याओं को उन्होंने संज्ञान में लिया है। उन्होंने आगे कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का प्रारंभ होने से अब स्थानीय ग्रामीणों को अपनी बैंकिंग सेवाओं सहित अन्य योजनाओं से संबंधित भुगतान हेतु कार्यालय में जाना नहीं पड़ेगा। अतः ग्रामीण इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। ग्राम वासियों के किसी प्रकार की समस्याओं दिक्कतों के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्पर है उन्होंने ग्राम के सरपंच और पंचायत कर्मचारियों को अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में दी जा रही सुविधाओं को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित भी किया।

पैराडाइज स्कूल के बालवाटिका के शिक्षकों द्वारा नैतिक शिक्षा की अनूठी पहल

- विभिन्न नैतिक कहानियों को 'स्टोरी टेलिंग'के माध्यम से प्रस्तुत किया

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई.स्कूल के बालवाटिका के शिक्षकों के द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों को विभिन्न नैतिक कहानियों को अभिनय के साथ आकर्षक ढंग से बच्चों के सामने प्रस्तुत किया गया, जिससे बच्चों में मनोरंजन के साथ-साथ6यूवी66जी नैतिक गुणों का संचार हुआ। बालवाटिका के शिक्षकों ने विभिन्न वेशभूषा एवं मुखौटा के द्वारा अंग्रेजी में कहानी ''द कैप सेलर एण्ड द मनकी' द टॉरटाइस एण्ड रेबिट'' तथा हिन्दी कहानी ''गडरिया एवं शेर'' की नैतिक कहानियों को अभिनय के साथ बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। कहानी एवं नाटक के माध्यम से शिक्षकों ने अपनी विशेष शिक्षण शैली एवं रचनात्मकता का परिचय दिया। इस स्टोरी टेलिंग ऐक्टिवीटि में अतिथि के रूप मे हिन्दी के वरिष्ठ व्याख्याता गोपालराम जैंन उपस्थित रहें।इस शिक्षा प्रद नैतिक कहानियों को नाटक के माध्यम से देखकर एवं सुनकर सभी बच्चों ने बहुत ही आंनद के साथ विभिन्न नैतिक गुणों को सीखा।

संक्षिप्त खबरें

जुआ फड़ में रेड, 22 हजार से ज्यादा रकम जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भलेसर के नयापारा आम बगीचे में चल रहे जुआ फड़ में पुलिस ने छापा मारकर 5 लोगों को पकड़ा है। उनसे साढ़े 22 हजार रुपए, मोबाइल और पांच बाइक जब्त की है। आरोपियों के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की और जुआ खेल रहे भलेसर के तामेश्वर सिन्हा, गोविंद कुमार सिन्हा, मोहन पटेल, मानिकराम नायक पतोरा (फिंगेश्वर) एवं ओंकेश्वर चंद्राकर खैरा को पकड़ा है। आरोपियों के पास से नगद 22,500 रुपए, चार मोबाइल कीमत 16 हजार रुपए, पांच बाइक कुल कीमत 1,12,000 रुपए सहित कुल 1,51,000 रुपये जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

आरुणी दानी बने विधायक प्रतिनिधि

धमधा/नवप्रदेश। स्थानीय नगर पंचायत साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राजनंदगांव जिला सह प्रभारी पूर्व पार्षद व पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष आरुणी दानी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है इस नियुक्ति के पश्चात भाजपा धमधा मंडल युवा मोर्चा महिला मोर्चा वि अन्य सदस्यों ने खुशी जाहिर की व जी पी काम्प्लेक्स पहुँच कर मुंह मीठा करा कर बधाई दी इस मौके पर आरुणी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सारे कार्यकर्ताओं व क्षेत्र वासियो के मान सम्मान का धायां रख कर जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे उनके सम्मान को खुद का सम्मान बताया साथ ही सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास के मूल मंत्र को आगे बढ़ाकर कार्य करने की बात कही और बताया कि बीते कई वर्षों में स्थानीय नगर पंचायत में कांग्रेस के सरकार के कारण भारी भ्रष्टाचार व भेदभाव हुआ है पूर्व की सरकार में पत्र हितग्राहियो को वंचित रखा गया था अब भाजपा सरकार के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियो को 2.0 प्रधानमंत्री आवास योजना देने का लक्ष्य है उसे जल्द पूरा करेंगे साथ ही नगर में व्याप्त पेयजल की घनघोर समस्याओं को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य करने की बात कही व इस मौके पर साजा के विधायक श्री ईश्वर साहू का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया

एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में विशेष बैठक बुलाने सौंपा आवेदन

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष और भाजपा पार्षदों ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर शीघ्र ही विशेष बैठक बुलाने नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को गुरुवार को ज्ञापन सौंपा है। देवीचंद राठी ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने के लिए परिषद की बैठक में शामिल करने के लिए 17 अप्रैल को आवेदन दिया गया था। परिषद की बैठक में निवेदन करने तथा लगभग 20 सदस्यों के समर्थन के बावजूद अध्यक्ष द्वारा चर्चा में नहीं लेने से गुरुवार को पुनः नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नगर पालिका अधिनियम की धारा 57 के अंतर्गत विशेष सम्मेलन बुलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया गया। आवेदन सौंपने के दौरान नगर पालिका के पार्षद पवन पटेल, नानू भाई, शुभ्रा शर्मा, जरीना हफिज कुरैशी, माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, कल्पणा सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदू, प्रीति बादल मक्कड़, निश्चय पूनम चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेन्द्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी मौजूद थे।

युवक के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरपंच घर के शादी कार्यक्रम से लौट रहे युवकों के साथ देर रात तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पिथौरा थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को मेमरा निवासी गणेश यादव ने बताया कि 23 अप्रैल को वह अपने फूफा हीरालाल यादव के गांव कौड़ियापारा पिलवापाली गया था। जहां सरपंच के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह कौड़ियापारा पिलवापाली के दोस्त योगेश बरिहा, त्रिलोक बरिहा, बिहारी बरिहा, उत्तम बरिहा एवं उत्तर बरिहा के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान बिरहाडीपा-पिलवापाली मार्ग में महुआ पेड़ के पास रात करीब 2 बजे रितिक ठाकुर, सोमदेव ठाकुर, आशीष चौहान ने उसके दोस्त योगेश बरिहा को रोक कर गाली गलौज करने लगा। जब उन्हें मना किया तो रितिक ठाकुर ने स्टील की पाइप, सोमदेव ठाकुर ने डंडे एवं आशीष चौहान कड़ा से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से बिहारी बरिहा के कमर में, योगेश बरिहा से हाथ मुक्का से मारपीट की वहीं ऋतिक ठाकुर, सोमदेव ठाकुर, आशीष चौहान द्वारा मारपीट करने से उनकी दाहिनी कलाई, सिर, माथे एवं पीठ में चोटें आई है। पुलिस ने खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

खैरागढ़/नवप्रदेश। नाबालिग बालिका को भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायालय ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। घटना नवम्बर 2019 की है। आरोपी टाकेन्द्र उर्फटिकु वर्मा 27 वर्ष ग्राम केसला द्वारा क्षेत्र की एक नाबालिग लडक़ी को व्यपहरण कर नाबालिक लडक़ी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी पर धारा 363, 366, 376(2)(जे)(एन) भारतीय दण्ड संहिता की एवं धारा 3 के उल्लघंन में धारा 4 लैंगिक अपराधों से बालको का सरक्षण अधिनियम 2012 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण न्यायालय मे प्रस्तुत किया था । अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत किए गए गवाह एवं सबूतों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी पर दोष सिद्ध होने के बाद धारा 363 में 7 वर्ष की सजा और 1000/ रुपए जुर्माना धारा 366 में 10 वर्ष सजा और 1000/ रुपए जुर्माना , लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम धारा 3 के उल्लंघन में 20 वर्ष की सजा के साथ 3,000/ रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना न भरने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास होगा। कार्यवाही केसीजी पुलिस की समर्थ अभियान के तहत हुई।

पंचायती राज दिवस पर जिले के 20 पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का लोकार्पण

- **गांवों में अब मिलेगी बैंकिंग, डिजिटल सेवा सहित प्रमाण पत्रों की सुविधाएं**
- **समूह की 4 महिलाओं को चेक तथा स्वामित्व योजना के 12 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख बांटे**

खैरागढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के 20 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का लोकार्पण किया गया। जिले के दोनों विकासखंडों खैरागढ़ एवं छुईखदान के 10-10 ग्राम पंचायतों में इन केंद्रों की स्थापना के बाद इन केंद्रों के माध्यम से अब ग्रामीण नागरिकों को बैंकिंग सेवाएं, डिजिटल भुगतान, जन्म-मृत्यु पंजीयन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक सेवाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी, जिससे समय, संसाधन और श्रम की बचत होगी। जिले मे मुख्य कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत मुढ़ीपार

में आयोजित किया गया। जहां कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर चंद्रवाल ने महात्मा गांधी के तैल चित्र में पुष्प अर्पण करते पर मुढ़ीपार के पंचायत भवन में अटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर दो महिला हितग्राहियों ने अपने खातों से महतारी वंदन योजना की 1000-1000 रुपए भी निकाले। इस दौरान कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने बिहान अंतर्गत स्व सहायता समूह की 4 महिलाओं को चेक तथा स्वामित्व योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किया । राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जिला पंचायत सदस्य अरुणा सिंह, सरपंच कुमेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के तहत विकासखण्ड खैरागढ़ अंतर्गत ग्राम बलदेवपुर,चारभाठ्ठा, चिचोला, देवारीभाठ ढोंलियाकन्हार, गर्रापार, मुढ़ीपार, मुतेड़ा, जूनवानी, जोरातराई तथा विकासखण्ड छुईखदान अंतर्गत आमगांव, बांगुर, चोभर, धोधा, खादी, कोपरो, कुम्हरवाड़ा, पेंडरवानी, रामपुर, संडी में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र शुरू की गई है।

पानी में कीटनाशक मिलाकर चीतल और करंट से सुअर का शिकार, तीन गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। शिकार करने के नियत से जंगल में गड्ढा खोदा कर पानी में ज़हर मिला पानी पीने से चीतल की मौत और खपराखोल जंगल में करंट बिछाकर जंगली सुअर का शिकार करने वाले तीन लोगों के खिलाफ वन विभाग ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जुडिशियल रिमांड पर जेल भेजा है।

महासमुंद जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के बुंदेली के जंगल में शिकार करने के उद्देश्य से गड्ढा खोदकर कीटनाशक दवा मिलाने से चीतल की मौत हो गई। वहीं एक दूसरे मामले में खपराखोल जंगल में करंट बिछाकर जंगली सुअर का शिकार करने वाले लोगों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। विभाग ने तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1977 की धारा 9,50,51 के तहत अपराध दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बुंदेली निवासी कदर गोंड़ (53) ने अपने खेत में एक छोटा सा गड्ढा बनाकर उसमें सोलर ट्यूबवेल से पानी भरा और उसमें कीटनाशक दवा मिला दी। भरी गर्मी में पानी की तलाश में एक मादा चीतल गड्ढे तक जा पहुंचा और उसका पानी पीने के बाद चीतल की मौत हो गई। उसी गड्ढे से पानी पीने से एक बैल की भी मौत हो गयी। प्रभारी रेंजर सालिकराम डड़सेना ने बताया कि आरोपी के खेत में कोई फसल नहीं लगी थी और यह गड्ढा केवल शिकार के उद्देश्य से तैयार किया गया था। चीतल और बैल की मौत की सूचना पर मामले की जांच के बाद कदर गोंड को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरी घटना के विषय में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगल से लगे खेतों में करंट फैलाकर जंगली जानवरों का शिकार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि ग्राम खपराखोल निवासी भारत तेली, यशवंत ठाकुर व अन्य ने खेत में बिजली के नंगे तार बिछाए और उनमें करंट प्रवाहित कर दिया। इसी करंट की चपेट में आकर एक जंगली सुअर की मौके पर ही मौत हो गई। वन विभाग ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस शिकार कांड में संलिप्त अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

सप्ताहभर में तीन चीतल और एक जंगली सुअर की मौत

गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र पिथौरा में पिछले एक सप्ताह के अंदर गिरना, बुंदेली, भिथीडीह और खपराखोल के जंगलों में कुल तीन चीतल और एक जंगली सुअर की मौत हो चुकी है।

पांडादाह में रामकथा की शुरूआत

- **श्रीराम कथा श्रवण के लिए समय निकालने से ही मिलेगा श्रीराम कथा का आनंद**

पांडादाह/खैरागढ़/नवप्रदेश। मंदिर सेवा समिति पांडादाह के द्वारा आयोजित रामकथा समागम की शुरुआत हुई। में सुप्रसिद्ध कथा वाचक महाराज सत्यनारायण शर्मा द्वारा श्रीरामकथा के प्रथम दिवस में धर्म क्या है इसको लेकर व्याख्या करते हुए बताया कि सत्य सबसे बड़ा धर्म है किन्तु कुछ ऐसी परिस्थितियां भी उत्पन्न होती है जहां असत्य बोलना भी पुण्य का काम होता है। विभिन्न उदाहरण देते हुए शर्मा ने बताया कि कलयुग में चार धर्म है सत्य,तप,दया और दान। रामचरित मानस पर कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामचरित मानस लिखी जिसके पश्चात पुनः उन्होंने तुलसीदास के रुप में आकर रामचरित मानस लिखी। महाराज सत्यनारायण शर्मा जी ने कहा कि रामचरित मानस में सभी रस मिलेंगे। कलयुग में केवल राम का नाम ही सार है जहां भी श्रीराम कथा हो रही है वहां कथा श्रवण के लिए अपने काम से समय निकालना पड़ेगा तभी श्रीराम कथा का आनंद मिलेगा। कथा में शर्मा ने माता सती की कथा सुनाते कहा राजा दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया जिसमें भोलेनाथ को आमंत्रित नही किया गया जिससे क्रोधित माता सती ने अपना देह त्याग दिया जिसके पश्चात पुनः पार्वती के रुप में उन्होंने जन्म लिया और भोलेनाथ से उनका विवाह हुआ। रामकथा के दौरान जगन्नाथ मंदिर में सुप्रसिद्ध कथावाचक युवराज पांडे के आगमन पर मंदिर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। युवराज पांडे ने जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किये और सोशल मीडिया में वायरल अपने गीत को सुनाया। इस दौरान मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष पं मिहिर झा, सचिव राजू यादव, जनपद सदस्य सरस्वती यदु, संतोष कर्ष, सन्नी यदु, रिंकू महोबिया, कमलेश यदु, बंशी वर्मा, सतेन्द्र साहू, पंकज सिंह, रामेश्वर रामटेके, सुयश खरे, संजय यदु, संजू महाजन,आरती महोबिया, संतोष वैष्णव, पुष्पा यदु, रेखा यादव, सोमनिशा खरे,भानबाई सिन्हा, नितेश देवांगन सहित पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतवर्ष '1 जून 2024 से 31 मई 2025' को पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं के लिए पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता, चलचित्र प्रदर्शन एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। छात्राओं ने पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन के विविध प्रसंगों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. टी. एल. वर्मा थे, उन्होंने देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवन-यात्रा एवं उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए महत्वपूर्ण कार्य तथा योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही छात्राओं को उनके गुणों को अपने भीतर विकसित करने एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या नारी सशक्तीकरण का अनुपम उदाहरण हैं। उनके द्वारा समाज व राष्ट्र को दिए अवदान को हमें स्मरण रखना चाहिए तथा युवा पीढ़ी का दायित्व है कि उनके जीवन का अनुकरण करें। कार्यक्रम की संयोजक हिंदी की सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज चक्रधर रहीं। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया कि लोकमाता देवी अहिल्या द्वारा पर्यावरण संवर्द्धन की दिशा में किए महान कार्यों से हमें प्रेरणा ग्रहण कर जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करना चाहिए।

विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में देवी अहिल्या के प्रेरणास्पद जीवन से जुड़ी पुस्तिका भी छात्राओं को वितरित की गई एवं छात्राओं से आग्रह किया गया कि इस पुस्तिका को पढ़ें एवं अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. एल.एम. यादव, डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रागिनी तिवारी, डॉ. बीटारानी खलखो, विक्रांत सिंग गावस्कर, योगेश देवांगन, खुशबू कश्यप, प्रियंका साहू, तुलेश्वरी साहू, डॉ. तिशा डे एवं छात्राएँ उपस्थित रहे ।

अवैध शराब तस्करी में संलिप्त पांच आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- **तीन अलग-अलग मामलों में कुल 199 पौवा देशी प्लेन मदिरा एवं तीन मोटर सायकल जप्त**

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कबीरधाम में अवैध सट्टा, जुआ और शराब के विरुद्ध सख्त अभियान चलाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पंडरिया श्री भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कुंडा निरीक्षक महेश प्रधान के नेतृत्व में 25 अप्रैल 2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा ग्राम सेन्हाभाठा (पानी टंकी के पास), ग्राम पेंड्रीकला (हाफनदी पुल के पास) एवं सतनामी पारा कुण्डा (माकरी रोड, तालाब के पास) में घेराबंदी कर त्वरित रेड कार्रवाई की गई।

प्रथम प्रकरण में आरोपी महेन्द्र दिवाकर (पिता ङ्क राजकुमार दिवाकर, उम्र ङ्क 24 वर्ष, निवासी सारंगपुर, थाना फास्टरपुर, जिला मुंगेली) एवं डोमेश चेस्कपर (पिता ङ्क पुरन दास, उम्र ङ्क 24 वर्ष, निवासी बोदा, थाना फास्टरपुर, जिला मुंगेली) के संयुक्त कब्जे से कुल 72 पौवा देशी प्लेन मदिरा (प्रत्येक में 180 मिली लीटर, कुल 12.960 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत ?5760) बरामद की गई। इनके पास से एक पुरानी इस्तेमाल की गई मोटर सायकल (होंडा सीडी 110, क्रमांक ष्टत्र 28 रू6029, कीमत ?45,000) भी जब्त की गई। कुल बरामदगी ?50,760 मूल्य की रही।

घर में लगी आग महिला की जलकर मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पीढ़ी के एक मकान में बुधवार की देर रात आग लग गई। इस आग से घर में सो रही एक 55 वर्षीया महिला की जलकर मौत हो गई। घर भी जलकर खाक हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घर में आग कैसे लगी, अब तक कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच में जुटी है। तुमगांव थाना प्रभारी हितेश जंघेल ने बताया कि मृतका पूर्णिमा शर्मा पति स्व. जितेन्द्र शर्मा पीढ़ी की रहने वाली थी। बुधवार रात करीब 1 बजे उनके बेटे राहुल शर्मा और पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि राहुल नाराज होकर रात करीब 9.30 बजे घर से निकल गया। इधर, उनकी पत्नी भी रात 12 बजे अपने मायके चली गई। मृतका घर में अकेली थी। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिवार को सौंपा गया है।

मड़ौदा में गीत यामिनी का आयोजन

रचनाकार विनय शरण सिंह की दो पुस्तकों का विमोचन

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन रायपुर , पाठक मंच खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मड़ौदा में आयोजित गीत यामिनी कार्यक्रम के मंच में नगर के रचनाकार विनय शरण सिंह की दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। बाल नाटक जंगल के पहरेदार और बाल गीत पींयर पींयर फूल के विमोचन के पश्चात मंच पर उपस्थित साहित्यकारों ने दोनों कृतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की । प्रसिद्ध व्यंग्यकार एवं प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि विनय शरण सिंह की दोनों कृतियां बाल मनोभावों के अनुरूप रोचक एवं उद्देश्य परक हैं। महामंत्री प्रो. डा राकेश तिवारी ने कहा कि संग्रह के बालगीतों में लयात्मकता एवं तरल प्रवाह है । गीतकार डा जीवन यदु ने कहा कि रचनाकार विनय शरण सिंह बाल मनोविज्ञान के अध्येता हैं, इसलिए उनकी रचनाएं रोचक एवं दृश्यात्मक हैं तथा ध्वन्यात्मकता के गुणों से परिपूर्ण हैं । पाठक मंच के संयोजक डा प्रशांत झा ने कहा कि ये कृतियां छ ग की सीमा से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पढ़ी जाएंगी और पाठ्यक्रमों में स्थान पाएंगी।

अवैध शराब पर कार्यवाही नहीं

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के कई ग्रामीण इलाको मे दूसरो जिलो से आ रही शराब की अवैध खेप से अवैध शराब की बिक्री पर लगाम नही कसा जा सका है । इसकी लगातार शिकायत के बाद भी आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही नही होने से अवैध शराब कारोबारियों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे है । जिले के जालबांधा इलाके मे जालबांधा, मोंहदी चौक, रंगकठेरा, करमतरा, बीजलदेही, सलोनी, शेरगढ़ इलाके मे दूसरे जिलो से अवैध शराब की बड़ी खेप पहुँचाकर कोचियो को उपलब्ध कराई जा रही है । जिसके कारण आसानी से लोगो को अवैध शराब उपलब्ध हो रहा है । इन कोचियो पर कार्यवाही नही होने इनके हौसले बुलंद हो चुके है । और खुलेआम अवैध शराब बिक्री का खेल लगातार जारी है ।

पहलगाम में हुए नरसंहार पर मुस्लिम समाज ने आतंकवाद का पुतला दहन किया

खैरागढ़/नवप्रदेश। कश्मीर के पहलगाम में हुये नरसंहार पर मुस्लिम समाज ने जिला मुख्यालय के जय स्तंभ चौक में आतंकवाद का पुतला दहन किया.। आतंकवाद का पुतला दहन करने के पूर्व कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए लोगों को 2 मिनट मौन धारण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी। जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों सदस्यों ने कहा कि इंसानियत को दागदार करने वाले हैवान नीच दरिंदों को उनके घर में घुसकर मारे सरकार, क्योंकि अब वक्त आ गया है ऐसे घटिया मानसिकता के खूनी दरिंदों को कड़ा सबक सिखाया जाएं । देश की जाबांज लड़ाकों से परिपूर्ण सेना को खुली छूट दी जाएं ताकि हमारी सेना आतंकियों के घर में घुसकर उन्हें मारे और हमारे देश और विदेश से आएं हुये पर्यटकों को जो नीच दरिंदों की कायराना

हरकत की वज़ह से शहीद हो चुके है उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके. मुस्लिम समाज ने कहा कि इस दुखद घटना की जितनी निंदा की जाएं वो कम पड़ेगी. इस दौरान जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, अरशद हुसैन, जफर हुसैन खान, शमशुल होदा खान. याहिया नियाज़ी अय्यूब सोलंकी निजामुद्दीन खान, इम्तियाज हुसैन, खलील कुरैशी, फारुख मेमन, डॉ. मकसूद अहमद, अय्यूब सोलंकी, कदीर कुरैशी, सैय्यद अल्ताफ अली, जुनैद खान, मतीन अशरफ़ अशरफ़ खान आशू, इमरानुद्दीन रिज़्वी, राजा सोलंकी, हाजी जाहिद अली, इरफ़ान मेमन, सादिक मोतीवाला, तारिक अमान, रफीक खान, नसीम खान रैनी, जहीम खान, लक्की सोलंकी, फारुख सोलंकी, जाफर झाड़ूदिया, रेयान मेमन, अदान खान, आतिफ सोलंकी व अब्बास खान सहित बड़ी संख्या में जिला मुस्लिम समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

पेण्ड्रा नपा अध्यक्ष की पहल पर शीतल शरबत जल प्याऊ शुरू

पेंड्रा/नवप्रदेश। पेण्ड्रा में भीषण गर्मी को देखते हुएक़ पेण्ड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने एक सराहनीय पहल की है।दुर्गा चौक बस स्टैंड पेण्ड्रा में शीतल शरबत जल की शुरुआत की गई है।नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा आम जन को शीतल शरबत पिलाकर इसका शुभारंभ किया गया।राकेश जालान ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह पहल की गई है इस समय भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है।इससे राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है।पेण्ड्रा का दुर्गा एक ऐसा चौराहा है जहाँ पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है इस शीतल शरबत प्याऊ के खुलने से सफर व काम पर आने जाने वाले आमलोगों को राहत की सांस मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह नगरपालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता,पार्षद पारस चौधरी ,प्रशांत श्रीवास ,प्रवेश शर्मा,मनोज साहू,आकाश केसरी उपस्थित थे।

183 श्रद्धालुओं का दल जगन्नाथपुरी के लिए रवाना

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज मुंगेली जिला कलेक्टोरेट परिसर से 183 श्रद्धालुओं का दल जगन्नाथपुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क के लिए रवाना हुआ। इन श्रद्धालुओं में वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ विधवा एवं परित्यक्त महिलाएं भी शामिल हैं। सभी श्रद्धालुओं को पुष्पमाला पहनाकर और बस को हरी झंडी दिखाकर नवपदस्थ कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप यह योजना श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगी। उन्होंने सभी यात्रियों को मंगलमय और सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि सभी श्रद्धालु बिलासपुर से सर्व-सुविधा युक्त एसी कोच ट्रेन द्वारा जगन्नाथपुरी, भुवनेश्वर व कोणार्क में दर्शन-पूजन के उपरांत 27 अप्रैल को मुंगेली वापस लौटेंगे। यात्रा के दौरान उन्हें निःशुल्क भोजन व रहने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता किट और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

नवपदस्थ कलेक्टर से लोगों को उम्मीद-रुके हुए कामों को गति मिलेगी

स्वीकृत राशि का सही उपयोग नहीं, विकास कार्य अधर में

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले कि कल्याणकारी योजनाओं को क्रियांवयन कराने कि इच्छा शक्ति अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों में नही होने के कारण जिले कि अनेक योजनाओं की राशि स्वीकृत होने के बाद भी प्रारंभ भी नही हो पाई है। जिले में स्वीकृत ऑटोटोरियम कन्या महाविद्यालय के लिये स्वीकृत राशि का भी सदुपयोग नही हो पा रहा है। संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण विकास कार्य नही हो पा रहे है। जिले मे नव पदस्थ कलेक्टर के आने से लोगों मे आशा है कि रूके हुए कामों को गति मिलेगी।

जिले के तीनों विधानसभाओं में सत्तापक्ष के विधायक है,फिर भी मुंगेली शहर के विकास घोषणाऐे तक सीमित रही जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही, जिले का समुचित विकास धरातल पर दृष्टिगोचर नहीं हो पा रहा।शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये बजट में महाविद्यालय भवन की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जमीन नही मिल पा रही है। जमीन न मिलने के कारण कन्या महाविद्यालय के लिये स्वीकृत राशि समाप्त न हो जाए। जिले में शासन द्वारा अनेक सौगाते तो दी जाती है,किन्तु जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सही नही होने से समय पर उसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नही मिल पाता। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये बजट में महाविद्यालय भवन की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जमीन नही मिल पा

रही है। महाविद्यालय में स्वीकृत पद के अनुसार 21 स्टाफकी स्वीकृति है जिसमें से कॉमर्स के 2, आर्ट 2, साइंस 1 पद लेक्चरर, क्लर्क वरिष्ठ 1,क्लर्क कनिष्ठ 1,टेक्निशियन 1,चतुर्थ श्रेणी में पोस्टिंग नही है। 4 पोस्ट लैब अटेंडेंट रिक्त है।उधार के भवन में महाविद्यालय संचालित हो रहा है। विगत दो वर्षो से करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में संचालित महाविद्यालय का स्वयं का भवन नही रहने से व्यवस्थित संचालन नही हो पा रहा है। शासन ने मुंगेली को 2022-23 में नवीन कन्या महाविद्यालय की सौगात तो दी। करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में संचालित महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। महाविद्यालय भवन के लिये जमीन 5 एकड़ से अधिक होने पर यूजीसी का ग्राण्ट महाविद्यालय को मिलता है। शासन से महाविद्यालय के भवन हेतु शासन से प्रथम किश्त के रूप में 1 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रशासनिक स्तर पर जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन नही मिलने से महाविद्यालय भवन का कार्य प्रारंभ नही हो पा रहा है। जमीन न मिलने के कारण कन्या महाविद्यालय के लिये स्वीकृत राशि समाप्त न हो जाए।

क्या कहते हैं अफसर

*शासन से नवीन कन्या महविद्यालय भवन के लिये राशि की स्वीकृति मिल चुकी है, जमीन नही मिल पाने की वजह से कार्य आगे नही बढ़ पाया है।

- प्राचार्या, डॉ, प्राची सिंह, नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली

* नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही कि जा रही है, जल्द ही इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा।

जी, एल यादव, संयुक्त कलेक्टर

*नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये जमीन अधिग्रहण का कार्य तेजी से किया जा रहा है कुछ आपत्तियां आई थी जिसका निराकरण जल्द ही पुर्ण कर ली जाएगी।

पार्वती पटेल, एसडीएम

शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की

सफल विद्यार्थियों को प्राचार्य और एसएमडीसी अध्यक्ष ने किया सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा मुंगेली के शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। सफल विद्यार्थियों को शाला प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव ने बधाई दी। प्राचार्य डॉ. यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए विद्यार्थियों को दृढ़ इच्छा शक्ति एवं लगन के साथ पढ़ाई कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बनने और विद्यालय, मुंगेली एवं प्रदेश के नाम रौशन करने की बात कही।

प्रगति प्रत्रक वितरण करते हुए एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव एवं शाला प्राचार्य ने कक्षा मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को लेखनी भेंटकर कर सम्मानित किया। एलकेजी से कक्षा 4थी तक एवं कक्षा 6वीं व 7वीं दोनों माध्यम का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम

9वीं का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। इस कक्षा में 98.33 प्रतिशत के साथ श्रेया कश्यप प्रथम, 95.50 प्रतिशत अंक के साथ शांभवी सोनी द्वितीय रही। कक्षा 11वी गणित का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

91.4 प्रतिशत के साथ दृष्टि शर्मा प्रथम एवं 90.2 प्रतिशत के साथ आयुषी उपाध्याय द्वितीय रही। कक्षा 11वी जीव विज्ञान का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। जिसमें 94.6 प्रतिशत के साथ श्वेता लहरे प्रथम एवं 77.8 प्रतिशत के साथ नंदकिशोर वर्मा द्वितीय रहे। इसी प्रकार कक्षा 11वी वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 72 प्रतिशत रहा। इसमें 93 प्रतिशत के साथ साक्षी राजपूत प्रथम एवं 90 प्रतिशत अंकों के साथ गरिमा तंबोली द्वितीय रही। हिन्दी माध्यम कक्षा 9वीं में 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रज्ञा कश्यप प्रथम एवं 95 प्रतिशत के साथ लक्ष्मण द्वितीय रहें।

कक्षा 11वीं जीव विज्ञान में 88 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसमें 87.4 प्रतिशत के साथ स्वीटी पाटले प्रथम एवं 84.2 प्रतिशत के साथ तरुण सिंह द्वितीय रहें। कक्षा 11वीं गणित में 75 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसमें 85.2 प्रतिशत अंक के साथ अनामिका प्रथम एवं 84.4 प्रतिशत अंक के साथ संतोषी भास्कर द्वितीय रही। कक्षा 11वी वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा। इसमें 72.8 प्रतिशत अंकों के साथ नागेश्वरी प्रथम एवं 71.8 प्रतिशत के साथ वर्षा द्वितीय रही। प्राचार्य सहित शाला परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिये एवं सतत अध्ययन कर आगे शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर एसएमडीसी सदस्य हीरालाल साहू, ममता पाटले, पालक मोहित यादव, मंजुला शर्मा, भानू सोनी, पवन कुमार कश्यप, दुर्गेश देवांगन, तेज बहादूर साहू, गोविंद पाटले, भूपेन्द्र धीरे, परीक्षा प्रभारी पंकज मिश्रा, व्याख्याता महादेव यादव, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू, राहुल वर्मा, सांत्वना दत्ता, संध्या कुजूर, वंदिता गुप्ता, पारूल ओझा, रूही फातिमा, पुष्पांजली कोशले, सविता देवांगन, रीना मरावी, रंजिता कैवर्त्त, ज्योति जायसवाल, पीटीआई राजेंद्र प्रसाद साहू, साकेत शुक्ला, राहुल यादव सहित सभी कक्षा शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहें।

पेण्ड्रारोड से नागपुर तक रेल सेवा विस्तार का मांगपत्र सौंपा

पेण्ड्रा /नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू के पेण्ड्रारोड आगमन पर जीपीएम जिला पंचायत के उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने पेण्ड्रारोड से नागपुर तक रेल सेवा शुरु करने सहित 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने मांग किया कि जीपीएम जिले से नागपुर ईलाज कराने सहित विभिन्न कामों से बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। लेकिन ट्रेन की सीधी सुविधा नहीं होने से बिलासपुर से ट्रेन बदलना पड़ता है जिससे काफी परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ता है। इसलिए पेण्ड्रारोड से नागपुर तक रेल सेवा का विस्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कटनी अनूपपुर रेल मार्ग से पेण्ड्रारोड होकर दुर्ग की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों के नामों का सुझाव भी नागपुर तक विस्तार करने के लिए दिया है। इसी तरह राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को जिले में नवोदय विद्यालय की स्थापना एवं पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन में स्वचालित सीढ़ी की स्थापना का मांगपत्र भी सौंपा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, भाजपा जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, द्वारिका सोनी, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा पैकरा, विनय सूर्यवानी, संतोष तिवारी, मनीष जायसवाल, देवशरण राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पीएमश्री स्कूल में हुई घटना की जांच कर कार्रवाई करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पेंड्रा/नवप्रदेश। विगत दिवस पी.एम.श्री आत्मानंद स्कूल मरवाही में स्कूल के शिक्षक द्वारा दुष्कृत्य किया गया उक्त हुई घटना की सूक्ष्म जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने निम्न मांग की है।गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन देते वक्त प्रमुख मांग है कि पी.एम.श्री आत्मानंद स्कूल मरवाही के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारियों का अन्यंत्र स्थानांतरित किया जाये।साथ ही जिले के समस्त स्कूल जहाँ बालक व बालिका दोनों एक साथ अध्ययन करते हैं, वहाँ बालिकाओं की सुरक्षा का समुचित व्यवस्था एवं शिक्षकों की गतिविधियों पर गोपनीय प्रतिवेदन प्रति माह मंगाया जाए।ज्ञापन के माध्यम से आगे कहा गया है कि उक्त घटनाक्रम अक्षम्य अपराध है इस पर दोषी शिक्षक पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाने की मांग की गई है।इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा एक शिक्षक के द्वारा इस तरह का कृत्य बरदास्त करने के लायक नही है लोग शिक्षक पर भरोसा करके अपने बच्चों को विद्यालय पढ़ने भेजते है इस तरह की घटनाओं से बच्चों तथा अभिभावक के मन में पीड़ा उत्पन्न होती है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नारायण शर्मा राकेश मसीह सादिक़ खान, इदरीस अंसारी, अजय राय,पवन केशरवानी, नीलेश साहू, रईस खान, सूरज अयाम, अलधर अयाम,जगदीश खत्री, संदीप दुबे, मोहम्मद काशिम, चंद्रभान सिंह, रवि रॉय, गजमति भानु, शहाना बेगम, प्रीति मांझी, कलीराम मांझी, रियांश सोनी, संतोश ठाकुर, यश शर्मा, सुफियान अंसारी, मोहम्मद साकिब, सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

आज विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम मदकूदीप स्थित अष्टभुजी गणेश मंदिर परिसर में 26 अप्रैल को विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंचीय व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, बैठक, मंच, पंडाल व्यवस्था सहित सभी तैयारी निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, एसडीएम पार्वती पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, मंदिर ट्रस्ट के संत रामरूपदास महात्यागी, भृगु अवस्थी सहित पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

सकरेली कला में अखंड नवधा रामायण का भव्य समापन

सक्ती/नवप्रदेश। स्थानीय ग्राम सकरेली कला में श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित अखंड नवधा रामायण पाठ का समापन अत्यंत भव्यता और आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर नगर पालिका सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने उद्बोधन में आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। यह कार्यक्रम ग्रामवासियों एवं स्थानीय रामायण मंडली के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने

भाग लिया। समापन अवसर पर सुंदरकांड, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। आयोजन समिति के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए उद्घाटन के अवसर पर पहुंचने पर गांव के अंधियारे को उजाले में तब्दील करवाया स्वयं के खर्चे से पूरे गांव के खंभों में स्ट्रीट लाइट लगवाया था जिसकी सभी सकरेली ग्रामवासियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। श्री अग्रवाल ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम ग्राम्य जीवन में सद्भाव और संस्कारों को बढ़ावा देते हैं।

विशेष अतिथि के रूप में राहुल अग्रवाल,मनीष कथूरिया ,सामाजिक कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

पुत्र-भतीजा की हत्या के आरोपी पिता व चाचा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। पुत्र-भतीजा की हत्या करने वाले पिता एवं चाचा को 24 घण्टे के भीतर पुलिस ने गिफ्तार किया। घटना मे प्रयुक्त पुल के नीचे छिपाकर रखे बांस के डण्डा को जप्त किया गया। आरोपियो के विरूद्ध धारा 103(1), 238 (ख), 3(5) बीएनएस दर्ज किया गया।

ग्राम कंचनपुर निवासी शिवचरण श्रीवास ने ग्राम कोटवार के घर जाकर बताया कि मेरा लड़का भोला श्रीवास घर के आंगन मे लहू-लुहान पड़ा हैं। घर जाकर देखने पर शिवचरण का लड़का भोला श्रीवास अपने घर के आंगन मे लहू लुहान पड़ा था। उसके सिर मस्तक, पीठ, पैर, हाथ, भुजा में लाठी जैसे किसी वस्तु मारपीट करने पर गंभीर चोट लगा है जिससे उसकी मृत्यु हो गई है, किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भोला श्रीवास को मारपीट कर हत्या कर दिये है, ग्राम कंचनपुर का ग्राम कोटवार की रिपोर्ट पर 24 अप्रैल की रात्रि 2.40 बजे थाना पथरिया मे सूचना प्राप्त होने पर मर्ग कायम कर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान मृतक भोला श्रीवास का अक्सर अपने पिता शिवचरण से झगड़ा विवाद का होना पता चला जिस पर मृतक

भोला श्रीवास के पिता शिवचरण को मनोवैज्ञानिक ढंग से पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसमे बताये कि मेरा लड़का भोला श्रीवास (मृतक) हमेशा मुझे शराब पीकर गाली गलौज करता था, 23 अप्रैल के रात्रि करीब 9 बजे लड़का भोला श्रीवास शराब पीकर घर आया और शिवचरण (पिता) को गाली गलौज करते उसके गला को पकड़ लेना, जिस पर गाली गलौज को सुनकर शिवचरण का भाई राजेन्द्र श्रीवास आकर गाली क्यो दे रहे हो कहकर भोला श्रीवास को हाथ झापड़ से मारपीट किया फिर गुस्सा मे आकर शिवचरण के द्वारा आंगन मे रखे बांस के डण्डा से लड़का भोला को 05-06 डण्डा मारना बताये जिससे लड़का भोला जमीन पर गिर गया और उसके सिर से खुन निकलने लगा उसके बाद छोटे भाई राजेन्द्र श्रीवास के द्वारा डण्डा को छिपा देना बताये।

सुविधा | आमजनों को बैंकिंग संबंधी लेनदेन, डिजिटल सेवा, जन्म-मृत्यु, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र आदि की सुविधा मिलेगी

10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर शासन द्वारा जिले के तीनों विकासखण्डों के 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जहां 24 अप्रैल से आमजनों को बैंकिंग संबंधी लेनदेन, डिजिटल सेवा, जन्म-मृत्यु, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र आदि की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और लोगों को डिजिटल सुविधा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पदमपुर में सुविधा केन्द्र के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत सीईओ राजीव तिवारी, गण्मान्य नागरिक पवन पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे। आम लोगों को सुविधा देने के लिए ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चकरभठा, छटन, चिरहुला, दाउकापा, धपई, नारायणपुर, पदमपुर,

पौनी, टेमरी, रेहुंटा, लोरमी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोड़तराकला, डिंडौरी, गोड़खाम्ही, झझपुरीकला, खपरीकला, खुड़िया, लगरा, पेंड्रीतालाब, साल्हेघोरी, सारिसताल और पथरिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मोहभट्ठा, भटगांव, चंदखुरी, धुमा, हथनीकला, किरना, पकरिया, रोहराकला, रौनाकापा और सोढ़ी नि. का चयन कर अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र शुरू की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने वर्चुअल माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी लोगों को वर्षा के जल को बचाने अपने गॉव के प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, पानी की एक-एक बूंद को समझते हुए जनजागरूकता फैलाने, गॉव के पारम्परिक जलस्त्रोतों कुआं, बाउड़ी, तालाबों आदि की साफ-सफाई और संरक्षण को अपना कर्तव्य मानने, जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई।

पहलगाम में हुए आंतकी हमले के विरोध में किया पुतला दहन



लखनपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाले आतंकी हमले के विरोध में हिन्दू परिषद के सदस्यों तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई के पदाधिकारियों सदस्यों ने एकजुट होकर 24 अप्रेल दिन गुरुवार शाम 06 बजे प्रतिक्षा बस स्टैंड लखनपुर में आतंकवाद का पुतला फूंका। तत्पश्चात बस स्टैंड में जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला जलाया। पुतला दहन के दौरान बृजेन्द्र पांडेय, प्रदीप गुप्ता, सुरेन्द्र साहू, यतेंद्र पांडेय, सुनील अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल पलाश पांडेय, सहित हिन्दू परिषद एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य व गणमान्य नगरवासी काफी संख्या में शामिल रहे।

तुर्काडीह की घटना: फूड पाइजनिंग की आशंका, जांच के लिए लैब भेजा गया सैम्पल

प्रभावित क्षेत्र में ओआरएस का वितरण, चिकित्सक दल मौके पर पहुंचा लिया जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर से लगे तुर्काडीह गांव में विवाह समारोह के दौरान खाना खाने के बाद 58 लोग फूड पाइजनिंग की शिकार हो गए। इसमें 9 बच्चे भी शामिल हैं। सिम्स प्रबंधन ने सैम्पल जांच के लिए भेजा है। फिलहाल डाक्टरों का कहना है कि फूड पाइजनिंग ही मुख्य कारण है। बीते दिनों शादी घर में एक के बाद एक की तबीयत खराब होने के बाद सभी को आनन-फानन में सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है, जिसमें 6 की स्थिति गंभीर होने पर आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। अभी सभी खतरे से बाहर हैं।

बिलासपुर जिला मुख्यालय से लगे तुर्काडीह गांव में नरेश सांडे, रामाधार सांडे के घर वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा है। शादी के एक दिन पहले बुधवार को समारोह में शामिल होने आए मेहमानों को भोजन परोसा गया। दूसरे दिन कई लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। घर वालों को लगा कि गर्मी के चलते तबीयत खराब हो रही है। इसी बीच एक एक कर 58 लोग बीमार पड़ गए। शाम के वक्त सभी लोगों को सिम्स में भर्ती कराया गया, इसमें एक बुजुर्ग की हालत को देखते हुए आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। सभी को पेट दर्द और उल्टी दस्त की शिकायत थी। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में फूड पाइजनिंग की आशंका जताई है। घटना की जानकारी मिलते ही सीएमएचओ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजा। पारिवारिक आयोजनों में भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, स्वच्छता नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। मरीजों को सिम्स अस्पताल लेकर पहुंचे नरेश साण्डे ने बताया कि खाने में सादा भोजन ही बना था। उपस्थित सभी लोगों को चावल, दाल और सादी सब्जी परोसी गई थी, लेकिन चिकित्सकों के अनुसार खाने में गड़बड़ी की वजह से ही फूड पाइजनिंग के चपेट सभी आए हैं।

मसालेदार खाने से करें परहेज: डॉक्टर मूर्ति

डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि सिम्स में भर्ती सभी मरीजों की स्थिति अभी सामान्य है। वर्तमान में केवल एक मरीज को आईसीयू में रखा गया है। बाकी सारे मरीज वार्डों में शिफ्ट कर दिए गए हैं। मरीजों के स्वास्थ्य को देखने के बाद आज शाम से डिस्चार्ज भी किया जाएगा। डीन डॉ. मूर्ति ने कहा कि गर्मी के दिनों में मसालेदार और बाहरी खानपान से परहेज करना आवश्यक है। इस मौसम में फूड पाइजनिंग की समस्या हो सकती है। इसलिए घर का बना ताजा साफ भोजन ही खाएं। डीन और सिम्स अधीक्षक द्वारा लगातार भर्ती मरीजों की निगरानी की जा रही है और जरुरत के अनुसार सभी आवश्यक दवा उन्हें मुहैया करवाया जा रहा है।

स्थिति अभी सामान्य

सीएचएमओ प्रमोद तिवारी ने बताया कि चिकित्सा दल की टीम मौके पर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही ओआरएस का वितरण भी किया जा रहा है। अभी स्थिति सामान्य है। मरीजों को सिम्स में भर्ती किया गया है जहां सभी का स्वास्थ्य परीक्षण एक बार फिर होने के बाद जरुरी दिशा निर्देश देते हुए अस्पताल से डिस्चार्ज करने की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

न्यूज गैलरी

निर्मल अवस्थी होंगे मानक उपाधि से सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ मथुरा उत्तर के समन्वयक डा. हरिमोहनबंधु मेहर से प्राप्त जानकारी अनुसार 27 अप्रैल को होटल रेडीसन पार्क इन अयोध्या उत्तर प्रदेश में भव्य आयोजन में निर्मल कुमार अवस्थी संचालक परंपरागत ज्ञान एवं वनौषधि विकास फाउंडेशन छत्तीसगढ़ को मानक उपाधि से विभूषित किया जाएगा। ज्ञात हो अवस्थी विगत 28 वर्षों से भारतीय लोक स्वास्थ्य परंपरा के संवाहक पारंपरिक वैद्यों व वनौषधियों के संरक्षण संवर्धन एवं विकास हेतु कार्य में लगे हुए हैं। यही कारण है कि विद्या पीठ की कार्यकारिणी द्वारा अवस्थी को उनकी शिक्षा, योग्यता एवं अनुभवों को देखते हुए परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के संरक्षण, संवर्धन एवं पारंपरिक वैद्यों की प्रतिष्ठा और पहचान स्थापित करने के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने तथा अतुलनीय योगदान हेतु विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान जो पीएचडी के समकक्ष है उससे विभूषित किया जा रहा है।

दोषी पुलिस अधिकारियों से वसूले जाएंगे 5 लाख

पुलिस प्रताड़ना के शिकार व्यवसायी को 31 साल बाद हाईकोर्ट से मिला न्याय

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्याय में देर हो सकती है, लेकिन अंधेर नहीं–इस कहावत को सच साबित किया है छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने, जब 31 साल पहले झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजे गए भिलाई के व्यवसायी प्रदीप जैन को न्याय मिला। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में दोषी पुलिस अधिकारियों से 5 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति वसूलने का आदेश दिया है।

प्रदीप जैन जो भिलाई सेक्टर-6 में प्रदीप सायकल स्टोर के मालिक थे, पुलिस अत्याचारों के विरुद्ध समाचार पत्रों में लेख प्रकाशित करते थे। यह ही उनके खिलाफ रंजिश का कारण बन गया। एएसआई आर के राय, जो सुपेला थाने में पदस्थ थे, उन्हें सबक सिखाने की फिराक में थे। 28 दिसंबर 1994 की रात प्रदीप जैन और उनकी पत्नी को सुपेला थाना बुलाया गया, जबकि मामला भिलाई सिटी कोतवाली में दर्ज था। थाने में प्रदीप जैन को प्रताड़ित किया गया और राय ने धमकी दी ऐसे केस में फसाऊंगा कि बीस साल तक जेल में सड़ जाओगे। अगले दिन उनकी पत्नी को रिहा कर दिया गया, लेकिन प्रदीप को झूठे अफीम के केस में फंसा दिया गया। आरोप था कि वे तितुरडीह में अफीम बेचने की कोशिश कर रहे थे, जबकि वे तब तक पुलिस अभिरक्षा में थे। प्रदीप जैन ने यह साबित किया कि उन पर लगाया गया मुकदमा पूरी तरह झूठा था। इसके बावजूद, वे 893 दिन–करीब ढाई साल तक जेल में रहे। ट्रायल कोर्ट से बरी होने के बाद उन्होंने झूठे अभियोजन के खिलाफ क्षतिपूर्ति की मांग की, लेकिन जिला न्यायालय दुर्ग ने इसे खारिज कर दिया। यह मामला न्यायपालिका की उस शक्ति का प्रमाण है, जो वर्षों बाद भी अन्याय के खिलाफ खड़ी होती है। यह न केवल एक व्यक्ति की लड़ाई की जीत है, बल्कि सिस्टम के भीतर सुधार और जवाबदेही की आवश्यकता का भी संकेत है।

हाईकोर्ट में मिली न्याय की रोशनी

जैन ने एडवोकेट उत्तम पाण्डेय, विकास बाजपेयी और पूजा सिन्हा के माध्यम से हाईकोर्ट में अपील की। न्यायमूर्ति रजनी दुबे व न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत की पीठ ने स्पष्ट रूप से पुलिस की भूमिका को अवैध, विद्वेषपूर्ण और अन्यायपूर्ण ठहराया। कोर्ट ने 5 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया, जिसमें मुकदमा प्रस्तुति तिथि से 6ब्र वार्षिक ब्याज भी शामिल है। फैसले के अनुसार, यदि राज्य सरकार चाहे तो यह राशि दोषी अधिकारियों से वसूल सकती है। इनमें एक अधिकारी की मृत्यु हो चुकी है, जबकि अन्य दो—एम.डी. तिवारी और शमी—सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

छोटे और मध्यम उद्योगों के विकास को लेकर उद्योगपतियों की बैठक

■ केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के निर्देश पर दिल्ली से जानकारी देने आए अफसर

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की विशेष पहल पर एमएसएमई भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना के तहत बिलासपुर जिले में कृषि पर आधारित, फ्लाई ऐश तथा स्टील फेब्रिकेशन एवं अन्य उद्योगों पर आधारित एमएसएमई कलस्टर के लिए सीएफसी एवं सीडीपी (कलस्टर डेव्लपमेंट) की स्थापना की सम्भावना के संबंध में विकास आयुक्त एमएसएमई कार्यालय नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आज जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा कक्ष में बैठक लिया गया। भारत सरकार नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा योजना से होने वाले लाभ, उत्पाद की गुणवत्ता एवं बाजार के सम्भावनाओ के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित उद्योग संघ के पदाधिकारियो सहित उद्योगपतियों के द्वारा योजना के प्रति उत्साह के साथ जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

बैठक में एमएसएमई भारत सरकार नई दिल्ली के अमित कुमार तामरिया संयुक्त संचालक, सुभाषचंद सहायक संचालक एवं एमएसएमई रायपुर के. बी. इरपाते सहायक संचालक, उद्योग संचालनालय के सयुक्त संचालक शिव कुमार राठौर, मुख्य महाप्रबंधक एम.एल. कुशरे, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उपस्थित थे।

जिले के पचास ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू

■ अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का सीएम साय ने किया वर्चुअल शुभारम्भ

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश के ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रदेश के चयनित ग्राम पंचायतो से सीधा संवाद किया। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत केंदा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की भी शुरुआत की जिसमें सीएससी की सेवाओं के साथ वित्तीय समावेशन सेवाएं भी साथ में चालू की गई। जिसके तहत नगद आहरण, राशि हस्तांतरण, बीमा, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन आदि सुविधाएं प्रदान की जाएगी। प्रदेश स्तर पर 1460 एवं जिले में ग्राम स्तर पर 50 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, सभी पंच गण, ग्राम के गणमान्य नागरिक, महतारी वंदन के हितग्राही, प्रभारी उप संचालक शिवानी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोटा युवराज सिंह करा.अधिकारी शिव कपूर मरकाम, ग्राम पंचायत सचिव सालिक राम, जिले की डीपीएम नरेंद्र जायसवाल, वी एल ई विकेंद्र मौजूद थे।

आर्थिक व सामाजिक लाभ पर की चर्चा

मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से योजना के सुचारू कियान्वयन आर्थिक एवं सामाजिक लाभ पर चर्चा की। श्री साय द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु संकल्प एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री के बिहार के मधुबनी से उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया।

राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्यस्तरीय डोलोमाइट कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता हिर्री माइंस में 26 से 28 अप्रैल को आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य से विभिन्न जिलों के राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के टीमों को प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र और कोल माइंस के खिलाड़ी जो राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर सके।

52 पाव देशी शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिना नंबर की स्कूटी में 52 पाव देशी प्लेन शराब बेचने जा रहे आरोपी को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 4160 रूपए व घटना में प्रयुक्त एक्टीवा को जब्त किया गया है। आरोपी पूर्व में भी शराब बेचने के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार एसएसपी रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रतनपुर नरेश कुमार चौहान के द्वारा टीम गठित कर अवैध शराब, गाँजा, नशीली दवाई बिक्री करने वालो के विरूद्ध रेड कार्यवाही करने हेतु मुखबिर तैनात किया गया है कि 24 अप्रैल को को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति लखराम शराब भट्ठी से एक सफेद रंग के बिना नम्बर की स्कूटी में भारी मात्रा में देशी प्लेन शराब बिक्री हेतु लेकर जा रहे हैं कि सूचना पर रेड कार्रवाई के लिए टीम रवाना हुई थी, कि ग्राम नवापारा रतनपुर पुल के पास स्कूटी को रोककर चेक करने दौरान एक व्यक्ति स्कूटी से उतरकर भाग गया। स्कूटी चला रहे व्यक्ति तुलेश कश्यप को पकड़कर स्कूटी में रखे 52 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 4160 रूपये और घटना में प्रयुक्त एक सफेद रंग की एक्टीवा को जप्त कर आरोपी तुलेश कश्यप के विरूद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, सउनि. प्र.आर. कौशल खुँटे, आर. आकाश डोंगरे, देवानंद चन्द्राकर, संजय यादव, नरेश पोर्ते का विशेष योगदान रहा।

युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दो आरोपियों को तारबाहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मृतक योगेश निर्मलकर को प्रताड़ित करते थे। एफआईआर दर्ज होने के तत्काल बाद आरोपी को धमतरी व गरियाबंद से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 306 भादवि के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार मृतक योगेश निर्मलकर पिता मनोहर लाल निर्मलकर उम्र 25 वर्ष निवासी बकमा थाना महासमुंद की मर्ग जांच पर पाया गया कि मृतक योगेश निर्मलकर हल्दी राम रेस्टोरेंट में काम करता था जो 19 मार्च 2024 को जहर सेवन कर कर लिया था मृतक योगेश निर्मलकर, हीना निर्मलकर से प्रेम करता था तथा महादेव मंदिर रायपुर में शादी कर लिया था इस बात को लेकर हीना के मामा कन्हैया निर्मलकर मौसा जगत निर्मलकर के द्वारा मृतक को दबाव में डालकर लडकी हीना निर्मलकर को अपने साथ ले गये एवं लडकी से बातचीत करना बंद करा दिये थे आरोपियो द्वारा मृतक को प्रताड़ित कर रहे थे जिससे मृतक तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या कर लिया था मर्ग जांच पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एफआईआर दर्ज होने के तत्काल बाद थाना प्रभारी कृष्णचंद सिदार द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु थाना तारबाहर से टीम गठित कर आरोपी के निवास स्थान कुरूद टीम रवाना किया गया आरोपी के घर पुलिस पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे घेराबंदी कर दौडाकर पकड़ा गया।

जहर सेवन से हुई थी युवक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात कर कटघोरा-डोंगरगढ़ रेलवे परियोजना पर विस्तार से चर्चा की। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगी। क्षेत्र की जनता को बेहतर कनेक्टिविटी और रोजगार के नए अवसर दिलाने हेतु हर संभव प्रयास जारी है।

निरीक्षण

कमिश्नर सुनील जैन ने कोनी में बन रहे संभागायुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण

भवन निर्माण का कार्य तीन महीने में पूरा करें :जैन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कमिश्नर सुनील जैन ने आज कोनी में बन रहे नये संभागायुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए तीन महीने की और मोहलत दी।

कमिश्नर ने कहा कि हर हाल में 1 अगस्त से संभागायुक्त कार्यालय का संचालन इस नये भवन से शुरू किया जायेगा। लगभग ढाई एकड़ के क्षेत्र में 12 करोड़ रूपये की लागत से नये भवन का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। फिनिशिंग के कार्य तेजी से हो रहे हैं। कमिश्नर ने भवन के विभिन्न हिस्सों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और कुछ सुधार के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अफसरों एवं ठेकेदार को दिए। जैन ने निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से कोर्ट रूम सहित अधिकारियों के चेम्बर, लाईब्रेरी, रिकार्ड रूम, गार्डन, बैठक कक्ष, लिफ्ट आदि का निरीक्षण किया। श्री जैन ने भवन के आस-पास के निर्माण कार्य एवं भूमि की जानकारी भी ली। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर संतोष ठाकुर, स्मृति तिवारी भी उपस्थित थीं।

न्यूज गैलरी

सुरक्षा डायग्नोस्टिक का शेयर बीते छह महीने में 25 प्रतिशत फिसला

मुंबई। सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में बीते छह महीने में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयर की कीमत 103 रुपये या 24.69 प्रतिशत कम हो गई है। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में 65.85 रुपये या 17.32 प्रतिशत की गिरावट हो चुकी है। सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर बुधवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में शेयर 1.85 रुपये या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 314.25 रुपये पर था। कई रिपोर्टों में शेयर मूल्य में गिरावट के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें कमजोर वित्तीय प्रदर्शन, नकारात्मक इंडस्ट्री सेंटीमेंट और प्रबंधन में बदलाव शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण भी सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में गिरावट दर्ज की गई।

सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर का उच्चतम स्तर 449 रुपये है, जो कि 6 दिसंबर, 2024 को दर्ज किया गया था। वहीं, न्यूनतम स्तर 231 रुपये है जो 4 मार्च को दर्ज किया गया था।एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का मौजूदा बाजार पूंजीकरण 1,636.64 करोड़ रुपये है।सुरक्षा डायग्नोस्टिक की लिस्टिंग 6 दिसंबर, 2024 को हुई थी। शेयर में शुरुआत से ही कमजोरी देखी गई। शेयर अपने इश्यू प्राइस 441 के मुकाबले 438 रुपये पर खुला। हालांकि, शुरुआती कारोबार में इसने कुछ समय के लिए 449 रुपये का इंट्रा-डे हाई छुआ, लेकिन जल्दी ही इसने अपनी गति खो दी और पूरे सत्र में शेयर लाल निशान में रहा। इस दौरान शेयर ने 414.95 का इंट्रा-डे लो बनाया और कारोबार के अंत में 5.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 417.25 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी ने पिछले साल के अंत में 846 करोड़ रुपये का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) पेश किया था, जो 29 नवंबर से 3 दिसंबर तक बोली के लिए खुला था।

एयर इंडिया-इंडिगो का यात्रियों को अपडेट, कहा- पाक हवाई क्षेत्र बंद होने से पड़ेगा प्रभाव

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने कहा कि अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व की कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इंडियो ने भी यात्रियों को कुछ उड़ानों के प्रभावित होने की बात कही है। दोनों एयरलाइनों ने यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए खेद जताया और आग्रह किया कि वे हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले उड़ान के समय और समय-सारणी की दोबारा जांच कर लें। इंडिगो और एयर इंडिया ने पाकिस्तान की ओर से भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद यात्रियों को सेवा बाधित होने की जानकारी दी है। एक्स पर संदेश में विमानन कंपनियों ने कहा कि उड़ान मार्ग बदलने के कारण कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रभावित हो सकते हैं। वर्तमान हालात में वैकल्पिक विस्तारित मार्ग का चयन करना पड़ सकता है। एयर इंडिया ने कहा कि अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व की कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इंडियो ने भी यात्रियों को कुछ उड़ानों के प्रभावित होने की बात कही है।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

उद्घोषणा

पक्षकार- कार्यालय मुख्य न.पा.अधि. मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.) .... आवेदक

प्र.क्र./अ-20(1)/24-25

विरूद्ध

छ.ग. शासन .... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली छ.ग. मुंगेली के पत्र क्र. 3236/न.पा./लो.नि.वि./2024-25 मुंगेली दिनांक 17.01.2025 के द्वारा पत्र प्रेषित कर नगर पालिका कार्यालय तथा पार्किंग निर्माण कार्य हेतु सरदार पटेल वार्ड पुराना बस स्टैण्ड महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के पीछे के नजूल शीट नं. 38 सी के भूखण क्र. 35 क्षेत्रफल 1795 व. मी. भूमि को नवीन नगर पालिका कार्यालय निर्माण हेतु निकाय द्वारा चिन्हांकित किया गया है। उक्त भूमि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन है जो कि भवन अत्यन्त जर्जर स्थिति में है जिसे नवीन नगर पालिका कार्यालय तथा पार्किंग निर्माण कार्य हेतु नगर पालिका परिषद मुंगेली को आबंटित किए जाने हेतु इस न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ है।

अतः एवं मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण निर्माणाधीन है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 08.05.2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

बिलासपुर मण्डल

खानपान ईकाई निविदा क्र.COM/WVM/E-Auction/BSP/2025

वॉटर वेंडिंग मशीन के ठेके के लिए "क्लस्टर बी-II" (अनूपपुर, शहडोल, उमरिया अंबिकापुर) ई नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर दिनांक 17.04.2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण इस प्रकार है:-

कैटेलॉग क्र.	श्रेणी	नीलामी आरंभ दिनांक/समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
MSS-WVM-APR-May	विविध-स्थैतिक-सेवाएं-वाटर वेंडिंग मशीन	02.05.2025 12:00:00	एमएसएस-बीएसपी-एपीआर डब्लूवीएम-89-25-1 (विविध स्थैतिक सेवाएं वाटर वेंडिंग मशीन)	06 WVM स्थापना और संचालन बिलासपुर मंडल के क्लस्टर "बी-II" में शामिल स्टेशन (अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और अंबिकापुर)	1826 दिन

सीपीआर/10/AM/25 — मंडल वाणिज्य प्रबंधक द.पू.म.रेलवे/बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepmw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.-3060/2025

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced Contractors/bidders for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

S. N.	Tender Specification No.	Rfx No. (E-Tender No.)	Particulars	Qty	Last Date/ Time of submission of bid	E.M.D. (Rs)	Tender Cost (Rs)
1	16-06/DSPM TPS/S&P/ Hosp./T-3141/2025	8100042811	Annual work contract for medical examination of contract workers of 2x250 MW DSPM TPS, CSPGCL, Korba East	As per tender schedule	13.05.2025 15:30 Hrs	10,610/-	590/-

NOTES:-(1)For more details, Tender Documents along with Annexures visit our website :-http://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal ORhttp://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]Any Corrizendum / amendment, if required, shall be displayed on above website only.

SAVE ELECTRICITY   S.-43645/2   SUPRINTENDING ENGINEER (Contract) DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

45 प्रतिशत इंटरनेट यूजर्स लेनदेन के लिए अपना रहे हैं

भारत 'वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों' के लिए उच्च वृद्धि वाला बाजार बन रहा

नई दिल्ली। भारत अब एक आकर्षक बाजार बनता जा रहा है, जो वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों को अच्छा मुनाफा देते हुए अपनी पिछली छवि को बदल रहा है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। भारत की सहयोगी कंपनियां कुछ प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए अपने ग्लोबल पैरेंट कंपनियों की तुलना में दो से छह गुना के बीच कुल शेयरधारक रिटर्न देती हैं। बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, 100 मिलियन डॉलर के भारतीय राजस्व योगदान वाली कंपनियों पर ध्यान देने से जानकारी मिलती है कि 60 प्रतिशत भारतीय सहयोगी कंपनियों का राजस्व उनकी पैरेंट कंपनियों की वृद्धि दर से कम से कम दोगुना है।

भारत में बेन के कंज्यूमर प्रोडक्ट प्रैक्टिस के प्रमुख रवि स्वरूप ने कहा, भारत में पहले से निवेश करने वाली कंपनियों को विकास, उच्च शेयरधारक रिटर्न और वैश्विक रूप से प्रासंगिक उत्पादों को आकार देने के अवसरों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बाजार में प्रवेश नहीं किया है, उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं तो उन्हें विकास और लॉन्ग टर्म रणनीतिक लाभ से चूकना पड़ सकता है। पिछले दशक में उभरते बाजारों में भारत उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अगले 5-6 वर्षों में देश वैश्विक स्तर पर कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करेगा। साथ ही टॉप पांच उभरते उपभोक्ता उत्पादों के बाजारों में प्रति व्यक्ति आय में सबसे तेज वृद्धि देखेगा, जिसमें चीन, ब्राजील, मैक्सिको और रूस जैसे देशों के नाम भी शामिल होंगे। भारत को पारंपरिक रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक कठिन बाजार माना जाता रहा है। बावजूद इसके देश ने बाधाओं को दूर कर तेजी से सुधार किए हैं। तेजी से डिजिटल तकनीक अपनाने, स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यापक पहुंच ने कंपनियों को भारत की विविध आबादी तक प्रभावी ढंग से पहुंचने में सक्षम बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स पारंपरिक और आधुनिक व्यापार चैनलों की तुलना में 2-3 गुना तेजी से बढ़े हैं, जिससे बाजार में प्रवेश करने के लिए व्यापक पारंपरिक व्यापार नेटवर्क की आवश्यकता कम हो गई है। डिजिटल पेमेंट भी लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं, इसे 45 प्रतिशत इंटरनेट यूजर्स लेनदेन के लिए अपना रहे हैं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बेन स्ट्रैटेजी प्रैक्टिस के प्रमुख निखिल ओझा ने कहा, हम एक ऐसा बाजार देख रहे हैं, जहां पुराने और नए खिलाड़ी दोनों ही बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन ऐसा तभी होगा, जब वे अपने दृष्टिकोण को वास्तव में भारत-केंद्रित बनाएंगे।

2030 तक 30 करोड़ टन का लक्ष्य हासिल करने हमें इस्पात उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है

पीएम मोदी बोले- इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाए, उत्पादन बढ़ाएं; नवाचार अपनाएं

दिल्ली। पीएम ने बृहस्पतिवार को इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, इस्पात उभरता हुआ क्षेत्र होने के साथ विकास की रीढ़ है। 2030 तक 30 करोड़ टन का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें इस्पात उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टील उद्योग के प्रतिनिधियों से कहा कि मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करें। उद्योग को भविष्य के लिए तैयार करने के साथ हमें नई तकनीकी को अपनाने, नवाचार करने, सर्वोत्तम गतिविधियों का आदान-प्रदान करने और कोयला आयात में कमी लाने की दिशा में ध्यान देना चाहिए। पीएम ने बृहस्पतिवार को इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, इस्पात उभरता हुआ क्षेत्र होने के साथ विकास की रीढ़ है। 2030 तक 30 करोड़ टन का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें इस्पात उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। 2023-24 में देश की इस्पात उत्पादन क्षमता 17.9 करोड़ थी। प्रधानमंत्री ने संबोधन में यह भी कहा, इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नई खदानों से लौह अयस्क निकालने का प्रयास शुरू करना चाहिए। इन खदानों का उचित और समय पर उपयोग किया जाना महत्वपूर्ण है। ऐसा नहीं होने पर देश और उद्योग दोनों को नुकसान होगा। पीएम ने कहा, देश 1,300 अरब डॉलर की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को भी आगे बढ़ा रहा है। बड़े पैमाने पर स्मार्ट सिटी बनाए जा रहे हैं।?सड़कों, रेलवे, एयरपोर्ट, बंदरगाहों और पाइपलाइन में विकास की गति इस्पात क्षेत्र के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या इस्पात की मांग को बढ़ाएगी। मोदी ने कहा, इस्पात क्षेत्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें युवाओं को रोजगार देने

की क्षमता है। हमें ऊर्जा दक्षता, कम उत्सर्जन और डिजिटल रूप से उन्नत प्रौद्योगिकियों की ओर तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। एआई, ऑटोमेशन का उपयोग उद्योग के भविष्य को परिभाषित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, कच्चे माल हासिल करना और उसकी सुरक्षा इस्पात क्षेत्र के लिए एक बड़ी चिंता है। हम अब भी निकल, कोकिंग कोयला और मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर हैं। यह निर्भरता कम करने के लिए हमें वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के साथ आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

वैश्विक नेतृत्व की दिशा में बढ़ रहा भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत न सिर्फ घरेलू वृद्धि के बारे में, बल्कि इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व के बारे में भी सोच रहा है। दुनिया भारत को उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में देखती है। देश में बुनियादी ढांचे को बढ़ा रही सरकार अपने अनुबंधों में स्थानीय रूप से विनिर्मित इस्पात के उपयोग पर जोर दे रही है।

पीएम ने कहा, देश निर्यात बाजार पर नजर रखते हुए आधुनिक व बड़े जहाज बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है। ऐसे कार्यों के लिए उच्च श्रेणी के इस्पात की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, इस्पात के मामले में आयात को शून्य स्तर पर लाने व शुद्ध निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य होना चाहिए।

विश्व बैंक समूह के प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब के नए सदस्यों में सुनील मित्तल शामिल

नई दिल्ली। विश्व बैंक समूह ने अपने प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब (पीएसआईएल) के अगले चरण को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह चरण बड़े पैमाने पर बेहतरीन समाधानों को लागू करने पर केंद्रित है और इसके नए सदस्यों में भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल शामिल हैं। इस नए चरण में लैब की मेंबरशिप का विस्तार किया गया है। इसमें विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार सृजन का अनुभव रखने वाले उद्योग जगत के नेताओं को शामिल किया गया है। उद्योग जगत के इन नेताओं के अनुभव के साथ विश्व बैंक रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, मेंबरशिप बढ़ाने के साथ हम अपने संचालन में इस काम को मुख्यधारा में ला रहे हैं और इसे सीधे रोजगार एजेंडे से जोड़ रहे हैं। बंगा ने कहा, यह कदम प्राइवेट सेक्टर को निवेश का रास्ता दिखाने में मददगार होगा। परिणामस्वरूप निवेश से रिटर्न मिलेगा और अर्थव्यवस्थाओं को समान रूप से ऊपर उठने में मदद मिलेगी। यह हमारे जनादेश का केंद्र है। लैब के नए सदस्यों में बेयर एजी के सीईओ बिल एंडरसन, डांगोटे ग्रुप के प्रेसिडेंट और सीईओ अलिको डांगोटे, हयात होटल्स कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट और सीईओ मार्क होपलामाजियन शामिल हैं। मित्तल ने कहा, विश्व बैंक समूह दुनिया भर में उभरते बाजारों में अर्थव्यवस्थाओं को विकसित करने और अवसर पैदा करने की पहल के साथ आगे बढ़ रहा है। जैसा कि प्रेसिडेंट बंगा ने कहा है कि प्राइवेट सेक्टर परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे अन्य प्रतिष्ठित व्यावसायिक नेताओं के साथ पीएसआईएल में शामिल होने पर खुशी है। मित्तल ने आगे कहा, मैंने कनेक्टिविटी की पावर को प्रत्यक्ष रूप से देखा है, जो व्यवसायों को बढ़ने और समुदायों को फलने-फूलने के अवसर पैदा कर जीवन को बदल सकती है। मुझे उम्मीद है कि दूरसंचार क्षेत्र की सफलताएं मूल्यवान होंगी क्योंकि पीएसआईएल अपने महत्वपूर्ण कार्य के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। पिछले 18 महीनों में लैब ने विकासशील देशों में निजी क्षेत्र के निवेश में सबसे अधिक दबाव वाली बाधाओं की पहचान करने और कार्रवाई किए जाने वाले समाधानों का परीक्षण करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों के लीडर्स को एक साथ लाने पर काम किया है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'अर्थ डे' पर पर्यावरणीय स्थिरता के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

नई दिल्ली। इस 'अर्थ डे' (पृथ्वी दिवस) पर, जब पूरी दुनिया 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम के तहत एकजुट हो रही है, हमें याद आता है कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) में, यह प्रतिबद्धता हमारे अहम मूल्यों में अंतर्निहित है - जो हमें न केवल वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले पावरट्रेन सहित विभिन्न विद्युतीकृत वाहन प्रौद्योगिकियों (&EVs*) को नया रूप देने और पेश करने के लिए प्रेरित करती है बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से लचीली दुनिया की खोज में अक्षय ऊर्जा को अपनाने सहित ऐसी सामूहिक पहल का नेतृत्व भी करती है जो निरंतर जारी रहें।

2015 में घोषित वैश्विक टोयोटा की पर्यावरण चुनौती 2050 (चुनौती 1-6) के अनुरूप, हम टीकेएम में उत्पादों से आगे बढ़कर, विनिर्माण कार्यों और हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में निरंतर जारी रहने वाले व्यवहारों को शामिल करके, कार्बन तटस्थता की ओर अपने पारगमन को तेज कर रहे हैं।

चुनौती 1 - नए वाहन शून्य सीओ2 उत्सर्जन चुनौती (हरित गतिशीलता)

चुनौती 2 - जीवनचक्र शून्य सीओ2 उत्सर्जन चुनौती (हरित आपूर्ति श्रृंखला, इको-डीलरशिप और हरित लॉजिस्टिक्स)

चुनौती 3 - शून्य सीओ2 उत्सर्जन चुनौती (अक्षय ऊर्जा की आपूर्ति, कम खपत और रूपांतरण)

चुनौती 4 - पानी के उपयोग को न्यूनतम और सर्वश्रेष्ठ बनाना [4आर - रिड्यूस (कम करना), रियूज़ (पुनः उपयोग करना), रिसाइकिल (दूसरा उपयोग करना) और रिचार्ज करना।

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन 2025 तक 1,000 गांवों को स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान करेगा

मुंबई। जैसा कि दुनिया 2025 में पृथ्वी दिवस मना रही है, एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर घोषित करके सतत प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बैंक 2025 तक अभिनव सौर-संचालित बुनियादी ढांचे, जागरूकता और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से भारत भर में 1,000 से अधिक गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान कर ग्रामीण और अर्ध-शहरी समुदायों को सशक्त बनाना।

नवीकरणीय ऊर्जा में बैंक का काम इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के अनुरूप है, जो स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के वैश्विक त्वरण का आह्वान करता है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के अपने स्तंभ के तहत, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 22 राज्यों में 61,655 से अधिक सौर स्ट्रीटलाइट्स स्थापित की हैं। स्ट्रीट लाइट के अलावा, परिवर्तन सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सौर पैनल लगा रहा है। इसने कई सौर पहल भी शुरू की हैं जो ग्रामीण जीवन को सड़क सुरक्षा से लेकर पीने के पानी, खेती, खाद्य प्रसंस्करण और आजीविका में वृद्धि तक बेहतर बना रही हैं।

यह समझते हुए कि केवल बुनियादी ढांचा ही पर्याप्त नहीं है, एचडीएफसी बैंक ने सोलर शिक्षा विकसित की है, जो अर्ध-शहरी भारत में सौर ऊर्जा अपनाने के रहस्य को दूर करने के लिए डिज़ाइन की गई एक जागरूकता पहल है। सोलर शिक्षा जागरूकता की कमी, प्रक्रिया बाधाओं और मिथकों को संबोधित करती है जो अक्सर अपनाने में बाधा डालते हैं। यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक प्रदर्शन के साथ-साथ सरकारी योजनाओं और सब्सिडी के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

बुमराह ने की मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी

हैदराबाद। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आईपीएल 2025 के 41वें मैच में बुमराह ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के लसिथ मलिंगा के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की। लगभग एक दशक से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ रहे बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने स्पेल की अंतिम गेंद पर यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने खतरनाक हेनरिक क्लासेन को आउट किया। मैच में बुमराह का यह एकमात्र विकेट था। लेकिन यह विकेट ऐतिहासिक साबित हुआ। बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए 170 विकेट लिए और दिग्गज मलिंगा की बराबरी की। यह मैच बुमराह का मुंबई के लिए 138वां आईपीएल मैच था। इस सीजन में मुंबई ने अपने गेंदबाजों के साथ रोटेशन नीति अपनाई। बुमराह की गेंदबाजी कौशल का टीम ने नियमित रूप से लाभ लिया।बुमराह और मलिंगा के बाद, हरभजन सिंह 127 विकेट के साथ मुंबई के सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि मिशेल मैक्लेनाघन (71) और कीरोन पोलार्ड (69) शीर्ष पांच में शामिल हैं। बुमराह के इस रिकॉर्ड की बदौलत वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल सबसे आगे हैं, जिनके नाम 214 विकेट हैं।

कार्यालय, नगर पंचायत सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
Email-npsargaoncmo@gmail.com

क्रमांक/51/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 — सरगांव, दिनांक 21/04/2025

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत सरगांव क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक निविदा हेतु निम्न कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन ठेकदारों से PWD (Building/Road SOR 01-01-2015/Non SOR) एवं जलप्रदाय, विद्युत सामाग्री, स्टेशनरी सामाग्री एवं सफाई सामाग्री हेतु पंजीकृत निर्माण एजेंसी फर्म या अधिकृत विक्रेता से त्रिलिफाफा पध्दति से पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि — 05.05.2025 समय 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि — 08.05 2025 समय 5.30 बजे
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि — 14.05.2025 समय 4.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि — 14.05.2025 समय 4.30 बजे

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखो में)	निविदा प्रपत्र शुल्क	अमानत राशि	रिमार्क
1.	जोनल टेंडर (भवन SOR)	9.60 (1 कार्य 3.00 लाख तक)	750.00	10000.00	-
2.	जोनल टेंडर (रोड SOR	9.60 (1 कार्य 3.00 लाख तक)	750.00	10000.00	-
3.	जोनल टेंडर (PHE SOR) बोर खनन / पाईप लाईन	9.75	750.00	10000.00	-
4.	जल प्रदाय सामाग्री क्रय (सूची के अनुसार)	9.90	750.00	10000.00	-
5.	विद्युत सामाग्री प्रदाय कार्य (सूची के अनुसार)	6.00	750.00	6000.00	-
6.	स्टेशनरी सामाग्री कार्य (सूची के अनुसार)	5.00	750.00	5000.00	-
7.	सफाई सामाग्री प्रदाय कार्य (सूची के अनुसार)	5.00	750.00	5000.00	-

टीप:- 1. जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र पिछले 2 वर्ष का आयकर रिटर्न, जी.एस.टी, पेनकार्ड, ईपीएफ पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। तथा उक्त निविदा विभागीय वेबसाईड http:uad.cg.gov.in से भी देखी जा सकती है।

परमानंद साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत, सरगांव

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, सरगांव
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय संचालक अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर (छ.ग.)
Email-diraabr@gmail.com

// संक्षिप्त निविदा की सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर अंतर्गत कानन पेण्डारी जूलाजिकल गार्डन, बिलासपुर में वन्यप्राणियों के लिए आहार सामग्री अमेरिकन पोर्क (नर) व्हाईट यार्क शायर मटन, मुर्गा (ब्रायलर चिकन), मछली, हरा घास, मौसमी सब्जी एवं मौसमी फल क्रय हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित फर्म से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र/फार्म संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर के कार्यालय से इस निविदा के प्रकाशन के अगले दिन से प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर 1000 रुपए में राष्ट्रीयकृत अथवा कोई भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक ड्राफ्ट संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर के नाम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी कारणवश निविदा सफल नहीं होती है तो आगामी निविदा का निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है :-

क्र.	विवरण	प्रथम निविदा तिथि	द्वितीय निविदा तिथि	तृतीय निविदा तिथि
1	2	3	4	5
1	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	02.06.2025 12.00 PM तक	25.06.2025 12.00 PM तक (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	08.07.2025 12.00 PM तक (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)
2	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	02.06.2025 03.00 PM तक	25.06.2025 03.00 PM तक (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	08.07.2025 03.00 PM तक (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)
3	निविदा फार्म खोले जाने की तिथि एवं समय	02.06.2025 04.00 PM	25.06.2025 04.00 PM (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	08.07.2025 04.00 PM (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)

जी-252600468/2

संचालक
अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर
रिजर्व बिलासपुर (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

पूर्व मंत्री अकबर ने पहलगाम के मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने कड़ी निंदा करते हुए मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने आतंकी हमले में प्राणों की आहुति देने वाले नागरिकों को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग केंद्र सरकार से की है. साथ ही मृतक परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है. मोहम्मद अकबर ने कहा है कि आतंकवादियों की कायराना हरकत से देशवासियों में गुस्सा है. जम्मू-कश्मीर में फंसे नागरिक देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने घर लौटने के लिए परेशान हैं क्योंकि विमानन कंपनियों ने किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है. केंद्र सरकार इन परेशान लोगों को उनके घर भिजवाने के लिए तत्काल व्यवस्था कराए.

112 के आरक्षक से मारपीट, वर्दी फाड़ी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम गुठानीपाली में मारपीट, विवाद की सूचना पर पहुंचे डायल 112 में पदस्थ आरक्षक के साथ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और वर्दी फाड़े जाने संबंधी शिकायत पर थाना सिंघोड़ा में आरोपी के खिलाफजुर्म दर्ज कर लिया गया है। सिंघोड़ा थाने में आरक्षक विजय कुमार मज्जी (27) ने गुठानीपाली निवासी सुभाष तांडी के खिलाफ112 इवेंट के दौरान लडाई झगडा एवं मारपीट करने के संबंध में लिखित आवेदन पेश किया गया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि 24 अप्रैल की रात करीब 8.20 बजे सी 04 रायपुर से सूचना मिली कि अभय साहू के साथ गांव का सुभाष तांडी शराब पीकर गाली गलौज कर रहा है। सूचना पर सिंघोड़ा लाइन 01-112 से चालक कुलेश्वर साव के साथ वह ग्राम गुठानीपाली गया था। गांव में जाकर सूचक अभय साहू से पूछताछ कर सुभाष तांडी को आवश्यक समझाइस दी जा रही थी। लेकिन शराब के नशे में सुभाष उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए वर्दी फाड़ी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुरैना न्यू राजेन्द्र नगर निवासी दीपक टंडन 28 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवी 7239 को मोती महल स्वीट्स पार्किंग के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में कृष्णा नगर कोटा निवासी प्रार्थी मोहम्मद जफ्फु र खान 25 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीई 6226 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

हत्या की नियत से पत्नी पर जानलेवा हमला, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक कार्यालय मंदिरहसौद में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या करने के नियत से लोहे का सूजा को सीने व पीठ पर मारकर चोट पहुंचाया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता तृप्ति मिश्रा नगर पालिका मंदिरहसौद में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि कल दोपहर तृप्ति अपने ऑफिस में काम कर रही थी, तभी उसका तलाकशुदा पति आरोपी दिनेश मिश्रा आया और विवाद करते हुए टेबल में रखे लोहे के सूजा को उठाकर सीना और पीठ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

डोंगरगढ़ बना कचरागढ़ : पशु-पक्षी हो रहे बीमार, उठते धुएं और बदबू ने बढ़ाई परेशानी

डोंगरगढ/नवप्रदेश । एक तरफ सरकार 'वन्यजीव संरक्षण' और 'स्वच्छ भारत' जैसे अभियानों पर करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ नगर पालिका की लापरवाही इन योजनाओं को खुलेआम ठेंगा दिखा रही है। शहर के सरस्वती शिशु मंदिर से बछेरा भांटा रोड से लगे जंगल के किनारे खुलेआम कचरे का अंबार लगाया जा रहा है, वो भी कोई आम कचरा नहीं, बल्कि पॉलिथीन, झिल्ली, मेडिकल वेस्ट और अन्य खतरनाक अपशिष्ट। मणिकंचन केंद्र केवल नाम मात्र का बनाया गया है और पूरे शहर का कचरा उसके पीछे लाकर बिना किसी उचित व्यवस्थापन के डंप किया जा रहा है। जिसके चलते अब डोंगरगढ़ शहर का कचरा जंगल में कई किलोमीटर तक फैल चुका है।

गाय-भैंस और वन्यजीव 'कचरे के शिकार': राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विधानसभा में दिन चढ़ते ही इन कचरे के ढेरों पर आवारा मवेशियों की भीड़ लग जाती है, तो रात होते ही कई जंगली जानवर इन्हीं जहरीले कचरों को भोजन समझकर खा लेते हैं। धीरे-धीरे ये कचरा उनके शरीर को अंदर से खा रहा है लेकिन इससे न नगर पालिका को फर्क पड़ता है, न वन विभाग को लेकिन इन दोनों विभागों की लापरवाही के चलते पर्यावरण जरूर बर्बाद हो रहा है।

डोंगरगढ़ के जंगल में परोसी जा रही जहर : कई बार इस गंभीर मुद्दे को वन्यजीव प्रेमियों द्वारा संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, लेकिन हालात जस के तस हैं। अभी हाल ही में इसी एरिया के मुक्तिधाम में कचरा डंप करने के चलते स्थानीय लोगों ने विरोध किया था लेकिन पालिका के कान में जू तक नहीं रेंगी। स्थिति आज तक जस की तस है उल्टा अब हालत और भी बदतर हो रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन उसका असर जमीन पर नहीं बल्कि फाइलों में नजर आता है। शहर के वार्ड नंबर एक और तीन में मुक्तिधाम के साथ ही शहर के बाहर जो मंजर है।

भूमि विकास नियम में बदलाव से उद्योग और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

■ **एक ही भू-खंड पर कर सकेंगे दोगुना निर्माण**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में किए सुधार के चलते अब उद्योग एक ही भू-खंड पर दोगुना निर्माण कर सकेंगे। इस संशोधन से राज्य में उद्योगों और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचित किए गए हैं।

फ्लैटेड इंडस्ट्रीज के लिए फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 1.5 से बढ़ाकर 3.0 किया गया है। जिससे उद्योग एक ही भूखंड पर अब दोगुना निर्माण कर सकेंगे। इससे विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स को कम लागत में अधिक उपयोग योग्य स्थान उपलब्ध होगा। औद्योगिक प्लॉट्स के लिए ग्राउंड कवरेज को 60 प्रतिशत से ढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही सेटबैक में कमी की गई है, जिससे जमीन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

7.0 तक हो सकेगा कुल एफएआर

नगर पालिका क्षेत्रों और विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों के लिए न्यूनतम 5.0 एफएआर निर्धारित किया गया है। जिन भूखंडों का क्षेत्रफल 5 एकड़ या उससे अधिक है और जिन तक 100 मीटर चौड़ी सड़क की पहुँच है, उन पर एफएआर 5.0 लागू होगा। यदि ये भूखंड सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक (सीबीडी) या ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवल्पमेंट (टीओडी) डोन में आते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 2.0 एफएआर की अनुमति होगी, यानी कुल एफएआर 7.0 तक हो सकेगा।

व्यावसायिक विकास को मिलेगा बढ़ावा : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि, इन सुधारों से राज्य में आधुनिक औद्योगिक और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। नगर और ग्राम निवेश विभाग ने इन संशोधनों को उद्योग हितैषी नीति के तहत तैयार किया है, ताकि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक एवं व्यावसायिक निवेश को बढ़ावा मिल सके।

बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर चल रहे सबसे बड़ा ऑपरेशन

भीषण गर्मी में नक्सलियों से लोहा ले रहे 40 जवान डिहाइड्रेट के शिकार

■ **तेलंगाना के भद्राचलम में किया गया भर्ती**

बीजापुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा था। सबसे बड़े ऑपरेशन के दौरान 40 से ज्यादा जवान डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए हैं। पीड़ित जवानों को सेना के हेलिकॉप्टर से तेलंगाना के भद्राचलम के अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। जवान पिछले चार दिनों से भीषण गर्मी में नक्सलियों से लोहा ले रहे हैं। अब तक तीन नक्सली हुए ढेर,एक जवान भी घायल होने की खबर है।वहीं गुरुवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया। मारे गए पांच नक्सलियों में से 3 महिला नक्सलियों का शव बरामद किया गया था। मारे गए नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 1 की हैं। घटनास्थल से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार बरामद हुआ था।

5 हजार जवानों ने की थी घेराबंदी

बता दें कि, छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र की सीमा पर करीब 5 हजार जवान तैनात किए गए हैं। जवानों ने हिड़मा, दामोदर, देवा समेत कई बड़े लीडर और उनकी बटालियन को घेर लिया था। करीब 300 नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना मिली है। यह ऑपरेशन 12 घंटे से अधिक समय से चल रहा था। इंटेलिजेंस के अनुसार, नक्सलियों के पास पर्याप्त राशन-पानी नहीं है।

वायु सेना के एमआई17 के हेलिकॉप्टर किए गए तैनात

दो दिन पहले ही ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस वायु सेना के एमआई 17 के हेलिकॉप्टर जगदलपुर, बीजापुर, तेलंगाना, आंध्र और महाराष्ट्र में तैनात किए गए। ड्रोन के जरिए पूरे इलाके की निगहबानी की जा रही है। हेलीकॉप्टर के जरिए जवानों की खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। इस ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ समेत देशभर की सुरक्षा एजिंसीयो की नजर टिकी हुई है। बीजापुर समेत महाराष्ट्र और तेलंगाना में पुलिस के आला अधिकारी मौजद हैं। तीन राज्यों से ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही है। जवानों के निशाने पर कररेगुट्टा और नीलम सराय पहाड़ी है,जहां बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल इतिहास के सबसे बड़े ऑपरेशन को लॉन्च किया गया।

नेलांगुर कंपनी ऑपरेटिंग बेस

नक्सलियों के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा ऑपरेशन जारी है। इसके तहत आईटीबीपी और छत्तीसगढ़ पुलिस ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर नेलांगुर कंपनी ऑपरेटिंग बेस (सीओबी) की स्थापना की है। इससे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सुदूर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के गढ़ों पर नियंत्रण स्थापित हो सकेगा।

नक्सलियों की कई कंपनियां मौजूद

इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1,2 समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। बड़े नेता हिड़मा, देवा, विकास समेत तेलंगाना-महाराष्ट्र-आंध्र की सेंट्रल कमेटी, DKSZCM (दंण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी), DVCM (डिविजनल कमेटी मेंबर), ACM (एरिया कमेटी मेंबर), संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स ते नक्सली भी यहां मौजूद हैं।

नक्सलियों से लगातार लड़ रहे हैं जवान

मुठभेड़ को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, पिछले 15 महीने से लगातार हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं। अभी तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने को लेकर सीएम साय ने कहा कि, ऑपरेशन जारी है। थोड़ा इंतजार करना होगा।

सॉलिड वेस्ट फैक्ट्री में आग, हजारों टन प्लास्टिक जलकर खाक

■ **प्लांट मैनेजमेंट की लापरवाही उजागर**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर निगम के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। फैक्ट्री अंबिकापुर नगर निगम के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की फैक्ट्री में आग लगने की खबर सामने आई है। आग काफी भीषण है और इसने फैक्ट्री को काफी नुकसान पहुंचाया है। दरअसल यह पूरी घटना हर्राटिकरा में स्थित प्लांट की है। मिली जानकारी अनुसार फैक्ट्री में रखे हजारों टन प्लास्टिक जलकर खाक हो गए है। सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट में हजारों टन प्लास्टिक कैम्पस में मौजूद थे। यह आग सुबह से लगी थी पर इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दोपहर में दी गई जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। बताया जा रहा है की आग प्लांट के मैनेजमेंट की लापरवाही से लगी है।

हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग

वहीं अंबिकापुर शहर के ही महामाया रोड में स्थित हार्डवेयर दुकान में रविवार 24 फरवरी 2025 को रात में भीषण आग लग गई। दुकान के संचालक पूरे परिवार के साथ दुकान के ऊपर मंजिल पर पर सो रहे थे। परिवार के सभी 6 सदस्यों को छत के रास्ते बाहर निकाला गया था। देखते ही देखते आग इतना बढ़ गया था कि दुकान में रखे लाखों रूपए के सामान जलकर राख हो गए थे। सूचना के पश्चात बड़ी मुश्किलो के बाद दमकल की टीम आग पर काबू कर पाई।

नगर निगम की सामान्य सभा में हंगामा

■ **दो महिला पार्षदों में झूमाझटकी, कांग्रेसी-भाजपाई पार्षद भी भिड़े**

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक के पहले विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। इस दौरान कांग्रेसी पार्षद हाथ में तख्ती लेकर निगम में महापौर के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। हंगामा इतना ब?ा की दो महिला पार्षद आपस में भिड़ गई। जिसके चलते काफी गहमागहमी का माहौल देखने को मिला। विपक्षी आदिवासी परिवार के घर में बुलडोजर चलाने के मामले में हंगामा कर रहे हैं। दरअसल, धमतरी नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक आज होगी। नई टीम के गठन के तीन माह बाद पहली सामान्य सभा की बैठक है। इसके लिए पक्ष-विपक्ष के अलावा निर्दलीय पार्षदों ने कुल 39 प्रश्न लगाए हैं। प्रश्नोत्तर के लिए 1 घंटे का समय रहेगा। संबंधित विभाग के एमआईसी सदस्य जवाब देंगे। आठ एजेंडा में से पांच एजेंडा में 41करोड़ के विकास कार्यों पर चर्चा होगी।

डोगरगढ़ का खूनी रोपवे : पूर्व में दो बार टूटने से दो की मौतों की दर्दभरी दास्तां ! अब संयोगवश बच गए पूर्व मंत्री व भाजपा नेता

रायपुर/नवप्रदेश। बार-बार हादसों के बावजूद डोगरगढ़ मां बम्लेश्वरी माता के दर्शन के लिए लगे रोपवे प्रबंधन कोई सबक नहीं लेता दिख रहा है। वैसे अभी तक दो बार हुई घटनाओं में दो लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार दोपहर मंदिर के पहाड़ी पर स्थित रोपवे की ट्रॉली अचानक रोप से टूटकर गिर गई. हादसे के दौरान ट्रॉली पर पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, भाजपा नेता मनोज अग्रवाल और दया सिंह सवार थे. हादसे में सभी नेताओं को चोटें आई हैं. इस हादसे में भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर किया गया है. फिलहाल रोपवे संचालन को तत्काल रोक दिया गया है.

पहली घटना सन 2016 में 29 फरवरी को ओडिशा से आए व्यवसायी और यूपी के जिले के अम्बेडकर नगर के मूल निवासी बृजभूषण मिश्रा अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ दर्शन करने आए थे। लेकिन नीचे उतरे ही रोपवे 60 फीट ऊपर ही टूट कर पहाड़ी गिर गया था। इसमें गंभीर रूप बृजभूषण मिश्रा घायल हो गए थे और उनकी पत्नी श्रीमती बिंदु मिश्रा की सिर में चोट लगने से मौत हो गई थी। इसके अलावा अन्य तीन लोग घायल हो गए थे। विडंबना देखिए जांच हुई तो प्रशासन ने यह रिपोर्ट दिया कि प्राकृतिक आपदा थी, जबकि सिर में चोट लगने से महिला की मौत हुई थी। वहीं समय से इलाज नहीं मिल पाने और गलत इंजेक्शन लगने से महिला की मौत हो गई थी। जैसा की परिजनों का कहना था। लेकिन क्या करें न्याय की लड़ाई कैसे लड़े। थकहार कर फिर उन लोगों ने पैरवी करनी छोड़ दिया । हैरतवाली बात है कि उस समय आईएएस मुकेश बंसल कलेक्टर के रूप में राजनांदगांव में तैनात थे। उन्होंने मीडिया में बयान था कि हादसा प्राकृतिक थी और महिला हार्ट की पेशंट थीं। जबकि हकीकत थी क्या थी, यह जानने की कोशिश ही नहीं हुई। अंत में प्रशासन न तो रोपवे कंपनी से मृतक के परिजनों को मुआवजा दिला पाया और न ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। अभी वर्तमान में रोपवे में क्या उस वक्त की कंपनी ही कर रही है कि या दूसरी यह तो जांच का विषय है। क्या हैं प्रशासन किसी आम आदमी की मौत पर कुछ भी न कार्रवाई कर पाता है न ही न्याय दिला पाता है। क्योंकि रसूखदारों के आगे घुटने टेक देता है।

इसके अलावा दूसरी घटना स्र्द्दद्व 23, 2021 को हुई थी। जिसमें रोपवे गिरने से उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया था। लेकिन मौत के जिम्मेदारों को जेल की हवा प्रशासन नहीं खिला पाया। क्योंकि जांच रिपोर्ट में ऐसा कारण बता दिया जाता है कि जिससे वे लोगों के जान लेने वाले जिम्मेदार बेगुनाह हो जाते हैं। ऐसा प्रमाण देने वाले अधिकारी भी इस महापाप के भागी बन जाते हैं।

नक्सल मुक्ति की ओर नारायणपुर जिले में कैंप से ग्रामीणों में नक्सलियों का भय समाप्त होगा

अबूझमाड़ के महाराष्ट्र से लगे बार्डर पर गांव नीलांगूर में खोला गया सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप

नारायणपुर/नवप्रदेश । नारायणपुर जिले के नीलांगूर में सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप खोला गया है। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सिमा को जोड़ने वाली पहुंचमार्ग को पूरी तरह पूर्ण कर लिया गया है। नेलांगुर अबूझमाड़ में महाराष्ट्र सीमा पर नारायणपुर का आखिरी गांव है। नक्सलियों के पोलित ब्यूरो सदस्यों और सेंट्रल कमेटी सदस्यों के तथाकथित गढ़ में सुरक्षा बल पहुंचे हैं। जिससे माओवादी संगठन ध्वस्त हो रहा है माओवादी संगठन में जुड़े नक्सली सदस्य अत्याधिक संख्या में आत्म समर्पण की ओर अग्रसर है। निश्चित ही नक्सल मुक्त बस्तर की कल्पना साकार रूप ले रहा है।

क्षेत्र में समस्त विकास की बहेगी गंगा : ग्रामीणों ने पुलिस कैम्प का स्वागत किया। मुख्यरूप से बिजली, नल-जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोड इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी गई है। जिसे जल्द पूर्ण कराए जाने के साथ ही 'जन समस्या निवारण शिविर का आश्वासन दिया गया। नियद नेल्लानार अंतर्गत विकास की सभी योजनाओं का पूर्ण रूप से कियान्वयण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव तक पहुंचाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 छ्व निर्माण में तेजी आएगी। पदमकोट नेलांगुर के बाजार में भी रौनक देखने को मिली। विकास कार्यों की मांग रखी भी रखी गई। सड़क पर होर्डिंग लगाई गई छत्तीसगढ़ में आपका स्वागत है। छत्तीसगढ़ सीमा समाप्त के साथ नागपुर और मुंबई से लेकर जगदलपुर और रायपुर तक की दूरी का सूचक बोर्ड भी लगाया गया। पूरब से पश्चिम दिशा की ओर नारायणपुर से 65 किलोमीटर सड़क की पहुंच पूर्ण। नक्सल विरोधी अभियान अब और भी प्रभावी होंगे।

ग्रामीणों में तेजी से घट रहा है नक्सलियों का भय

ग्राम नेलांगुर में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्राम नेलांगुर तहसील व थाना कोहकामेटा व ओरछा ब्लाक क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। नवीन कैम्प थाना कोहकामेटा से 31 कि.मी. दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित है। पदमको-नेलांगुर में सुरक्षा एवं जन सुविधा पुलिस कैम्प खुलने और बाजार लगने से लोगों को उनके मूलभूत दैनिक उपयोगी सामग्री उपलब्ध होने से रौनक दिखी है। सुरक्षा बलों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी पहुंच और निगरानी, स्थानीय लोगों को नक्सल हिंसा से निजाद दिलाने में मदद मिलेगी। यह कदम नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए कारगर रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com